जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT




The Female Coloniser Of India

Maria, who came to India as Mrs. Imhoff and ended up marrying Hastings, finds a place in the book for her 'love affair.' According to the author, "Her wit and vivacity together with Calcutta's own rather looser morality apparently put her quite beyond the reach of scandal."

Securing A Work Visa



गृह मंत्री अमित शाह ने जयपुर के एक होटल में भाजपा कोर कमेटी सदस्यों की मीटिंग ली। मीटिंग के दौरान अमित शाह ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बातचीत करके चुनाव प्रचार कार्यक्रमों का फीडबैक लिया।

# दिल्ली में विपक्ष का सहानुभूतिक गठबंधन, मोदी सरकार को जमकर कोसा

## विपक्ष ने लोकतंत्र को बचाने के लिए देश के सामने पांच सूत्रीय मांग रखी, जिसे कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने पेश किया

नई दिल्ली, 31 मार्च। दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्ष का सहानुभूतिक गठबंधन देखा गया, विपक्ष ने एकजुट होकर मोदी सरकार को कोसा। लोकतंत्र बचाओ महरैली में विपक्ष एकजुट नज़र आया। रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, महबूबा मुफ्ति, फारुक अब्दुल्ला, उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, शरद पवार आदि मौजूद रहे। साथ ही अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल एवं हेमंत सोरेन की पत्नी ने भी रैली को संबोधित किया।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस लोकसभा चुनाव में "मैच फिक्सिंग" की कोशिश कर रहे हैं, ताकि भारी बहुमत से चुनाव जीतकर संविधान खत्म किया जा सके। गांधी ने "इंडिया" गठबंधन की "लोकतंत्र बचाओ महारैली" में लोगों का आ ान किया कि, वे इस "मैच फिक्सिंग" को रोकने के लिए पूरी ताकत से मतदान करें, क्योंकि यह संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है।

उन्होंने दावा किया, "ये बिना मैच फिक्सिंग, बिना ई.वी.एम. एवं सोशल मीडिया और प्रेस पर दबाव डाले बिना 180 पार नहीं होने जा रहे हैं।' राहुल गांधी ने कहा, 'कांग्रेस सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है। चुनाव के बीच में ही सबसे बड़े विपक्षी दल के खाते फ्रीज कर दिए।' उन्होंने दावा किया, 'धमकाया जाता है, सरकारों को गिराया जाता है, नेताओं को जेल में डाल दिया जाता है...यह मैच फिक्सिंग नरेंद्र मोदी और तीन-चार सबसे बड़े अरबपति मिलकर कर रहे हैं।'

- राहुल गांधी ने भाजपा के 400 पार के नारे पर तंज कसते हुये, आई.पी.एल. मैच की तरह मोदी सरकार पर चुनावों को फिक्स करने का आरोप लगाया।
- अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल एवं हेमंत सोरेन की पत्नी ने भी रैली को संबोधित किया।
- मंच पर अरविंद केजरीवाल के बड़े-बड़े पोस्टर नज़र आये।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सत्ता में बैठे अन्य लोगों को भगवान राम का यह संदेश याद रखना चाहिए कि, सत्ता सदा नहीं रहती और अहंकार चूर-चूर हो जाता है। उन्होंने रामलीला मैदान में आयोजित विपक्ष की 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' के दौरान भगवान राम और रामायण का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री और भाजपा पर निशाना साधा।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 'ब्रह्मांड की सबसे झूठी पार्टी' करार देते हुए कहा कि, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पूरी दुनिया में भाजपा की 'थू-थू' हो रही है। उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन की 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' में यह सवाल भी किया कि, अगर भाजपा को '400 पार' में इतना ही भरोसा है, तो वह इतनी घबराहट में क्यों नजर आ रही है? उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारियों का उल्लेख करते हुए दावा किया कि, पूरी दुनिया में भाजपा की 'थू-थू' हो रही है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के प्रमुख शरद पवार ने कहा कि, विपक्ष के नेताओं के खिलाफ जिस तरह से कार्रवाई हो रही है, वो देश के लोकतंत्र और संविधान पर हमला है। उन्होंने कहा, 'हम लोगों के लिए सोचने का समय आ गया है। केजरीवाल को जेल भेजा, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री (सोरेन) को जेल भेजा। इससे पहले दिल्ली, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के कई नेताओं को जेल भेजा गया। यह कार्रवाई संविधान पर हमला है।'

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को केंद्र सरकार पर "अघोषित आपातकाल" लागू करने का आरोप लगाया और दावा किया कि, "मोदी की गारंटी" चाइनीज माल वाली गारंटी है जो सिर्फ चुनाव तक रहेगी। उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन की 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' में 1990 के दशक की फिल्म "साजन चले ससुराल" के

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# अमित शाह ने जयपुर में लोकसभा कोर कमेटियों की बैठक की अध्यक्षता की

## अमित शाह ने सभी 25 सीटों पर "हैट्रिक" लगाने के लिये कोर कमेटी सदस्यों से सुझाव मांगे

जयपुर, 31 मार्च (का.सं.)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को जयपुर के एक निजी होटल से लोकसभा चुनाव प्रचार कार्यक्रम का आगाज किया। इस दौरान उन्होंने आठ लोकसभा क्षेत्रों के क्लस्टर प्रभारियों की बैठक ली और चुनावी प्रबंधन के साथ रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। वहीं क्लस्टर कोर कमेटी की संयुक्त बैठक में कमेटी के सदस्यों को केंद्रीय नेताओं के प्रवास के दौरान प्रचार-प्रसार संबंधी सभी विषयों पर गहन मंथन किया।

बैठक में शाह ने प्रदेश की सभी 25 सीटों पर हैट्रिक लगाने के लिए काम के बंटवारे और आगामी रणनीति पर कोर कमेटी सदस्यों से सवाल किये। साथ ही कमेटी सदस्यों से इस संबंध में सुझाव भी लिये। उन्होंने कहा कि, भाजपा 370 और एन.डी.ए. 400 पार के नारे में हम सब नेताओं की सहभागिता तय करनी होगी। बैठक में पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता और पन्ना प्रमुख को जिम्मेदारी दी जाएगी। गृहमंत्री शाह ने बैठक में कहा कि, इस बार लोकसभा चुनाव में 15 प्रतिशत ज्यादा मार्जिन से जीतने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके लिए बूथ प्रबंधन मजबूत करना होगा साथ ही शक्ति केंद्र प्रभारियों और पन्ना प्रमुख से लेकर हर कार्यकर्ता की चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। कार्यकर्ताओं को सहजता से सहयोग कर पार्टी को मजबूत करने के लिए दिशा निर्देश भी दिए।

- अमित शाह ने कहा, भाजपा 370 और एन.डी.ए. 400 पार के नारे में हम सब नेताओं की सहभागिता तय करनी होगी।

बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी, प्रदेश चुनाव प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे, प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा, वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़, कोर कमेटी के पदाधिकारी, क्लस्टर प्रभारियों सहित संबंधित लोकसभा क्षेत्रों से विधायक और अन्य नेता मौजूद रहे।

# आडवाणी को मिला भारत रत्न सम्मान

नई दिल्ली, 31 मार्च (वार्ता) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी के आवास पर जाकर उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया।

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी के आवास पर जाकर उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया।

राष्ट्रपति सचिवालय ने बाद में सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा , राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लालकृष्ण आडवाणी को उनके आवास पर भारत रत्न प्रदान किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़,

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# भाजपा ने भीलवाड़ा सीट पर दामोदर अग्रवाल को बनाया प्रत्याशी

## सभी 25 लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की घोषणा पूरी हुई, 11 मौजूदा सांसदों के टिकट बदले

जयपुर, 31 मार्च (का.सं.)। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने राजस्थान की शेष रही भीलवाड़ा लोकसभा सीट पर भी रविवार को प्रत्याशी घोषित कर दिया। प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल को प्रत्याशी बनाया है। मौजूदा सांसद सुभाष बहेड़िया का टिकट काट दिया है। भाजपा ने राजस्थान की 25 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है।

11 मौजूदा सांसदों के टिकट काटे, उनमें से बांसवाड़ा (एस.टी.) में कनकमल कटारा की जगह महेंद्र जीत सिंह मालवीया को टिकट दिया है। भरतपुर (एस.सी.) से रंजीता कोली की जगह रामस्वरूप कोली, चूरू से राहुल कस्वां का टिकट काटकर पैरा ओलिंपियन देवेंद्र झाझड़िया, जालोर-सिरोही से देवजी पटेल की जगह लुंबाराम चौधरी, उदयपुर (एस.टी.) रिज़र्व सीट से अर्जुनलाल मीणा की जगह मन्नालाल रावत, जयपुर सांसद रामचरण बोहरा की जगह मंजू शर्मा, झुंझनूं सांसद नरेंद्र कुमार की जगह शुभकरण चौधरी, श्रीगंगानगर सांसद निहालचंद मेघवाल की जगह प्रियंका बैलान, धौलपुर-करौली से सांसद मनोज राजोरिया की जगह इंदुदेवी जाटव और दौसा से जसकौर मीणा की जगह कन्हैयालाल मीणा को उम्मीदवार बनाया है। वहीं भीलवाड़ा से सुभाष बहेड़िया की जगह दामोदर अग्रवाल को मैदान में उतारा। सुभाष बहेड़िया ने लोकसभा चुनाव 2019 में राजस्थान में सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी।

उन्होंने कांग्रेस के रामपाल शर्मा को 6 लाख 13 हजार 015 वोटों से हराया था। बहेड़िया को 9 लाख 38 हजार 160 वोट मिले थे। वहीं रामपाल शर्मा को 3 लाख 25 हजार 145 वोट मिले थे।

# सचिन पायलट सहित चालीस नेता स्टार प्रचारकों की लिस्ट में

नई दिल्ली, 31 मार्च। देश में लोकसभा चुनावों को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ी हुई है। इस बीच, कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है।

इस लिस्ट में मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, डीके शिवकुमार,

- कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, डीके शिवकुमार, दिग्विजय सिंह, सचिन पायलट और अन्य शामिल हैं।

दिग्विजय सिंह, सचिन पायलट और अन्य शामिल हैं।

कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया प्लटेफॉर्म एक्स पर लिखा, लोकसभा आम चुनाव का पहला चरण जो 19 अप्रैल 2024 से निर्धारित है उसके लिए प्रदेश के स्टार प्रचारकों की सूची निम्नलिखित है।

सभी नेतागणों को बहुत-बहुत बधाई। आपके मार्गदर्शन में प्रदेश इस बार जीत के सारे रिकॉर्ड तोड़ेगा और इंडिया गठबंधन सरकार बनाने का विजय मार्ग प्रशस्त करेगा।

लोकसभा आम चुनाव का पहला चरण जो 19 अप्रैल 2024 से निर्धारित है उसके लिए प्रदेश के स्टार प्रचारकों की सूची निम्नलिखित है।

# पूर्वोत्तर व बंगाल में तूफान और बारिश का कहर

गुवाहाटी, 31 मार्च। पश्चिम बंगाल समेत पूर्वोत्तर के कई हिस्सों में हुई भारी बारिश और तूफान ने वहां तबाही वाला मंजर ला दिया है। अचानक हुई तेज बारिश-तूफान और ओलावृष्टि से असम में जहां लोगों के घरों, फसलों को नुकसान पहुंचा है। वहीं, गुवाहाटी में स्थित गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर भी पानी भर गया है। एयरपोर्ट के अंदर आई बाढ़ के कारण वहां दीवारों, छतों को भारी नुकसान पहुंचा है। पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 70 लोग घायल हो गए।

- प. बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 70 लोग घायल हो गए।

गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के बारे में वहां के सीएओ उत्पल बरुआ ने बताया कि भारी बारिश और तूफान के कारण एक पेड़ उखड़ गया है, जिसे टर्मिनल तक लोगों और ईंधन की आपूर्ति में बाधा आई है। इसके अलावा, मौसम की बदली दशाओं के कारण कुछ देर के लिए परिचालन को भी रोकना पड़ा। इतना ही नहीं, कई उड़ानों को भी डायवर्ट करना पड़ा है।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# कमलनाथ पर शिंकजा कसेगी ई.डी.

इंदौर, 31 मार्च। ई.डी. अब मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर भी बहुत जल्द शिकंजा कस सकती है। मध्यप्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने बताया कि, आयकर विभाग की रिपोर्ट में भी कमल नाथ और उनके करीबी घेरे में आ गए हैं। पूर्व सीएम के खिलाफ भ्रष्टाचार के साक्ष्य मिल चुके हैं। ऐसे में स्पष्ट है कि ईडी कभी भी कार्रवाई कर सकती है।

वी.डी. शर्मा ने मीडिया से बातचीत में यह बातें कहीं। उन्होंने बताया कि कमल नाथ के खिलाफ ई.डी. को सबूत मिले हैं। उनके कई करीबियों के भ्रष्टाचार के भी खासे सबूत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकों के एवज में करोड़ों का लेन-देन किया गया। इसमें नगद राशि ली गई। उनके करीबी लोगों की दो कंपनियों की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है। 2019 में कांग्रेस मुख्यालय और कमल नाथ के निवास पर ठेके तय किए। ईडी को साक्ष्य मिल चुके हैं।

- मध्यप्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने बताया कि, आयकर विभाग की रिपोर्ट में भी कमलनाथ और उनके करीबी सवालों के घेरे में आ गए हैं। पूर्व मु.मंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार के साक्ष्य मिल चुके हैं। ऐसे में स्पष्ट है कि, ई.डी. कभी भी कार्रवाई कर सकती है।

वीडी शर्मा ने दिल्ली में इंडिया

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'भाजपा की टी.आर.पी. ज्यादा इसलिए सबसे ज्यादा चंदा मिलता है'

## नितिन गडकरी ने इलैक्टोरल बॉण्ड मसले पर कहा कि, भाजपा को सत्तारूढ़ पार्टी होने के कारण ही सबसे ज्यादा चंदा मिला है

नई दिल्ली, 31 मार्च। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर तेज होती सरगर्मियों के बीच केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इलेक्टोरल बॉन्ड पर विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया। कहा कि, जैसे टीवी जगत में जिनकी टीआरपी ज्यादा होती है, उन्हें टीवी पर भी अच्छे रेट पर विज्ञापन मिलते हैं। उसी तरह आज हम सत्ताधारी दल हैं तो इसलिए हमे ज्यादा चुनावी चंदा मिला। गडकरी ने प्र.मंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के 370 सीट जीतने के लक्ष्य पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि, आगामी चुनाव में पार्टी का लक्ष्य दक्षिण भारत से पूरा होगा। हमने तमिलनाडु, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में काफी मेहनत की है, जिसका नतीजा चुनाव में दिखेगा।

अपने स्थानीय आवास पर दिए इंटरव्यू में नितिन गडकरी ने कहा कि, उनके मन में इस बात को लेकर कोई भी संदेह नहीं है कि, भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए इस बार 400 सीट के आंकड़े को पार कर लेगी। पिछले 10 सालों में सरकार द्वारा किए गए कार्यों के कारण मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री का कार्यभार संभालेंगे।

नितिन गडकरी ने कहा, टेलीविजन मीडिया में भी जिसके पास ज्यादा टीआरपी होती है, उसे अच्छे और उच्च दरों में विज्ञापन मिलते हैं और जिनकी टीआरपी कम होती है, उन्हें कम रेट में विज्ञापन मिलते हैं।

- गडकरी ने प्र.मंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के 370 सीट जीतने के लक्ष्य पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि, आगामी चुनाव में पार्टी का लक्ष्य दक्षिण भारत से पूरा होगा। हमने तमिलनाडु, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में काफी मेहनत की है, जिसका नतीजा चुनाव में दिखेगा।
- एक इंटरव्यू में नितिन गडकरी ने कहा कि, उनके मन में इस बात को लेकर कोई भी संदेह नहीं है कि, भाजपा के नेतृत्व वाली एन.डी.ए. इस बार 400 सीट के आंकड़े को पार कर लेगी। पिछले 10 सालों में सरकार द्वारा किए गए कार्यों के कारण मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री का कार्यभार संभालेंगे।

आज हम सत्ताधारी दल हैं, इसलिए हमे ज्यादा चंदा मिला। कल कोई और दल पॉवर में आएगा तो उसे ज्यादा चंदा मिलेगा।

नितिन गडकरी का कहना है कि, आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी की मौजूदा 288 सीट में अतिरिक्त सीट दक्षिण भारत से जुड़ेंगी और प्र.मंत्री नरेंद्र मोदी का 370 का लक्ष्य पूरा होगा। उन्होंने कहा कि, हमने तमिलनाडु, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में काफी मेहनत की है। हमारी असली ताकत कार्यकर्ताओं की ताकत है। गडकरी ने कहा कि, पिछले कुछ वर्षों में भाजपा अपने कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के कारण मजबूत होकर उभरी है और विपक्ष को भी लोगों का विश्वास हासिल करने के लिए प्रयास करना होगा।

उन्होंने इन आरोपों को खारिज किया कि, मोदी सरकार विपक्ष को कमजोर करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि, भाजपा के प्रतिद्वंद्वियों को लोगों का विश्वास जीतकर विपरीत परिस्थितियों से उबरने का प्रयास करना चाहिए। गडकरी ने कहा, क्या विपक्ष को कमजोर या मजबूत बनाना हमारी जिम्मेदारी है? जब हमारे पास सिर्फ दो सांसद थे और हम कमजोर थे तो हमें सहानुभूति के तौर पर कभी कोई पैकेज नहीं मिला।

## विचार बिन्दु

सबकी आत्मा एक जैसी है, सबकी आत्मा की शक्ति एक समान है। कुछ की शक्ति प्रकट हो गयी है और दूसरों की प्रकट होनी बाकी है। –महात्मा गाँधी

# हमारा सपना: देश का हर नागरिक खुशहाल हो!

वर्ल्ड हैप्पीनेस (विश्व खुशहाली) रिपोर्ट, 2024 आ गई है और भारत की स्थिति इसमें पिछले बरस वाली ही है। 143 देशों की इस सूची में हम 126वें स्थान पर हैं। लगातार सातवें बरस फिनलैण्ड इस सूची में शीर्ष पर है। सूची में सबसे नीचे है अफ़गानिस्तान। लगभग एक दशक तक शीर्ष 20 स्थानों में टिके हुए अमरीका और जर्मनी इस बार फिसल कर क्रमश: 23वें और 24वें स्थान पर चले गए हैं जबकि कोस्टारिका और कुवैत पहली बार शीर्ष बीस में जगह पा गए हैं।

जब भी ऐसी कोई रिपोर्ट आती है, और आम तौर पर वह पश्चिम से ही आती है, उसमें भारत बहुत अच्छी स्थिति में नहीं होता है। इस पर स्वभावत: हमारे यहां कई तरह की प्रतिक्रियाएं होती हैं। सबसे पहले तो हमारी सरकार उस रिपोर्ट को नकारती है। फिर हममें से बहुत सारे लोग भी उन मानदण्डों पर सवाल उठाते हैं जो पश्चिम के लिए अनुकूल और हमारे लिए अनुपयुक्त होते हैं। इस तरह की रिपोर्ट कितने कम लोगों से पड़ताल कर बनाई जाती है, इस पर भी यह कहते हुए आपत्ति की जाती है कि उस रिपोर्ट की विश्वसनीयता संदिग्ध है। बहुतों को लगता है कि ऐसी रिपोर्ट्स भारतीय हितों और प्रतिष्ठा को आहत करती हैं। लेकिन कुछ अन्य लोग इस तरह की रिपोर्ट्स से आहत होने की बजाय आत्मावलोकन और स्थितियों को बेहतर बनाने की ज़रूरत पर बल देते हैं। ऐसा नहीं है कि ये लोग औरों की तुलना में कम देशभक्त हैं। बस, इनका सोचने का नज़रिया अलहदा होता है। इधर इस तरह की रिपोर्ट्स से क्षुब्ध होकर यह भी कहा जाने लगा है कि क्यों न भारत ख़ुद अपने सर्वेक्षण करे और अपनी रिपोर्ट्स ज़ारी करे! शायद इस दिशा में कुछ प्रयत्न होने शुरू हुए भी हैं। इन प्रयत्नों के परिणामों के आने से पहले कुछ भी कहना अनुचित होगा। कामना करें कि ये प्रयत्न वस्तुनिष्ठ और ईमानदार हों और खींच तान कर अपने देश को ऊपर लाने के मोह से बचे रहें।

फिलहाल, हम एक बार फिर इसी रिपोर्ट की तरफ लौटते हैं। जैसा कि बताया जाता है, यह रिपोर्ट तैयार करने के लिए जिन मापदण्डों का सहारा लिया जाता है उनमें व्यक्ति द्वारा स्वयं अपनी खुशहाली का आकलन, प्रतिव्यक्ति जीडीपी, सामाजिक संबल, स्वस्थ जीवन प्रत्याशा, स्वतंत्रता, उदारता और भ्रष्टाचार की स्थितियां प्रमुख हैं। हेलसिंकी विश्वविद्यालय से संबद्ध एक शोधकर्ता का कहना है कि फिनलैण्ड वासियों का प्रकृति से नज़दीकी रिश्ता, उनके दैनंदिन जीवन में विद्यमान जीवन और काम का आदर्श संतुलन, कामयाबी के बारे में उनका भिन्न दृष्टिकोण, ऐसी जीवन दृष्टि जो आर्थिक उपलब्धियों को बहुत ज़्यादा अहमियत नहीं देती है, सही अर्थों में कल्याणकारी समाज व्यवस्था, सरकारी संस्थाओं पर जनता का भरोसा, बहुत कम भ्रष्टाचार और सबके लिए सुलभ शिक्षा व चिकित्सा सुविधाएं उन कुछ ख़ास बातों में से हैं जिनकी वजह से यह देश खुशहाली के मामले में शीर्ष पर बना हुआ है। ज़्यादा कुछ कहने की ज़रूरत नहीं है, हम ख़ुद इन मापदण्डों पर स्वयं को परख सकते हैं! मैं यह भी जानने को उत्सुक हूं कि कि अगर खुशहाली के ये पैमाने अनुचित व अतार्किक हैं तो ऐसे कौन–से पैमाने हो सकते हैं जिन पर हम किसी का–कहें अपना–आकलन कर सकते हैं! किसी भी सूची में भारत अगर बहुत नीचे आता है तो हममें से किसी भी भारतीय को प्रसन्नता नहीं होती है। हम चाहते हैं कि हमारा देश बेहतर रेटिंग पाए। लेकिन उसके लिए ख़ुद हमें भी काफी कुछ करना होगा। यह विचार किया जाना चाहिए कि हमारे यहां चिकित्सा, स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं की स्थिति क्या है? और ज़्यादा तो क्या बात करें, क्या हम अपने नागरिकों को शुद्ध पेयजल भी सुलभ करा सके हैं? क्या हमारा राज्य सही मानों में कल्याणकारी राज्य है? क्या हमें अपनी सरकारी संस्थाओं पर पूरा भरोसा है? क्या हम उनके सहारे सुखी और संतुष्ट रह सकते हैं? क्या हमें अपने रोज़मर्रा के जीवन में भ्रष्टाचार का सामना नहीं करना पड़ता है? वह पहले से कम हुआ है या ज़्यादा हुआ है? गरीब और अमीर के बीच की खाई कम हुई है या ज़्यादा चौड़ी हुई है? और सबसे अंत में यह बात, कि क्या आम आदमी अपने सीने पर हाथ रखकर यह कहने की स्थिति में आ गया है कि वह खुशहाल है? आप उनकी बात छोड़ दीजिए जिनके यहां पैसा बरस रहा है, और उनकी बात भी छोड़ दीजिए जिन्हें अपने ख़ास राजनीतिक चश्मे की वजह से चारों तरफ हरा ही हरा दीखता है।

**संयुक्त परिवार अतीत की बात हो चुके हैं। नई पीढ़ी शिक्षा, काम और रोज़गार के लिए घर से दूर, बहुत दूर जाने में संकोच नहीं करती है और यह पीढ़ी अपने मां-बाप के प्रति लगाव की वजह से उन्हें अपने साथ भी रखना चाहती है, लेकिन वृद्ध मां-बाप अपनी ज़मीन को छोड़कर खुश नहीं रह पाते हैं।**

अब एक और बात। मैंने जिस रिपोर्ट की चर्चा से अपनी बात शुरू की है उसमें एक बात यह रेखांकित की गई है कि उत्तरी अमरीका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैण्ड को छोड़कर शेष विश्व में वृद्धों की तुलना में युवा लोग अधिक खुशहाल पाए गए हैं। जिन तीन देशों का अभी नाम लिया गया है उनमें 2006–2010 की तुलना में युवाओं की खुशहाली में कमी देखी गई है। इस बार की रिपोर्ट में एक पूरा अध्याय भारत में उम्रदराज़ वयस्कों की खुशहाली के अध्ययन को भी समर्पित है। यहीं यह बात भी याद रखने की है कि भारत साठ साल से ऊपर वाले 14 करोड़ लोगों के कारण वृद्ध आबादी वाला दुनिया कादूसरा सबसे बड़ा देश है। इस मामले में हम चीन से थोड़ा ही पीछे हैं। और जैसे इतना ही काफी न हो, भारत में इस आयु वर्ग के लोगों की वृद्धि दर देश की सकल जनसंख्या की वृद्धि दर से तिगुनी है। इसलिए जनसंख्या के इस बड़े हिस्से की खुशहाली की बात करना बहुत ज़रूरी हो गया है। यह अध्याय बताता है कि भारत में वैवाहिक स्थिति, सामाजिक संलग्नताएं और दैहिक स्वास्थ्य भी वृद्धजन की खुशहाली की अनुभूति को प्रभावित करते हैं। रिपोर्ट कहती है कि भारत में वृद्धजन वहीं अपना शेष जीवन बिताना पसंद करते हैं जहां वे अब तक रहे हैं, यह भी कि वे अपनी स्वतंत्रता चाहते हैं और सामाजिक रिश्ते उन्हें आकर्षित करते हैं। यहीं यह उल्लेख किया जा सकता है कि भारत में पारिवारिक ढांचा बड़े बदलाव के दौर से गुज़र रहा है। संयुक्त परिवार अतीत की बात हो चुके हैं। नई पीढ़ी शिक्षा, काम और रोज़गार के लिए घर से दूर, बहुत दूर जाने में संकोच नहीं करती है और यह पीढ़ी अपने मां–बाप के प्रति लगाव की वजह से उन्हें अपने साथ भी रखना चाहती है, लेकिन वृद्ध मां–बाप अपनी ज़मीन को छोड़कर खुश नहीं रह पाते हैं। अपने घर में वे जिस जीवन शैली के अभ्यस्त हो जाते हैं, बच्चों के यहां उन्हें उस जीवन–शैली के साथ जो समझौते करने होते हैं वे भी उन्हें रास नहीं आते हैं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि अधिक आयु के वे भारतीय जो विवाहित हैं और शिक्षित भी हैं वे अन्यों की तुलना में अधिक खुश महसूस करते हैं। अलबत्ता इस आयु वर्ग की स्त्रियां पुरुषों की तुलना में कम खुश पाई गई हैं। लेकिन जहां स्त्रियां सामाजिक रूप से सक्रिय हैं और जिन्हें पारिवारिक व सामाजिक संबल प्राप्त है, वे अपेक्षाकृत खुश हैं। हां, जिन पुरुषों के रहन–सहन की व्यवस्था सही नहीं है, जिन्हें तरह–तरह के भेदभाव सहन करने पड़ रहे हैं और जो अपनी सेहत की स्थिति से असंतुष्ट हैं, उनकी खुशहाली का स्तर नीचा है। यह रिपोर्ट इस बात को नकारती है कि इस आयु वर्ग में खुशहाली का कोई सीधा रिश्ता आर्थिक संपन्नता से है। इस वर्ग की खुशहाली उनके रहन–सहन की सुविधाओं, बेहतर सेहत और इस बोध से कि उनके साथ कोई भेद भाव नहीं बरता जा रहा है, निर्धारित होती है।

ऊपर जो बातें कही गई हैं, सामान्यत: उनसे असहमति का कोई कारण नज़र नहीं आता। मुझे इस बात को लेकर विवाद अनावश्यक लगता है कि कोई देश विशेष हमसे ऊपर या नीचे क्यों है! असल में विवाद नीचे होने पर तो होता नहीं, ऊपर होने पर ही होता है। वैसे ऐसी असहमति हर बात पर हो सकती है। वह असहमति हमेशा तार्किक हो, यह भी ज़रूरी नहीं है। मेरा तो मानना यह है कि इस तरह के सर्वेक्षण और रिपोर्ट्स हमें आईना दिखाने का काम करते हैं। इनकी आलोचना में अपनी ऊर्जा नष्ट करने की बजाय अगर उतनी ही ऊर्जा हम अपने यहां के हालात को बेहतर बनाने में लगाएं तो वह ऊर्जा का सही उपयोग होगा। आज़ादी के बाद से अब तक देश में काफी कुछ हुआ है। मैं उनसे सहमत नहीं कि सत्तर बरस में कुछ भी नहीं हुआ है। लेकिन यह बात भी उतनी ही सही है कि अभी हमें अपनी मंज़िल नहीं मिली है। हमारे देश का हर नागरिक खुशहाल हो, उसे एक सम्मानप्रद और गरिमापूर्ण जीवन मिले, हमारा देश सही अर्थों में एक कल्याणकारी राज्य बने, आम जन को उनकी ज़रूरत की सारी चीज़ें और सुख सुविधाएं बिना प्रयत्न और बिना अपमान (मुफ्तखोरी की बात कहना भी एक अपमान ही है!) के मिले – यह हम सबका सपना होना चाहिए। सपना भी, और संकल्प भी!

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल,**
**(शिक्षाविद और साहित्यकार)**

# भोजन एवं जीवनशैली दीर्घायु जीवन के आधार हैं



डॉ. रामावतार शर्मा

मनोवैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो मनुष्य ने सदैव ही शतायु जीवन की आकांक्षा रखी है। यही कारण है कि पूरे विश्व में प्राचीन देवता, ऋषि मुनि और कई शासकों के सैंकड़ों साल तक जिंदा रहने की कल्पनाएं की गई हैं। इन जन धारणाओं के आज के वैज्ञानिक दौर में भी जिंदा रहने का सबसे प्रमुख कारण हर मनुष्य की अपनी दीर्घायु की कामना है। लोग कहते रहते हैं कि एक दिन मृत्यु सब को आने वाली है पर चंद लोग ही ऐसा कहते सुने गए हैं कि एक दिन मेरी भी मृत्यु आने वाली है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हर व्यक्ति की सोच में अमरत्व छिपा बैठा होता है। परंतु अमरत्व धरती पर न तो कर्म से मिलने वाला है और न ही त्याग तपस्या से! परंतु जिंदगी का शतक तो संभव है और शतक भी स्वस्थ और क्रियाशील शरीर के साथ लगाया जा सकता है। अमरत्व अगर कल्पना मात्र है तो सौ साल का जीवन संभव है और यह हमारे जीवन का एक लक्ष्य भी होना चाहिए।

सामाजिक सक्रियता एवम् उपयोगिता, समयानुसार पौष्टिक आहार और स्वस्थ आदतों के सहारे शतायु जीवन संभव है। सन 1945 के बाद से चिकित्सा विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी के विकास तथा परिवहन की सुविधाओं के फलस्वरुप शतायु एवम् स्वस्थ लोगों की संख्या विश्व में लगातार बढ़ती जा रही है। सन 1900 से पहले दुनिया में गिने चुने लोग ही सौ साल के हुआ करते थे। हाल ही में 2021 की गणना के अनुसार विश्व में 5,73,000 शतायु लोग पंजीकृत हुए हैं। अंदाजा लगाया जा रहा है कि सन 2050 तक विश्व में तीन करोड़ सत्तर लाख लोग सौ साल की उम्र का आनंद ले रहे होंगे, वे अपने जन्मदिन को तीन अंकों में लिख रहे होंगे। जब तीन चार करोड़ लोग ऐसा कर सकेंगे तो दस करोड़ क्यों नहीं ऐसा कर सकेंगे या फिर हर व्यक्ति इस उद्देश्य को क्यों न प्राप्त कर पाएगा? यहां यह कहना उचित होगा कि शतायु जीवन तो संभव है परंतु यह थाली में परोसा नहीं मिलेगा बल्कि इसको पाने के लिए आपको गंभीर प्रयास करने होंगे। धरती पर पांच विशिष्ट क्षेत्र हैं जहां पर अधिकतर लोग लंबी उम्र तक जीवित रहते है। ये क्षेत्र इटली के सरदिनिया, ठीस के इकारिया, कोस्टारिका के निकोया, कैलिफोर्निया के लोमा लिंडा और जापान के ओकीनावा इलाकों में हैं और इन इलाकों को को ब्लू ज़ोन कहा जाता है।

अध्ययन से पता चला है कि इन सब लोगों की जीवनशैली में 9 समानताएं हैं जिन्हें 9 की शक्ति भी कहा जाता है। ये गुण इस प्रकार हैं– पैदल चलना, उद्देश्यपूर्ण जीवन, तनाव से दूरी, 80 प्रतिशत पेट भरते ही भोजन की समाप्ति, भोजन मुख्यतया वनस्पति आधारित, शराब के उपभोग पर नियंत्रण, साझा समाज का जीवन, अपने परिवार की देखभाल और स्वस्थ जीवनशैली को सहयोग देता समाज।

ब्लू जोन के लोगों के भोजन में 90 प्रतिशत खाद्य पदार्थ पारंपरिक वनस्पति आधारित, पूर्ण अनाज और फाइबर से परिपूर्ण होते हैं और जटिल कार्बोहायड्रेट्स आधारित होते हैं। जटिल कार्ब्स धीमे से पचते हैं जिसके कारण रक्त शर्करा नियंत्रण में रहती है। ब्लू जोन भोजन की कुछ विशेषताएं होती हैं– भोजन में शक्कर युक्त पदार्थों पर नियंत्रण, खाना घर पर पकाना और उसका तुरंत सेवन, मांसाहार पर नियंत्रण, खाद्य पदार्थों की खरीद पर पर्याप्त समय देना जिसके फलस्वरूप बेहतर चयन हो सके, घर के हर कोने में सब्जी की खेती, जहां तक संभव हो खाद्य पदार्थ सीधे किसान के खेत से खरीदना और किसान को कुछ इनाम देना, औषधीय पत्तियां, जड़ें और फल सब्जियों का प्रचुरता से उपभोग और भोजन का पूरे आनंद एवम् मनोयोग से सेवन। इन सब के अलावा ब्लू जोन के लोग अकेलेपन से दूर रहते हैं। उनका जीवन सामूहिक समाज का जीवन होता है। अकेलेपन का अहसास दीर्घायु होने के रास्ते की एक बड़ी बाधा है।

मेरे परिवार के दो चार लोग, दफ्तर और मेरा फ्लैट या घर और इसी में लड़ता झगड़ता बहस करता मैं। इस जीवनशैली से जीवन का शतक बस किसी संयोग से ही लग सकता है और यदि लग भी गया तो बिस्तर पर पड़े ही समय गुजरेगा। सामाजिक उपयोगिता और संपर्क की अपनी ऊर्जा होती है इसलिए भौतिक और मानसिक दड़बे से बाहर निकलिए, जीवन के उत्सव में शामिल हो कर शतायु होने का स्वस्थ एवम् तंदुरुस्त रहते हुए आनंद लीजिए। सौ का आंकड़ा पाने की तैयारी बीस से चालीस की उम्र में ही करनी पड़ती है क्योंकि कमजोर सड़ी गली लकड़ी से मजबूत सीढ़ी बनाना संभव नहीं हो सकता है।

**डॉ. रामावतार शर्मा,**
**(चिकित्सक एवं लेखक)**

# चुनाव में शिक्षा के मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए



प्रो. अशोक कुमार

शिक्षा एक समृद्ध और विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए आवश्यक है। यह लोगों को रोजगार के अवसरों के लिए बेहतर ढंग से तैयार करता है, उन्हें अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद करता है, और सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है।भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत सभी नागरिकों को 6 से 14 वर्ष की आयु तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार है। यह महत्वपूर्ण है कि सरकारें इस अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त प्रयास शिक्षा लड़कियों और महिलाओं को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण साधन है। यह उन्हें आत्मनिर्भर बनने और समाज में योगदान करने में मदद करता है। शिक्षा सभी नागरिकों के लिए समान अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह गरीबी, भेदभाव और सामाजिक बुराइयों को कम करने में मदद करता है।

शिक्षित नागरिक बेहतर निर्णय लेने में सक्षम होते हैं और वे अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति अधिक जागरूक होते हैं। यह लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मदद करता है।

भारत के चुनावों में शिक्षा विषय पर चर्चा होना अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह देश के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। शिक्षा एक ऐसा साधन है जो लोगों को सशक्त बनाता है और उन्हें अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद करता है। यह सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए भी आवश्यक है। शिक्षा एक ऐसा मुद्दा है जो सभी नागरिकों को प्रभावित करता है, चाहे वे किसी भी जाति, धर्म, लिंग या सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि से हों।

भारत के चुनावों में शिक्षा विषय पर चर्चा कम होने के कई कारण हैं। इनमें से कुछ प्रमुख कारण निम्नलिखित हैं: शिक्षा आमतौर पर राजनीतिक दलों की प्राथमिकता सूची में ऊपर नहीं होती है। वे अन्य मुद्दों जैसे कि अर्थव्यवस्था, सुरक्षा, भ्रष्टाचार, किसान और सामाजिक कल्याण पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं। भारत में राजनीति जाति और धर्म से बहुत प्रभावित होती है। राजनीतिक दल अक्सर इन मुद्दों पर शिक्षा जैसे मुद्दों को प्राथमिकता देते हैं। शिक्षा के महत्व के बारे में मतदाताओं में जागरूकता की कमी भी एक कारण है। कई मतदाता शिक्षा को उतना महत्वपूर्ण मुद्दा नहीं मानते जितना कि अन्य मुद्दे हैं। शिक्षा के मुद्दे अक्सर जटिल होते हैं और उन्हें समझाना मुश्किल हो सकता है। राजनीतिक दल अक्सर इन मुद्दों पर सरल और आकर्षक समाधान पेश करते हैं, जो हमेशा सही नहीं होते हैं। मीडिया अक्सर शिक्षा जैसे मुद्दों पर उतना ध्यान नहीं देता जितना कि अन्य मुद्दों पर देता है। यह मतदाताओं के बीच इन मुद्दों के बारे में जागरूकता को कम कर सकता है। अनुभवहीनता: कई राजनेताओं और मतदाताओं के पास शिक्षा के क्षेत्र में कोई व्यक्तिगत अनुभव नहीं होता है। इससे उन्हें इस मुद्दे के महत्व को समझने और इस पर चर्चा करने में मुश्किल हो सकती है। शिक्षा अक्सर अन्य मुद्दों से प्रभावित होती है जैसे कि जाति, धर्म, और भाषा। इससे इस मुद्दे पर राजनीतिक और सामाजिक बहस करना मुश्किल हो सकता है। इन कारणों से, शिक्षा अक्सर भारत के चुनावों में एक प्रमुख मुद्दा नहीं बन पाती है। हालांकि, यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। शिक्षा में सुधार करके, भारत अपने लोगों को बेहतर जीवन जीने और देश के विकास में योगदान करने में मदद कर सकता है।

हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि शिक्षा के मुद्दे पर धीरे–धीरे जागरूकता बढ़ रही है। कुछ राजनीतिक दल और सामाजिक कार्यकर्ता शिक्षा को चुनावों में एक प्रमुख मुद्दा बनाने के लिए काम कर रहे हैं। यहां कुछ सुझाव दिए गए हैं कि शिक्षा को भारत के चुनावों में एक प्रमुख मुद्दा कैसे बनाया जा सकता है: मतदाताओं को शिक्षा के महत्व और शिक्षा के मुद्दों के बारे में शिक्षित करना महत्वपूर्ण है। मतदाताओं को राजनीतिक दलों पर शिक्षा को अपनी प्राथमिकताओं में से एक बनाने के लिए दबाव डालना चाहिए। मीडिया को शिक्षा के मुद्दों पर अधिक ध्यान देना चाहिए और इन मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करनी चाहिए।

चुनावों में शिक्षा पर चर्चा के दौरान कई मुद्दों पर विचार किया जाना चाहिए। इनमें शामिल हैं: शिक्षा संस्थानो मे विभिन्न स्तरों मे भ्रष्टाचार – नियुक्ति से लेकर शिक्षा संस्थानो मे विभिन्न प्रावधानों मे गबन, रिश्वत, युवाओं, महिलाओं, शिक्षक आदि को सताया जाता है! भारत में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता है। सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए काम करना चाहिए कि सभी बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिले। भारत में अभी भी कई बच्चे हैं जिनके पास शिक्षा तक पहुंच नहीं है। सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए काम करना चाहिए कि सभी बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिले। भारत में शिक्षा का वित्तपोषण एक बड़ी चुनौती है। सरकार को शिक्षा के लिए अधिक धन आवंटित करना चाहिए और शिक्षा को अधिक किफायती बनाना चाहिए। भारत में शिक्षा प्रणाली में कई सुधारों की आवश्यकता है। सरकार को शिक्षा प्रणाली को अधिक प्रभावी और कुशल बनाने के लिए काम करना चाहिए।

चुनावों में शिक्षा पर चर्चा करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि शिक्षा भारत के राजनीतिक एजेंडे में एक प्रमुख मुद्दा बना रहे। यह सुनिश्चित करने में भी मदद करेगा कि सरकार शिक्षा में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाए।

यहां कुछ विशिष्ट प्रश्न दिए गए हैं जो चुनावों में शिक्षा पर चर्चा के दौरान पूछे जा सकते हैं: शिक्षा शिक्षण संस्थानो में भ्रष्टाचार, शिक्षा पर सुधार के लिए आपकी पार्टी की क्या योजनाएं हैं? आप शिक्षा की गुणवत्ता कैसे सुधारेंगे? आप शिक्षा तक पहुंच कैसे बढ़ाएंगे? आप शिक्षा का वित्तपोषण कैसे करेंगे? आप शिक्षा प्रणाली में क्या सुधार करेंगे?

इन सवालों के जवाब सुनकर, मतदाता यह तय कर सकते हैं कि कौन सी पार्टी शिक्षा के लिए सबसे अच्छी नीतियां पेश कर रही है।


**प्रो. अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर,**
**गोरखपुर विश्वविद्यालय।**

# शीतला अष्टमी का पर्व आज, माता को ठंडे पकवानों का भोग लगेगा

## चाकसू स्थित शील की डूंगरी, चंदलाई व नायला सहित कई स्थानों पर मेले भरेंगे

**चाकसू**, (निसं)। शीतला अष्टमी का पर्व सोमवार को परंपरागत रूप से मनाया जाएगा। इस मौके पर चाकसू स्थित शील की डूंगरी, चंदलाई व नायला सहित कई स्थानों पर मेले भरेंगे। महिलाएं सज–धज कर गीत गाते हुए शीतला माता के मंदिरों में भोग लगाएंगी और पथवारी पूज कर सुख–समृद्धि की कामना करेंगी। माता को शीतल व्यंजनों का भोग अर्पण करने के बाद घरों में लोग ठंडा भोजन ग्रहण करेंगे।

मान्यता के अनुसार शीतला माता के पूजन और ठंडा भोजन करने से माता प्रसन्न होती है और शीतला जनित रोगों का प्रकोप कम होता है। रविवार को माता को भोग लगाने के लिए घर–घर पकवानों की खुशबू महक रही थी। महिलाएं देर रात तक माता के भोग के लिए कांजी बडा, मोहनथाल, गुजिया, पेठे, सकरपारे, पूड़ी, पापड़ी, हलुआ, राबड़ी, मक्का की घाट समेत कई व्यंजन बनाने में लगी हुई थी। भोग और पूजन की सामग्री की खरीदारी के कारण सुबह से ही बाजारों में रौनक बनी हुई है।



**शीतला माता को महिलायें भोग लगाकर परिवार की सुख–समृद्धि की कामना करेंगी।**


- **माता को शीतल व्यंजनों का भोग अर्पण करने के बाद घरों में लोग ठंडा भोजन ग्रहण करेंगे**
- **शील की डूंगरी पर सत्संग के साथ दो दिवसीय शीतला माता के मेले का शुभारंभ हुआ**

शील की डूंगरी पर सत्संग के साथ दो दिवसीय शीतला माता के मेले का शुभारंभ हो गया है। इसमें जयपुर एवं आसपास के जिलों के हजारों श्रद्धालु मेले में आएंगे। लोग शीतला माता को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पण कर सुख समृद्धि की कामना करेंगे। मेले की सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस उपायुक्त दिगंत आनंद, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पारस जैन, एसीपी चाकसू सुरेन्द्र सिंह और थाना अधिकारी कैलाश दान, नगर पालिका उप जिला अस्पताल समेत कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी 350 से अधिक पुलिस के जवान विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाओं को संभालने में लगे हुए हैं। असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए जगह–जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। मेले में लगने वाले हाट बाजार में ग्रामीण खरीददारी करेंगे। इस मेले में करीब एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। मेले के दौरान निमोडिया मोड चाकसू से जयपुर की और बाइपास से पुरानी सड़क पर सभी प्रकार के भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

# कला प्रदर्शनी "रंगीला राजस्थान" का उदघाटन

**भीलवाड़ा**, (निसं)। आकृति कला संस्थान एवं जिला प्रशासन भीलवाड़ा के सहयोग से आयोजित राजस्थान दिवस के उपलक्ष में आयोजित भीलवाड़ा के कलाकारों की विशाल कला प्रदर्शनी रंगीला राजस्थान का उद्घाटन महामण्डलेश्वर स्वामी हंसराम महाराज, पद्मश्री जानकीलाल भॉड, तिलोकचन्द छाबड़ा, पूजा गलुण्डिया, ममता मोदानी के करकमलों से ग्रामीण हाट कला दीर्घा में सम्पन्न हुआ। संस्था सचिव कैलाश पालिया ने बताया कि इस कला प्रदर्शनी में भीलवाड़ा के 35 वरिष्ठ एवं युवा कलाकारों की 70 कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से गोवर्धन सिंह पंवार के मूर्तिशिल्प इकबाल हुसैन के जलरंग, सत्यनारायण सोनी के राजस्थान की ऐतिहासिक इमारते, लक्ष्मीनारायण वर्मा के राजस्थानी जीवन, सुशील सोनी की पिछवाई, राजेश जोशी की फड़ कला, दीपिका पाराशर के ग्राफिक्स, ज्योति पारीक की पंचतत्व, सीमा सांखला के जल चित्र, बालकिशन जांगिड़ की सिनेमा यात्रा, सत्येश एवं मुकेश विश्वकर्मा के यथार्थवादी कृतियों के साथ–साथ खुशी कोठारी, खुशी पिपाड़ा, अनु प्रजापत, उमंग उपाध्याय, सुमित गुर्जर, माही मूंदड़ा, कोमल रानी, दिव्या जैन, अंजली सुथार, अनुष्का पाराशर, शीला बलाई, बबलु रेगर सहित युवा कलाकारों की कलाकृतियों को भी प्रदर्शित किया गया।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 1 अप्रेल, 2024**

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष, सप्तमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2080, मूल नक्षत्र रात्रि 11:12 तक, वारियान योग रात्रि 8:29 तक, विष्टि करण प्रात: 9:20 तक, चन्द्रमा धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मीन, चन्द्रमा–धनु, मंगल–कुम्भ, बुध–मीन, गुरू–मेष, शुक्र–मीन, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज रवियोग रात्रि 11:12 तक है। भद्रा प्रात: 9:20 तक रहेगी। बुध वक्री रात्रि 3:45 तक है। आज शीतला सप्तमी पूजन है। आज बास्योडा (स्वर्य सिद्ध अबूझ मुहूर्त) है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:54 तक, शुभ 9:26 से 10:58 तक, चर 2:03 से 3:35 तक, लाभ–अमृत 3:35 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:54, सूर्यास्त 6:24

**मेष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा। धार्मिक कार्यों पर धन खर्च होगा।

**मिथुन**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियों से राहत मिलेगी। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
परिजनों के व्यवहार के कारण दु:ख हो सकता है। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। व्यक्तिगत परेशानियों के कारण मन में असंतोष बना रहेगा। धार्मिक स्थान की संभव है।

**कन्या**
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता के लिए दिन अच्छा है। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक**
आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है।

**धनु**
व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**मकर**
आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। परिजनों के व्यवहार के कारण परेशानी हो सकती है।

**कुंभ**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

# ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिलाने का काम नरेंद्र मोदी ने किया : डॉ.के.लक्ष्मण

- भाजपा ओबीसी मोर्चा के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित, मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के.लक्ष्मण ने ली बैठक
- राजस्थान सरकार के मंत्रिमंडल में ओबीसी वर्ग को मिली अहमियत, 11 विधायकों को मंत्रिमंडल में किया शामिल : अविनाश गहलोत

**जयपुर**। भाजपा ओबीसी मोर्चे की ओर से ओबीसी सामाजिक सम्मेलन, आईटी एवं सोशल मीडिया कार्यशाला सहित प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। ओबीसी सामाजिक सम्मेलन में ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभूलाल सैनी, मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री निर्मल कुमावत, कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, विश्वकर्मा बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद टांक, ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर बतौर मुख्य अतिथि मंच पर उपस्थित रहे। भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. के लक्ष्मण ने कहा कि आजादी के बाद अगर किसी प्रधानमंत्री ने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिलाया है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही है। जबकि ओबीसी आयोग का गठन 1993 में किया गया था। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा ओबीसी वर्ग को अपनी वोट बैंक की राजनीति के लिए इस्तेमाल किया है। वहीं पीएम मोदी ने आयोग का संवैधानिक दर्जा दिलाकर ओबीसी वर्ग के साथ न्याय किया है।

राज्यसभा सांसद डॉ. के लक्ष्मण ने कहा कि भाजपा की कल्याणकारी योजनाओं को समाज के कमजोर वर्ग तक पहुंचाने और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधान सेवक बनाने एवं अबकी बार 400 पार के नारे को साकार करने का संकल्प दिलाया। सरकार के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सदैव ओबीसी वर्ग के हितों का ध्यान रखा है। राजस्थान सरकार के मंत्रीमंडल में भी ओबीसी वर्ग का ध्यान रखते हुए 11 विधायकों को मंत्रीमंडल में शामिल किया गया। केंद्र के साथ प्रदेश सरकार की ओर से भी ओबीसी वर्ग के लिए कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओबीसी वर्ग के लिए चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए प्रदेशभर में 400 से अधिक ओबीसी सामाजिक सम्मेलन किए गए। इन सम्मेलनों के माध्यम से ओबीसी वर्ग की छोटी-छोटी जातियों को समाज की मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है। ओबीसी सामाजिक सम्मेलन के दौरान ओबीसी वर्ग की 80 से अधिक जातियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं से जोड़ा गया है।

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम विश्वकर्मा योजना से ओबीसी वर्ग के सुथार, दर्जी, मोची, सैन, कुम्हार सहित 18 जातियों को लाभान्वित करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री एवं सामाजिक सम्मेलन के संयोजक महेन्द्र पंवार एवं सह-संयोजक रामेश्वर गुर्जर ने बताया कि शहर स्थित महावीर स्कूल में आयोजित सामाजिक सम्मेलन में सोनी, स्वर्णकार, यादव, गुर्जर, कुम्हार, कुमावत सहित विभिन्न ओबीसी वर्ग के सैंकड़ों कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे। सम्मेलन में प्रदेश महामंत्री सुनील यादव, पुष्कर तेली, पूर्व सह-संयोजक सुनील कुमावत सहित प्रदेश ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी एवं जिलाध्यक्ष, आईटी एवं सोशल मीडिया के सदस्य उपस्थित रहे।

ओबीसी मोर्चे की ओर से शहर में आज विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस के तहत प्रदेश भाजपा कार्यालय में ओबीसी मोर्चा, आईटी, सोशल मीडिया की कार्यशाला एवं प्रदेश पदाधिकारी बैठक भी आयोजित की गई। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष के. लक्ष्मण, राष्ट्रीय संगठक वी.सतीश, मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक राहुल नागर, प्रदेश आईटी सह-संयोजक नरेंद्र कटारा बतौर उपस्थित रहे।

# कांग्रेस और केजरीवाल भ्रष्टाचार के पर्यायवाची : डॉ.सतीश पूनिया



भाजपा हरियाणा के प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने रविवार को पंचकूला स्थित प्रदेश पार्टी कार्यालय पंचकमल में प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

- 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा का मतलब विकास की गारंटी'
- 'हरियाणा में भाजपा ने करप्शन फ्री और कांग्रेस फ्री सरकार दी, मनोहर खट्टर से लेकर नायब सैनी सरकार विकास के लिये समर्पित'

**चंडीगढ़/जयपुर**। भाजपा हरियाणा प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि कांग्रेस और केजरीवाल प्रलोभन की राजनीति करते हैं। भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी चुनाव के समय में जनता को गुमराह करने की कोशिश करती है, लेकिन जनता इन लोगों की नीयत भांप चुकी है। डॉ. पूनिया ने कहा कि हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने करप्शन फ्री और कांग्रेस फ्री सरकार दी है, जो हरियाणा के विकास के लिये समर्पित है।

उन्होंने कहा कि 2014 से पहले सड़कों पर, रेलों में, खेलों में और जेलों में खर्ची और पर्ची की सरकारों की ही चर्चा रहती थी। 2014 के बाद भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार ने पारदर्शी सिस्टम लागू किया और हर नागरिक को सरकार की योजनाओं से ईमानदारी से जोड़ा। डॉ. पूनिया रविवार को पंचकूला स्थित प्रदेश पार्टी कार्यालय पंचकमल में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। मीडिया के सवाल के जवाब में डॉ. पूनिया ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी घेरा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने जनता के पैसों पर डाका डाला है, अब केजरीवाल का असली चेहरा जनता के सामने आ गया है। इंडी गठबंधन पर बोलते हुए पूनियां ने कहा कि लोकसभा चुनाव में ना इंडी गठबंधन सफल होगा और ना ही केजरीवाल की नीति सफल होगी। भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम और नेताओं के प्रयासों से हरियाणा में लोकसभा चुनाव में मिशन 10 को पूरा करेगी। इस मौके पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, प्रदेश मीडिया प्रमुख अरविंद सैनी, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी संजय आहूजा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक छाबड़ा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी नवीन गर्ग और प्रदेश मीडिया सह प्रभारी संदीप आजाद भी मौजूद रहे।

डॉ. पूनिया ने पत्रकार वार्ता में बताया कि गुरुग्राम और पंचकूला में प्रमुख नेताओं, लोकसभा प्रत्याशी, प्रदेश की चुनाव प्रबंधन समिति, कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया, संवाद किया और चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश के 19 हजार 812 बूथों पर धरातल पर काम कर रही है। पोलिंग स्टेशन तक कार्यकर्ताओं की पहुंच है, यह हरियाणा में भाजपा के संगठनात्मक स्वरूप का बड़ा उदाहरण है। अरविंद केजरीवाल के वायरल वीडियो पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए डॉ. पूनिया ने कहा कि शराब घोटाले में बंद केजरीवाल वीडियो के जरिए जस्टिफाई करने का प्रयास कर रहे हैं। केजरीवाल ने जो स्कैम किया है वह उजागर हो गया है, सच्चाई सभी को पता है। दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिकों की दुर्दशा हो रही है। केजरीवाल जेल से सहानुभूति बटोरने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने जिस तरीके से देश की राजनीति को विकृत करने का प्रयास किया है उसका चेहरा देश के सामने है। इंडी गठबंधन को भानूमति का कुनबा जैसा बताते हुए कहा कि यह जल्द ही बिखर जाएगा।

# जयपुर का चहुंमुखी विकास भाजपा सरकार में ही संभव : मंजू शर्मा




भाजपा जयपुर शहर की लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा के विद्याधर नगर में कार्यालय का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया। इस अवसर पर संयोजक राजेंद्र करोड़िया, जिलाध्यक्ष राघव शर्मा, पूर्व विधायक बीरु सिंह राठौड़, पूर्व उप महापौर पवन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश, जिला मंत्री सुनीता, जिला मंत्री केदार, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, पार्षद, बूथ अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**जयपुर**। भारतीय जनता पार्टी जयपुर शहर लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी मंजू शर्मा के बगरू, सिविल लाइंस, मालवीय नगर, आदर्श नगर, विद्याधर नगर, किशनपोल व हवामहल विधानसभा क्षेत्रों के चुनाव कार्यालयों का शुभारंभ रविवार को किया गया। इस मौके पर आयोजित जनसभाओं को भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित किया।

विद्याधर नगर में उद्घाटन में विधानसभा संयोजक राजेंद्र करोड़िया, जिलाध्यक्ष राघव शर्मा, पूर्व विधायक बीरु सिंह राठौड़, पूर्व उप महापौर पवन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश, जिला मंत्री सुनीता, जिला मंत्री केदार, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, पार्षद, बूथ अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

किशनपोल विधानसभा क्षेत्र के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते हुए भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने कहा कि जयपुर का विकास सिर्फ भाजपा की देन है, कांग्रेस ने कभी भी जयपुर के विकास पर ध्यान नहीं दिया। भाजपा के शासन में ही पहली बार जयपुर में सोडियम लाईटे, सड़कों का नवीनीकरण, शहर में सीमेंट कंक्रीट की सडको का निर्माण और जयपुर शहर को पर्यटन के रूप में विकसित करने का काम हुआ है।

वहीं बगरू विधानसभा क्षेत्र में कार्यालय के शुभारंभ पर मंजू शर्मा ने कहा कि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे की सरकार के समय बीसलपुर का पानी यहां पहुंचाने का कार्य किया हुआ है। इतना ही नहीं जयपुर के सुनियोजित विकास की संरचना भी भाजपा की सरकार ने ही की है। आदर्श नगर में उन्होंने भाजपा शासन में ही शहर के चारों तरफ रिंग रोड बनाने और सौन्दर्यकरण के लिए द्रव्यवती नदी का कार्य किया गया। सिविल लाइंस में उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि कांग्रेस की सरकार बनी जिसने द्रव्यवती नदी का काम रोकने का महापाप किया। उन्होंने आमजन से कांग्रेस के दुर्भावनापूर्ण निर्णय का हिसाब चुकाने का आह्वान भी किया। वहीं चुनाव कार्यालयों के उद्घाटन मौके पर सांसद रामचरण बोहरा अपने 10 वर्षों में किये गये गए कार्यों। का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया। बोहरा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में जयपुर शहर को नेशनल हाईवे से जोडने का काम जयपुर शहर के आसपास छोटे-बडे रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्य का काम जयपुर रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय बनाने का कार्य किया है। किशनपोल विधानसभा क्षेत्र का चुनाव कार्यालय चौडा रास्ता के सोखिया भवन में शुरू हुआ है। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा, सांसद रामचरण बोहरा, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे चन्द्र मनोहर बटवाडा, लोकसभा चुनाव के सहप्रभारी सतीश चन्देल, पूर्व महापोर ज्योति खण्डेलवाल, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत पारीक, शहर महामंत्री अरूण खटोड, पूर्व शहर महामंत्री नरेश शर्मा, पूर्व शहर उपाध्यक्ष राधाकृष्ण परवाल, सहित सैंकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन राधागोविन्द मन्दिर के पास संपन्न हुआ। इस अवसर पर मालवीय नगर विधानसभा के विधायक व पूर्व मंत्री कालीचरण सर्राफ ने कहा कि मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा को एक लाख से अधिक मतों से विजयी बनायेंगे। सिविल लाईन्स विधानसभा क्षेत्र के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन जनपथ श्याम नगर में हुआ। इस अवसर पर लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, लोकसभा सहप्रभारी सतीश चन्देल तथा पूर्व विधायक अरूण चतुर्वेदी सहित सैंकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन गोविन्दी पैलेस में हुआ। इस अवसर पर लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा, सांसद रामचरण बोहरा, विधायक प्रत्याशी रवि नैय्यर, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, शहर भाजपा के जिलाध्यक्ष राघव शर्मा सहित सैंकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। हवामहल विधानसभा क्षेत्र के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन मुंशी रामदास जी की हवेली में हुआ। इस अवसर पर लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा, सांसद रामचरण बोहरा, विधायक बालमुकुन्दाचार्य, पूर्व विधायक सुरेन्द्र पारीक सहित सैंकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा का चुनाव प्रचार के दौरान रविवार को एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान लोगों ने कई स्थानों पर उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया वहीं दो स्थानों पर उनको फलों से तोला गया। मंजू शर्मा ने दिन की शुरूआत सेन्ट्रल पार्क में आमजन के साथ योग कर की। इस दौरान पूर्व मंत्री कालीचरण सराफ, सांसद रामचरण बोहरा भी उनके साथ रहे। सेन्ट्रल पार्क में उन्होंने आत्मीयता से लोगों से मुलाकात की और लोगों ने उनके साथ सेल्फी भी ली।

# युवा नेता अशोक गोदारा ने थामा भाजपा का दामन

**जयपुर**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्र प्रथम की नीति और उनकी नीतियों से प्रभावित होकर युवा नेता अशोक गोदारा ने आज होटल ललित में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और भाजपा की राष्ट्रीय सचिव प्रदेश सह-प्रभारी विजय राहटकर ने भाजपा का दुपट्टा पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि युवाओं के व्यक्तित्व एवं नेतृत्व गुणों को विकसित करने और उन्हें राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में शामिल करने के उद्देश्य से भाजपा संगठन ने युवाओं को विशेष रूप से संगठन में जोड़ा है तथा उपयुक्त नेतृत्व दिया है। प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि युवा ही राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है। प्रत्येक राष्ट्र की तरक्की का आधार उसकी युवा पीढ़ी होती है।

# सामाजिक सांस्कृतिक समानताओं से जुड़े हुए हैं भारत और नेपाल : देवनानी



विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राजस्थान दिवस के मौके पर अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच और राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर नेपाल के उपराष्ट्रपति न्यायमूर्ति परमानंद झा भी मौजूद रहे।

**जयपुर**। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि भारत और नेपाल सामाजिक सांस्कृतिक समानताओं से जुड़े हैं। खुली सीमाएं और सीमा पर खुले प्रवासन ने दोनों देशों की सांस्कृतिक समझ को समृद्ध किया है। उन्होंने कहा कि तथाकथित सांस्कृतिक अतिक्रमण से नाजुक संतुलन को बनाए रखने का निरंतर प्रयास करना चाहिए। देवनानी ने राजस्थान दिवस के मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित किया। अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच और राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में नेपाल के उपराष्ट्रपति न्यायमूर्ति परमानंद झा भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर भारत के 13 राज्य व राजस्थान के सभी जिलों की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। देवनानी को 22 राष्ट्रों के यात्रा कार्यक्रम का आमंत्रण दिया गया। देवनानी ने कहा कि दोनों पड़ोसी राष्ट्र आधुनिक राजनीतिक पहचान में भिन्नता रखते हैं लेकिन एक साझा सभ्यतागत विरासत के धागों से दोनों राष्ट्र एक दूसरे से जुड़े हुए हैं।

# तीन बार करवाना होगा लेखों का परीक्षण

**जयपुर**, (का.सं.)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशों का सार संग्रह- जनवरी 2024 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत व्यय पर्यवेक्षकों द्वारा प्रचार अवधि के दौरान जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से समस्त अभ्यर्थियों के लेखों का तीन बार निरीक्षण किया जाएगा।

इस संबंध में आयोग के निर्देशों की अनुपालना में व्यय पर्यवेक्षकों द्वारा 8 अप्रैल, 12 अप्रैल एवं 17 अप्रैल को अभ्यर्थियों के लेखों का परीक्षण किया जाएगा।

प्रत्याशियों को उक्त तिथियों को व्यक्तिगत रूप से अथवा अपने निर्वाचन एजेंट के माध्यम से अथवा अपने द्वारा विधिवत रूप से प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निरीक्षण हेतु व्यय रजिस्टर सहित संपूर्ण दस्तावेजों के साथ व्यय पर्यवेक्षकों के समक्ष उक्त तिथियों पर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे के मध्य जिला परिषद सभागार में उपस्थित होना होगा।

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# ग्रामीण विद्यार्थियों के लिये भी शिक्षण-प्रशिक्षण की सुविधाएं हों : अविनाश गहलोत




सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने रविवार को आदर्श नगर स्थित माली शिक्षण संस्थान के नवीनीकृत छात्रावास भवन का शुभारंभ किया।

**जयपुर**, (का.सं.)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने आज आदर्श नगर स्थित माली शिक्षण संस्थान के नवीनीकृत छात्रावास भवन का शुभारंभ किया। भवन के अवलोकन के समय उन्होंने संस्था की वेबसाइट की लांचिंग भी की। गहलोत ने मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि समाज में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिये ग्रामीण विद्यार्थियों के लिये भी शहरों में साधन सुविधाएं सुलभ हों। जयपुर व जोधपुर जैसी कोचिंग सुविधाएं छोऐ शहरों में भी होनी चाहिउ जिससे वहां का विद्यार्थी भी आगे बढ़ सके।

इस अवसर पर प्रमुख अतिथि सांसद राजेन्द गहलोत ने कहा कि शिक्षा से ही समाज आगे बढ़ता है इसलिये नई पीढी के शिक्षण व मार्गदर्शन के लिये सामाजिक संस्थाओं को सक्रियता से काम करना चाहिये जिससे समाज के विद्यार्थियों को समस्त योजनाओं का लाभ मिल सके।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उदयपुरवाटी के विधायक भगवानराम सैनी ने कहा कि शेखावाटी में समाज के छात्र छात्राओं के लिये कोचिंग संस्थाओं का अभाव है जिसके लिये समाज की संस्थाओं को आगे आना चाहिये।

संस्था के उपाध्यक्ष ओंकारमल सैनी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान की वित्तीय स्थिति, भवन के नवीनीकरण तथा भावी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा संस्थान के निर्माण तथा नवीनीकरण में आर्थिक सहयोग देने वाले भामाशाहों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था के पदाधिकारियों की अपील पर छात्रावास के शेष कार्यों में आर्थिक सहयोग के लिये भामाशाहों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कार्यक्रम के दौरान ही करीब 20 लाख रुपये की सहर्ष घोषणा की गई।

संस्था के अध्यक्ष ओ.पी.सैनी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि महात्मा फुले दम्पत्ति समाज के एक एसैट हैं जिनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर हमें शिक्षण प्रशिक्षण के साथ साथ स्वरोजगार, नेतृत्व कौशल विकास के क्षेत्र में भी काम करने की आवश्यकता है जिससे नई पीढ़ी का मार्गदर्शन हो सके।

सैनी ने कहा कि प्रदेश में समाज के छात्रों की बैंकिंग कोचिंग शुरू करने वाले पूर्व बैंक अधिकारी सुनील गहलोत ने कहा कि अब समाज के बच्चों को अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ने की आवश्यकता है। संस्था के महामंत्री अनुभव चन्देल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के अंत में हुए होली स्नेह मिलन में गीत-संगीत के साथ फूलों की पंखुड़ियों से होली खेली गई। इस अवसर पर आईएएस चेतन देवड़ा व सुन्दर लाल तथा संस्था के संरक्षक एन.एस.चौहान, कोषाध्यक्ष आर.एल.सैनी व सचिव शीशराम सैनी भी मौजूद थे। कार्यक्रम में उद्घोषणा पंवार द्वारा की गई।

# देश-विदेश से प्रतिभागी सीख रहे चित्रकला के गुर

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर की रंगरीत संस्था द्वारा भारतीय पारंपरिक चित्रकला का प्रशिक्षण देने के लिए 7 दिवसीय निःशुल्क वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्कशॉप में देश-विदेश से 50 से अधिक नवांकुर कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। इस आयोजन को लेकर प्रशिक्षक एवं वरिष्ठ वैदिक चित्रकार रामू रामदेव ने बताया कि इस वर्कशॉप के दौरान प्रतिभागियों को राजस्थान की प्रसिद्ध जयपुर शैली पर आधारित चित्र बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें पारंपरिक कला की बारीकियों और विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए प्राचीन तकनीक से भी अवगत कराया जाएगा।

वर्कशॉप की शुरूआत में चित्रकार रामू रामदेव ने पारंपरिक चित्रा कला को सीखने के छह सिद्धान्तों पर प्रकाश डाला। जिसमें ध्यान, प्राणायाम, मौन व्रत, बाल मन, गुरु के प्रति समर्पण,अहंकार रहित, सिद्धान्तों का पालन कर मौलिक चित्र बनाने पर बल दिया। इसके पश्चात, रामू रामदेव ने एक राजसी महिला के चित्र के माध्यम से जयपुर शैली की चित्रकला का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। किस प्रकार चित्र में महिला की वेशभूषा और आभूषण जयपुर शैली की पारंपरिक विशेषताओं को दर्शाते हैं। उन्होंने आगे बताया कि चित्र में महिला के सिर पर जटिल श्रृंगार, कानों में झुमके, माथे पर बिंदी और गले में हार निहायत विस्तार से चित्रित हैं। उसकी साड़ी और ओढ़नी बहुत बारीकी से बनाई गई है, जिसमें सोने की कारीगरी साफ नजर आती है।

# भाजपा एस.सी. मोर्चा ने लोकसभा प्रभारी नियुक्त किये

**जयपुर**। लोकसभा चुनाव-2024 हेतु भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल द्वारा अनुसूचित जाति मोर्चा के लोकसभा प्रभारी व सह-प्रभारियों की नियुक्ति की गई।

जोधपुर में ललित लकवाल, टोंक-सवाईमाधोपुर में लालाराम बैरवा विधायक, चुरू में बी.एल. नवल, उदयपुर में भजनलाल रोलन, जयपुर में रामकिशन वर्मा, जयपुर ग्रामीण में मुकेश किराड, सीकर में राकेश बीदावत को लोकसभा प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस प्रकार एससी मोर्चा के द्वारा सभी 25 लोकसभा सीटों पर लोकसभा प्रभारी व सह-प्रभारियों की नियुक्ति की गई। सभी प्रभारी व सह-प्रभारी मिलकर मोर्चा द्वारा निर्धारित विधानसभा सम्मेलन, डॉ.अम्बेडकर जयन्ती व हर घर सम्पर्क अभियान के तहत सभी अनुसूचित जाति के मतदाताओं से सम्पर्क कर अधिकाधिक भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करवाकर राजस्थान की सभी 25 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने में अहम भूमिका निभायेंगे।

इसके साथ ही भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल द्वारा लोकसभा चुनाव हेतु मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों का कार्य विभाजन किया गया। प्रचार अभियान व प्रवास कार्यक्रम हेतु प्रदेश महामंत्री मुकेश गर्ग व मुकेश किराड, संगठन संरचना एवं चुनाव संबंधी नियुक्तियां हेतु प्रदेश उपाध्यक्ष ललित लकवाल व सहकोषाध्यक्ष राकेश बीदावत, सामाजिक सम्पर्क अभियान हेतु प्रदेश उपाध्यक्ष भजनलाल रोलन व बी.एल.नवल, सोशल मीडिया व आईटी प्रबंधन हेतु संजय चंदेल व पूजन अटल, मीडिया प्रबंधन हेतु जगदीश राजवंशी तथा प्रचार सामग्री वितरण हेतु रामावतार कुलदीप को नियुक्त किया गया।

वहीं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी व किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष भागीरथ चौधरी के निर्देशानुसार भाजपा किसान मोर्चा के सोशल मीडिया के तीन प्रदेश सह संयोजक, सात संभाग संयोजक व 42 जिला संयोजकों की घोषणा कर दी गई है।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम वीना माहेश्वरी से वीना कचोलिया बदल लिया है । अब भविष्य में मुझे वीना कचोलिया, पत्नी श्री राजेन्द्र माहेश्वरी, निवासी प्लॉट नंबरः बी-147 बी, मंगल मार्ग, बापूनगर, जयपुर के नाम से जाना जावे।

I JOYSHREE BORUAH is legaily wedded Spouse of No 15619301H Rank NK Name Raju Boruah Residence of Vill-Barha Bhakai, PO- Kalakata, Teh-Dhemaji, Dest-Dhamaji, State-Assam have changed my name from JOYSHREE BORUAH to JAYASHREE BORUAH vide Affidavit dated 29.03.2024 (date of affidavit) before Jaipur Rajasthan (Name and place of the court)

# राजस्थान में 1 मार्च से अब तक 435 करोड़ रु. की शराब-नकदी और अन्य सामग्री जब्त

## लोकसभा चुनाव-2024 की आचार संहिता लागू होने के बाद 16 मार्च से लेकर अब तक सर्वाधिक रिकॉर्ड 335 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्ति जब्त की गई

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान में अलग-अलग एनफोर्समेंट एजेंसियों ने मार्च महीने की शुरुआत से अब तक नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं, मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुओं (फ्रीबीज) और अवैध नकद राशि के रूप में लगभग 435 करोड़ रुपये कीमत की जब्तियां की हैं। निर्वाचन विभाग के निर्देश पर लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद 16 मार्च से अब तक एजेंसियों द्वारा पकड़ी गई वस्तुओं की कीमत 335 करोड़ रुपये से ज्यादा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अलग-अलग एजेंसियां चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से संदिग्ध वस्तुओं और धन के अवैध उपयोग पर कड़ी निगरानी कर रही हैं। इसी क्रम में प्रदेश भर में लगातार जब्ती की कार्रवाई की जा रही हैं। 1 मार्च से अब तक राजस्थान में 21 जिलों में 10-10 करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की संदिग्ध वस्तुएं अथवा नकद बरामद हुआ है।

- **अगर वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव की बात करें तो 75 दिन की आचार संहिता के दौरान मात्र 51.42 करोड़ रुपये की जब्ती हुई थी**
- **इस बार प्रदेश के 21 जिलों में 10-10 करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की संदिग्ध वस्तुएं जब्त की गई**

जानकारी के मुताबिक जोधपुर में 38.11 करोड़, पाली में 27.07 करोड़, जयपुर में 26.05 करोड़, उदयपुर में 23.82 करोड़, झुंझुनूं में 19.06 करोड़, बाड़मेर में 18.87 करोड़, चूरू में 18.70 करोड़, भीलवाड़ा में 18.35 करोड़ और श्रीगंगानगर में 17.47 करोड़ रु. की अवैध शराब-नकदी और अन्य सामग्रियां जब्त की गई है।

इसी तरह बीकानेर में 14.81 करोड़, अलवर में 13.94 करोड़, चित्तौड़गढ़ में 13.41 करोड, नागौर में 13.36 करोड़, हनुमानगढ़ में 13.32 करोड़ और दौसा में 12.78 करोड़ रु. की संपत्तियां जब्त की है।

गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अलग-अलग एजेंसियों की ओर से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, 1 मार्च, 2024 से अब तक 20 करोड़ 27 लाख रुपये नकद, लगभग 79 करोड़ 78 लाख रूपये मूल्य की ड्रग्स, लगभग 22 करोड़ 20 लाख रुपये कीमत की शराब और 34 करोड़ 7 लाख रूपये मूल्य की सोना-चांदी जैसी कीमती धातुओं की जब्ती की गई है।

साथ ही, 193 करोड़ रुपये कीमत की अन्य सामग्री तथा 1 करोड़ 16 लाख रुपये से अधिक कीमत की मुफ्त वितरण की वस्तुएं (फ्रीबीज) भी जब्त की गई हैं। उपरोक्त वस्तुओं के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करने वाली कार्यकारी एजेंसियों में राज्य पुलिस, राज्य एक्साइज, नारकोटिक्स विभाग एवं आयकर विभाग प्रमुख हैं। इन जांच एवं निगरानी एजेंसियों और विभागों द्वारा प्रदेश भर में कड़ी निगरानी रखी जा रही है और किसी भी संदेहास्पद मामले पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

# श्री प्रेमभाया महोत्सव का आगाज आज

## पूर्व संध्या पर घर-घर में हुई रंग-बिरंगी रोशनी से सजावट



प्रेमभाया महोत्सव की पूर्व संध्या पर रविवार को चांदपोल बाजार स्थित जयलाल मुंशी का रास्ता रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया।

**जयपुर** । परंपरागत रूप से आयोजित होने वाला ढूंढाड़ की विरासत श्री प्रेमभाया महोत्सव के उपलक्ष में 84 वां त्रिदिवसीय भक्ति संगीत समारोह (शीतलाष्टमी) 1 से 3 अप्रैल 2024 तक युगल कुटीर, जयलाल मुंशी का रास्ता, चांदपोल बाजार, जयपुर में श्री प्रेमभाया मंडल समिति द्वारा मनाया जाएगा। पूर्व संध्या पर घर-घर में रंग-बिरंगी रोशनी से सजावट की गई।

समिति के अध्यक्ष विजय किशोर शर्मा ने बताया कि सोमवार सुबह वैदिक मंत्रोचारण के साथ श्री प्रेमभाया सरकार का पंचामृत अभिषेक करवाकर नवीन पोशाक धारण कराई जाएगी व आह्वान के साथ बधाई पद गाये जाएंगे। तत्पश्चात रात्रि 8:00 बजे से संपूर्ण रात्रि भक्ति संगीत रहेगा जिसमें देश प्रदेश के प्रमुख गायक , वादक अपनी हाजिरी लगाएंगे। इस अवसर पर मुख्य द्वार पर शहनाई व नंगारा वादन होगा। जयलाल मुंशी के रास्ते में भक्तों द्वारा घर-घर लाइट से रोशनी की गई है।

विजय किशोर शर्मा ने बताया कि इस त्रिदिवसीय भक्ति संगीत समारोह में 2 अप्रैल को रात्रि 8 बजे से संपूर्ण रात्रि भक्ति संगीत रहेगा। 2-3 अप्रैल को दिन में महिला मंडलों द्वारा भक्ति संगीत तथा 3 अप्रैल को 7 बजे नगर संकीर्तन युगल कुटीर से प्रारंभ होगा, जो कि शहर के प्रमुख मार्ग से होता हुआ प्रातः 7:00 बजे सत्संग स्थल पर पहुंचकर महोत्सव संपन्न होगा। महोत्सव में प्रमुख गायकों में राकेश शर्मा, प्रमोद त्रिपाठी, प्रकाश दास जी महाराज, परवीन मिर्जा, आकांक्षा राव, रामस्वरूप दास, हीना सेन, सन्नी चक्रधारी, अमित नामा, गोपाल सिंह राठौड़ पूजा राठौर , गोपाल सेन, महेश परमार सहित अन्य गायक व वादक अपनी हाजिरी लगाएंगे।

# डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़ अध्यक्ष और योगेंद्र पंचौली महासचिव निर्वाचित

## पिंकसिटी प्रेस क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी के वार्षिक चुनाव के नतीजे घोषित हुए



**जयपुर** । पिंकसिटी प्रेस क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी 2024-25 के लिए डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़ "बिल्लू बन्ना" अध्यक्ष और योगेन्द्र शर्मा पंचौली महासचिव निर्वाचित हुए है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल.एल.शर्मा ने बताया कि अध्यक्ष पद पर डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़ को 244, अभय जोशी को 230, राधारमण शर्मा को 214, रूपेश कुमार टिंकर को 133, भागीरथ को 81 और बबीता शर्मा को 20 मत मिले है। महासचिव पद पर योगेन्द्र शर्मा पंचौली को 274, राहुल शर्मा "गौतम" को 252, मुकेश चौधरी को 195, रामेन्द्र सोलंकी को 184 मत मिले है। उपाध्यक्ष के दो पदों पर विमल सिंह तंवर और राहुल भारद्वाज निर्वाचित घोषित किए गए है। इस पद पर तंवर को 373 और भारद्वाज को 285 मत मिले है। परमेश्वर प्रसाद शर्मा को 282, दिनेश कुमार सैनी 239 और निखलेश शर्मा 238 मत मिले है। उन्होंने बताया कि कोषाध्यक्ष पद पर गिरिराज प्रसाद गुर्जर 349 मत प्राप्त कर सफलता हासिल की है। इस पद पर अनिल त्रिवेदी को 334 और डी.सी.जैन को 219 मत मिले है।

निर्वाचन अधिकारी सुरेश योगी ने बताया कि कार्यकारिणी के 10 पदों पर डॉ.मोनिका शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह राजावत, अनिता शर्मा, ओमवीर भार्गव, सत्य पारीक, सिद्धार्थ उपाध्याय, नमोनारायण अवस्थी, संजय गौतम, शालिनी श्रीवास्तव और उमंग माथुर निर्वाचित घोषित किए गए है।

# पुस्तक 'मौन, ए मीटिंग विद साइलेंस' का विमोचन

**जयपुर**, (का.सं.)। यज्ञ आचार्य एवं मेडिटेशन एक्सपर्ट डॉ.निर्मला सेवानी व एनी मिलर लिखित पुस्तक मौन, ए मीटिंग विद साइलेंस का विमोचन यहां रामबाग पैलेस के सामने स्थित पाणिग्रह परिसर में हुआ।

समारोह में लेखिका डॉ.निर्मला सेवानी ने इस पुस्तक में लिखी चुनिंदा कविताओं का पाठ किया। मौन है तब कहानी तेरी मेरी एनी की..., कलम चली शब्द परे मौन पर एनी का कर्म...जैसी कविताओं को सराहा गया। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक जीवन के हर रहस्यों को उजागर करेंगी।

यजुर्वेद में डॉक्टरेट उपाधि प्राप्त डॉ.निर्मला सेवानी ने कहा कि उन्होंने छोटी-छोटी कहानियों में यज्ञ विधा, बीज मंत्र से लेकर मंत्र विस्तार, जीवन दर्शन, मेडिटेशन व वास्तु विधा समेत समसामयिक संदर्भों को सूक्ष्मता से समावेश किया है। इसके अलावा वाइब्रेशन की दुनिया और भारतीय वैदिक ज्योतिष के अनेक अनुत्तिरत सवालों के जवाब भी हैं जो पाठकों की जिज्ञासाओं का मार्गप्रशस्त करेंगे। इनमें जीवन के रहस्यों को उजागर करने का पुरजोर प्रयास किया गया है।

# डी.सी.पी. ने जयपुर मेट्रो में सुरक्षा व्यवस्था जांची



**जयपुर** । आगामी लोकसभा चुनाव के मध्यनजर जयपुर मेट्रो रेल में बढ़ते यात्री भार को देखते हुए जयपुर मेट्रो रेल की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जेएमआरसी डीसीपी सागर ने रविवार को सभी मेट्रो स्टेशनों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

डीसीपी मेट्रो के साथ एडिशनल डीसीपी रामस्वरूप शर्मा, पुलिस निरीक्षक अजयकान्त रतूडी तथा सहायक उप निरीक्षक लालाराम, स्टेशन अधीक्षक मनीष शर्मा, जे.ई. अर्चना गुप्ता उपस्थित रहे। डीसीपी ने बडी चौपड मेट्रो स्टेशन से मानसरोवर तक भ्रमण किया। इस दौरान आर्ट गैलेरी, बडी चौपड, छोटी चौपड, चांदपोल, रेल्वे स्टेशन, सिविल लाईन, रामनगर, श्याम नगर, विवेक विहार, न्यू आतिश मार्केट, मानसरोवर मेट्रो स्टेशनों पर मेट्रो रेल द्वारा जेएमआरसी के प्रशासनिक एवं तकनीकी अधिकारियों के संयुक्त भ्रमण के दौरान मेट्रो रेल स्टेशनों पर सुरक्षा के प्रबंध एवं अन्य आवश्यक बिन्दुओं का जायजा लिया गया। इस दौरान डीसीपी ने मेट्रो रेल में यात्रा कर रहे यात्रियों से फीडबैक लिया। यात्रियों द्वारा पर्यावरण संरक्षा एवं सेफ्टी के तौर पर सकारात्मक फीडबैक दिया गया।

## सार-समाचार

### आश्रम में होली महोत्सव का आयोजन



**जयपुर** । सद्गुरुदेव सतपाल महाराज की प्रेरणा से मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से रविवार को होली महोत्सव का आयोजन किया गया। समिति प्रेस सचिव सुनीता रमेश सैनी ने बताया कि संस्था के कार्यकर्ता, मानव सेवा दल सदस्यों व युवा टीम के साथ संत महात्माओं ने फूलों की होली खेली। महात्मा आचार्यानन्द ने होली मिलन का आध्यात्मिक रहस्य समझाया। महात्मा आराधना बाईजी व महात्मा शाकम्बरी बाईजी के होली गीतों पर भक्तों ने नृत्य किया। महात्मा रक्षितानन्द, महात्मा कौमुदी बाईजी व महात्मा शुभा बाईजी ने भक्तों के उपर फूलों की बरसात की।

### नाटक से मतदाता जागरूकता अभियान

**जयपुर**, (का.सं.)। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आर्ट ऑफ लिविंग संगठन जयपुर के समर्पित स्वयंसेवकों ने 21 मार्च को सिटी पार्क में एक मतदान जागरूकता अभियान चलाया कार्यक्रम में "डायनेमिज्म फॉर सेल्फ एंड नेशन" (डी.एस.एन.) के प्रतिभागियों ने नुक्कड़ नाटक और फ्लैश मॉब के माध्यम से प्रत्येक वोट के महत्व को बताया और नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। यह अभियान संगठन के उत्साही युवाओं द्वारा एक पहल के रूप में शुरू किया गया था, जिसमें यह संदेश फैलाया गया था कि मतदान देश की बेहतर भविष्य के लिए बहुत आवश्यक है । इस कार्यक्रम ने शहरवासियों को आकर्षित किया जिसमें 500 से अधिक उपस्थित नागरिकों ने मतदान करने की शपथ ली । आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक श्री महेश शर्मा ने मीडिया को बताया कि राज्य के 50 से अधिक नागरिकों ने डी.एस.एन. कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम उनकी आंतरिक क्षमता को अनुकूलित करने और उनकी ऊर्जा को राष्ट्र के कल्याण की दिशा में लगाने के लिए है और इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने जयपुर के नागरिकों को हमारे राष्ट्र के बेहतर भविष्य के लिए मतदान की अपनी नागरिक जिम्मेदारी को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### गुरू-शिष्यों ने खेली फूलों की होली

**जयपुर** । गायत्री शक्ति पीठ ब्रह्मपुरी में रविवार को होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। वेदमाता गायत्री और गुरू सत्ता के पूजन के बाद दिनेश कुमार , गायत्री कचोलिया, अजय भारद्वाज ने होली का पर्व देखो आया रे रंग गुलाल लगालो ... , रंग दे युग बसंत रंग दे... आओ हिलमिल होली खेले... जैसे फाल्गुनी प्रज्ञा गीतों की सरस प्रस्तुति दी। पांच तरह के फूलों से होली खेली गई। शांतिकुंज हरिद्वार में राजस्थान के प्रभारी जय सिंह यादव ने कहा कि होली मिलन समारोह की सार्थकता प्रेम और सम्मान देने में है। हम प्रेम बांटे और सम्मान दे। गायत्री परिवार राजस्थान के संयोजक ओम प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि अहंकार गलाने से संगठन का विस्तार और आत्मीयता का विस्तार होगा। शांतिकुंज प्रतिनिधि आर डी गुप्ता, जयपुर उप जोन समन्वयक सुशील शर्मा, गायत्री शक्ति पीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक सोहन लाल शर्मा, सतीश भाटी, डा प्रशांत भारद्वाज, बृजेश रावत सहित अनेक गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मनीशंकर चौधरी ने साधना आंदोलन को प्रखर बनाने का आ ान किया। साथ ही समयदान और अंशदान करने के लिए प्रेरित है।

### 26वां वार्षिकोत्सव छह अप्रेल को होगा

**जयपुर** (कासं)। श्याम परिवार झोटवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र की ओर से 26 वां वार्षिकोत्सव छह अप्रेल को मनाया जाएगा। मुख्य संयोजक जय भगवान अग्रवाल और आनंद गुप्ता ने बताया कि इस मौके पर भजन संध्या का आयोजन झोटवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित आनंद बाजार में होगा। कार्यक्रम में लखदातार का विशेष दरबार तैयार करवाया जा रहा है। इस मौके पर ख्यातिनाम कलाकार बाबा श्याम को भजनों से रिझाएंगे। कोलकाता के रोहित शर्मा, गौरव पारीक, फरीदाबाद से गुंजन मेहता, जयपुर के नवीन शर्मा, रोहित शर्मा, दादा कुमार नरेंद्र भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। राजेंद्र शर्मा, सूर्यकांत गाडिया ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत शाम सात बजे से होगी। आनंद गुप्ता ने बताया कि अखंड ज्योत, इत्र वर्षा के साथ 56 भोग झांकी सजाई जाएगी। 150 से अधिक गुलाब सहित अन्य फूलों से विशेष शृंगार किया जाएगा।

### शॉर्ट सर्किट से बैंक में आग लगी

**जयपुर** । भारतीय स्टेट बैंक की चेस्ट ब्रांच में शनिवार देर रात आग लग गई। एयर कंडीशनर के आउटर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग बैंक के अंदर जा पहुंची। बनीपार्क थाना पुलिस ने तीन दमकलों की मदद से एक घंटे में आग पर काबू पाया। आग से बैंक में लगे कांच टूटने के साथ डॉक्यूमेंट जल गए। पुलिस ने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर के पास एस.बी.आई. बैंक की चेस्ट ब्रांच है। रात करीब 10:30 बजे बैंक के आसपास रहने वाले लोगों ने बैंक में आग लगने की सूचना दी। सूचना पर पुलिस और फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची। आग की सूचना पर बैंक कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया कि बैंक में लगे एयर कंडीशन के आउटर में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगी थी। देखते ही देखते आग के फैलने पर वह बैंक के अंदर चली गई। आग से बैंक के अंदर लगे कांच टूट गए। कुछ डॉक्यूमेंट भी जलना सामने आया है। आग से बैंक में रखा कैश जलने से मना किया गया है।

### शीतला अष्टमी पर शुभकामनाएं

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने शीतला अष्टमी (1 अप्रैल) पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल मिश्र ने शीतला माता से सभी के उत्तम स्वास्थ्य, सुख, शांति समृद्धि और आरोग्य प्रदान करने की कामना की है।

# 230 पेटी देशी शराब के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** । गांधी नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व(डीएसटी) ने लोकसभा चुनाव 2024 आदर्श आचार संहिता में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से शराब की सप्लाई करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से अवैध शराब से भरी बोलेरो-पिकअप भी जब्त की है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि गांधी नगर थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने लोकसभा चुनाव 2024 आदर्श आचार संहिता में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से शराब की सप्लाई करने वाले नवरतन धानक निवासी सोडाला और प्रेमचंद साहू निवासी गांधी नगर को गिरफ्तार कर उनके पास से 230 पेटी देशी शराब और परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो-पिकअप भी जब्त की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

इसी तरह जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन "क्लीन स्वीप" के तहत ड्रग्स एवं अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ झोटवाड़ा, शिवदासपुरा एवं श्याम नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को दिलीप कुमार निवासी अमृतसर (पंजाब) हाल झोटवाडा जयपुर, बंटी सांसी निवासी मेहन्दवास जिला टोंक हाल शिवदासपुरा जयपुर और अनिल चौधरी निवासी श्यामनगर जयपुर को गिरफ्तार किया है।

# गैंगस्टर्स को फर्जी पासपोर्ट से विदेश भेजने वाला राहुल सरकार नेपाल बॉर्डर से दबोचा



**जयपुर** । एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय एवं बीकानेर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर रोहित गोदारा व लॉरेंस गिरोह के सदस्यों लिए फर्जी पासपोर्ट तैयार कर विदेश भेजने वाले मुख्य सरगना राहुल सरकार को उत्तराखण्ड से पकड़ने में सफलता हासिल की है।

उप महानिरीक्षक पुलिस अपराध शाखा व एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स योगेश यादव के सुपरविजन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्याप्रकाश के पर्यवेक्षण में पुलिस निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह एवं सुनिल कुमार की सूचना पर टीम को रवाना किया गया। गैंगस्टर्स अपनी पहचान छुपाकर विदेश जाने के लिए जिस फर्जी पासपोर्ट का उपयोग करते है वह फर्जी पासपोर्ट मुख्य रूप से राहुल सरकार नामक व्यक्ति द्वारा उपलब्ध करवाये जाते है। इस शातिर अपराधी पर एजीटीएफ द्वारा पूर्व से ही निगरानी रखी जा रही थी। जिसके संबंध में दिल्ली एवं उत्तराखंड में दबिश दी गई थी।


- **आरोपी रोहित गोदारा व लॉरेंस गिरोह के सदस्यों लिए फर्जी पासपोर्ट तैयार कर उन्हें विदेश भेजने में मदद करता था**

एजीटीएफ टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई कर राहुल सरकार के उतराखण्ड में छुपे होने का पता लगाया। इस पर पीएचक्यू एजीटीएफ व बीकानेर पुलिस द्वारा उतराखण्ड नेपाल बॉर्डर से उसे दस्तयाब किया गया। इससे संबंधित प्रकरण बीकानेर पुलिस द्वारा दर्ज किया गया है जिसमें अनुसंधान जारी है।

पुलिस निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह एवं सुनिल कुमार साहसी अधिकारी है। जिनको गैंगस्टर्स के नेटवर्क की कमर तोडने में महारथ हासिल है। इन दोनों अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी हत्याकाण्ड के मुख्य अपराधियों को चण्डीगढ़ से गिरफ्तार करने में विशेष भूमिका निभाई थी। रोहित गोदारा व लॉरेंस गैंग के जिन सदस्यों को विदेश भागने में मदद की गई है एवं फर्जी पासपोर्ट उपलब्ध करवाये गये है, उन सभी को भी एजीटीएफ द्वारा चिन्हित किया गया है।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा

## मतदान केन्द्रों पर लाइव वेबकास्टिंग, पोस्टल एप और राज्य की सीमाओं पर सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए



मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने रविवार को सचिवालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारियों से चुनावी तैयारियों पर संवाद किया।

**जयपुर** । मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने रविवार को शासन सचिवालय से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ मतदान केन्द्रों पर लाइव वेबकास्टिंग, पोस्टल बड्डी एप एवं राज्य की सीमाओं पर सुरक्षा व्यवास्था और निगरानी बढ़ाने तथा सीएपीएफ की तैनाती सहित निर्वाचन संबंधी विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की।

- **प्रथम चरण में होम वोटिंग के लिए करीब 37 हजार पात्र मतदाता पंजीकरण करा चुके**

उन्होंने शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के लिए स्वीप वार रूम के संचालन, शिकायतों के त्वरित निवारण, सोशल मीडिया एवं फेक न्यूज मॉनिटरिंग तथा ईवीएम मशीनों के रैंडमाइजेशन के बारे में आवश्यक निर्देश दिए।

गुप्ता ने बताया लोकससभा आम चुनाव-2024 के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन विभाग ने 50 फीसदी से अधिक मतदान केन्द्रों पर लाइव वेब कास्टिंग करवाने की व्यवस्था की है। प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में वल्नरेबल और क्रिटिकल मतदान केंद्रों को चिन्हित किया गया है। इन मतदान केन्द्रों सहित 50 फीसदी मतदान केन्द्रों पर लाइव वेबकास्टिंग को सुचारू चलाने के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति, चालू हालत में विद्युत पावर पॉइंट, टेली कनेक्टिविटी आदि की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि वेब कास्टिंग को जिला निर्वाचन अधिकारी से लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी लाइव देखेंगे। इसके संचालन के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे। गुप्ता ने कहा कि प्रथम चरण के 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में होम वोटिंग के पंजीकरण की प्रक्रिया 28 मार्च को पूरी हो चुकी है। प्रथम चरण के लिए करीब 37 हजार पात्र मतदाता पंजीकरण करा चुके हैं, मतदान प्रक्रिया 5 अप्रैल से शुरू होगी। गुप्ता ने बताया कि दूसरे चरण में मतदान वाले 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में होम वोटिंग के लिए पंजीकरण का कार्य जारी है और 2 अप्रैल तक आवेदन किया जा सकता है। अब तक 37 हजार से अधिक पात्र मतदाओं ने पंजीकरण कराया है। निर्वाचक अधिकारी होम वोटिंग का विकल्प चयन करने वाले मतदाताओं की सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों को 8 अप्रैल तक उपलब्ध कराएंगें। विशेष मतदान दल गठित कर उनके प्रशिक्षण की सभी प्रक्रिया 13 अप्रैल तक पूरी कर ली जाएगी। होम वोटिंग के लिए मतदान प्रक्रिया 14 अप्रैल से शुरू होकर 21 अप्रैल तक चलेगी। किसी कारण से मतदाता के होम वोटिंग के लिए अनुपस्थित या वंचित रह जाने पर दूसरा दौर 22 से 23 अप्रैल के बीच होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए प्रदेश के प्रत्येक परिवार को मतदाता पर्ची के साथ मतदाता मार्गदर्शिका उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के मतदान वाले लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 61 लाख 29 हजार मार्गदर्शिकाओं का वितरण किया जा रहा है। दूसरे चरण के मतदान वाले लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 63 लाख 71 हजार मार्गदर्शिकाओं का वितरण होगा। बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं के घर-घर यह मार्गदर्शिका पहुंचाई जाएगी।

# बुकरू फेस्टिवल में बच्चों ने दिखाई 'क्रिएटिविटी'



**जयपुर**, (का.सं.)। इतनी रंगों भरी इनकी दुनिया है क्यों, सोचो तो, सोचो ना, जवाहर कला केन्द्र में कला संसार के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय बुकरू चिल्ड्रन लिटरेचर फेस्टिवल में पेरेंट्स को बच्चों की सतरंगी दुनिया से जुड़े इस सवाल का हल मिल गया। यहां एक्सपर्ट्स के सेशन में बच्चों को क्रिएटिविटी का डोल मिला।

रविवार को बच्चों की क्रिएटिविटी को बूस्ट करने वाले बुकरू फेस्टिवल का समापन हुआ। बच्चों ने दो दिन स्टोरी टेलिंग, वर्कशॉप, नाटक, डूडल वॉल, क्रॉफ्ट मेकिंग समेत अन्य रचनात्मक गतिविधियों के सेशन में हिस्सा लिया। ये सेशन बच्चों की दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। बुक फेयर में उन्होंने अपनी पसंदीदा किताबें भी खरीदी। कुछ सेशन बच्चों के साथ-साथ बड़ों के लिए भी बड़े रोमांचक रहे। बुकरू में देशभर के 27 एक्सपर्ट्स ने 50 सेशन लिए। रविवार का दिन बेहद खास रहा। बच्चों में एक भरपूर उत्साह देखने को मिला। कहानी कुंड में कमल काबुलीवाला, शिवानी कानोडिया, विक्रमजीत सिंह रूपराई, दीपा किरण, स्वेचा प्रसाद और अभिषेक मुद्गल ने अलग-अलग कहानियां सुनाई। स्टूडियो में गायत्री, नंदनी नैय्यर, वसुंधरा बहुगुणा, लिकला और ऑडिटोरियम में ममता नैनी, दीपा अग्रवाल ने सेशन लिए। अभिषेक मुद्गल के निर्देशन में हुए नाटक तिन तिगाडा काम बिगाडा ने खूब गुदगुदाते हुए समाज में प्रचलित गलत धारणाओं का खंडन किया। क्राफ्ट कॉर्नर में श्रुति हेमानी ने बच्चों को भावनाओं की अभिव्यक्ति के विषय में बताया, लिकला ने विजुअल आर्ट के विभिन्न पहलु बताए, शर्लिन पिमेंता ने लकड़ी और कागज से क्राफ्ट बनाना सिखाया।




## April Fools' Day

Also known as *All Fools' Day*, and celebrated every year on April 1st, *April Fools' Day* is a holiday when people play pranks on each other and try to trick their friends and family. The origins of April Fools' Day are unclear, but it is believed to have originated in ancient Rome as a festival called 'Hilaria.' The holiday has since spread around the world and is now celebrated in many countries. On *April Fools' Day*, people often play practical jokes on one another. The day is typically marked with a light-hearted spirit and is not meant to be taken seriously.



#DESTINATION

# Securing A Work Visa

Whether it's the work-life balance in the Netherlands, the economic opportunities in the UK, the natural beauty of New Zealand, the dynamic environment of Singapore, or the promising prospects in Australia, each destination offers its own unique advantages for Indian professionals, looking to embark on an international career journey.









Securing a 'work visa' abroad often comes with significant challenges, navigating through complex eligibility criteria and bureaucratic red tape. However, selecting a country with streamlined procedures and fewer requirements can greatly simplify this endeavour. Whether aspiring for a balanced work-life dynamic in the Netherlands, exploring economic opportunities in the UK, being captivated by the picturesque landscapes of New Zealand, immersing in the dynamic culture of Singapore, or pursuing promising career avenues in Australia, each destination offers unique benefits for Indian professionals, venturing into the realm of international careers. Here, we highlight five such countries, where obtaining a work visa from India is relatively straightforward, each offering distinct advantages to consider, when determining the best fit for your needs.

### The Netherlands

Renowned for its outstanding work-life balance, the Netherlands provides a flexible visa endorsement system, designed for professionals seeking career advancement. The country's commitment to technological innovation nurtures an environment conducive to professional development. Moreover, lower taxes and high living standards ensure access to top-notch career opportunities, education, and healthcare.

### United Kingdom

Being a significant global economic force, the UK offers plentiful prospects for Indian citizens aspiring to work overseas. Various visa pathways, such as the Global Talent Visa and Skilled Worker Visa, streamline entry for skilled professionals into the country. The UK's flourishing economy and robust infrastructure create a conducive setting for advancing one's career.

### New Zealand

With streamlined visa processes and minimal prerequisites, New Zealand stands out as a desirable choice for Indian professionals. Enhanced by its stunning natural landscapes and modern amenities, the country offers an inviting atmosphere for living. Through its inclusive immigration policies, New Zealand fosters abundant prospects for career progression and individual development.

### Singapore

Known for its easy work visa process, Singapore welcomes Indian professionals across various industries, from teaching to information technology and hospitality. As a global financial hub, the city-state offers abundant job opportunities and a favourable business climate. Singapore's warm climate adds to its allure, making it an attractive destination for individuals seeking career growth in a dynamic environment.


### Australia

With reduced quotas for skilled workers, Australia offers favourable work visa options for Indian professionals aspiring for international career growth. The country's citizenship rights, safe environment, and superior living standards make it an appealing destination. Australia's robust economy and diverse job market provide ample opportunities for professionals to thrive and succeed.




Fanny Parkes, whose '*Wanderings of a Pilgrim in search of the Picturesque, During Four-and-twenty Years in the East; with Revelations of Life in the Zenana,*' in detail, not only shows that Parkes understood India better, but India became personal to her! It was a clear departure from the mid-19th century English arrogance on the colonised people. Of course, the English community was critical of the book itself. According to the critics, "Her opening invocation to *Ganesha*, the Hindu patron of literature, was in the worst possible taste."

# The Female Coloniser Of India







Anjali Sharma
*Senior journalist & wildlife enthusiast*

The challenges faced and overcome by the English women, who came to India accompanying their husbands, parents and siblings, during the chosen period of two-and-a-half centuries of company rule, were many. In the beginning, the accompanying women of the English were thought to be mere encumbrances, though later, they were persons of substance. From the time they were considered 'incumberance' to the time when they became 'instruments of both, convenience and utility' for the traders, in addition to some of them becoming torch-bearers of later *feminist movements*.

Company's stout refusal to allow any of its members to be accompanied by the spouse, were some of the dictates that had to be adhered to. For almost two generations, the directors remained steadfast in their assessment that the wives were mere 'incumberances.' But in 1650, when Aaron Baker refused to accept the posting given to him in Bantam, unless he was allowed to take his wife along and since the company knew he was very valuable, they had to relax the rules. The Company's willingness to allow Elizabeth Baker to 'accompany him to Madras' became the starting point though Elizabeth never reached the shores of India. Her tombstone, originally from the present High Court complex in the then Madras and now in St. Mary's Church compound, notes her date of death as August 5, 1652, at sea.

Although whatever one reads of ladies, who later left for India, one should feel that had she reached India, she might not have liked to stay as the conditions were not conducive. It was not easy for a factor to maintain a family, with the type of remuneration he was getting. In 1678, the company felt the need to 'prevent liaisons with 'foul' women and to avoid weakening of the *Protestant religion* and interest' and increased the wages so that a family could be maintained. In fact, religion played an important role.

On the other hand, one can read extensively, that for the English women, India had always represented an opportunity to improve economic and social level. Quoting three English women, who played important roles in their own ways, the author shows that India offered them 'a lifestyle' that they could never have imagined in their own country.

*Maria*, who came to India as Mrs. Imhoff and ended up marrying Hastings, finds a place in the book for her 'love affair,' in spite of the "scandal" tag attached to the story in Madras. According to the author, "Her wit and vivacity together with Calcutta's own rather looser morality apparently put the entire affair quite beyond the reach of scandal." So are the stories of many an Englishwoman, who made a mark in one way or the other, whether it was while negotiating with the king's men in India or the social order that the woman created. Beginning with the publication of *Jemima Kindersley's* letters, which is considered one of the best in the genre, through their journals, letters, diaries and articles, the Englishwomen could convey a sense of India's people, geography, cultures and religions that lay outside the realm of officialdom or scholarship.

Far from withdrawing from India as their earlier counterparts did these women reached out, with excitement and enthusiasm. These women communicated with the locals by learning the languages and learned to appreciate life as lived in the interior areas and recorded their findings, which became sources for later researchers. Most colourful descriptions of India came from *Emma Roberts* or *Fanny Parkes,* who moved about freely and recorded whatever they found interesting. *Maria Graham* is dealt with, more elaborately. Maria came to India with her father Dundas, as a 23-year-old woman, unmarried. During the long trip to India, she fell in love with a Scot, Thomas Graham and they were married in India, in 1809. When the couple returned to England, her book '*Letters on India'* was published. She learned Persian and made use of the friends in India to study further. Thus, she set a pattern of writing a travelogue, which became a model for many. Fanny Parkes, whose '*Wanderings of a Pilgrim: In search of the Picturesque, During Four-and-twenty Years in the East; with Revelations of Life in the Zenana*,' in detail, not only shows that Parkes understood India better, but India became personal to her! It was a clear departure from the mid-19th century English arrogance on the colonised people. Of course, the English community was critical of the book itself. According to the critics, "Her opening invocation to *Ganesha*, the Hindu patron of literature, was in the worst possible taste."

From 1760 to 1840, the British both, expanded their frontiers and consolidated their authority in India. While they negotiated and made alliances with some native rulers, they fought against and defeated others beyond conquering new territories, the East India Company also began to tax local populations. This was an extremely lucrative practice, and during the eighteenth century, the Indian province of 'Bengal' alone generated tax revenue of three million pounds. In order to keep tax revenue flowing, the British administration needed to assess taxes, enforce payment, and encourage stable property relations. Juggling military conquest, diplomacy with native rulers, and the regulation of tax collection resulted in a governmental bureaucracy that was unusually large, and predominantly concerned with controlling native peoples rather than the self-rule systems common in North American colonies.

#MYTHS

> But where did these women stand in the colonial spectrum of power? How were their roles as 'imperialists' unique? Colonial organization was dependent on both, creation of gender and class distinctions amongst the British and of a racial distinction from the colonized. This system was based on the concept of *paternalism*.

### Missionary work

*British women's missionary work* has been characterised as focused on seeking to enter and transform the high-caste Hindu household. In fact, British women missionaries sought inclusion in mainstream missionary strategies, which afforded them visibility, largely through establishing schools and orphanages. They also engaged with mainstream discourses of 'colonial and missionary education' in India. Establishing India also details how India was established for British missionary women through texts and magazines. Missionary magazines provided British women with a continuous record of women's work in India, reinforcing a belief in the providential rightfulness of the project. Magazines also both, facilitated and misrepresented various types of work that British women engaged with in India. *Orphan sponsorship* was established through the magazines and myths of *zenana work* were constructed. Missionary magazines were crucial to counteracting male narratives of white female absence or victimhood in India and they served to keep the women's missionary project in India both visible and intact.

Some British women created professional roles for themselves, out of their philanthropic work in India between 1880 and 1900. Colonial India provided a particular context of imperial ideals and gendered realities. Indian women were believed to be particularly deprived of learning, medical care and civilisation by custom and culture, and Englishwomen could call on the rhetoric of imperial duty to legitimise their care of these disadvantaged women.

rajeshsharma1049@gmail.com

### Patriarchal system

When considering imperialism, there is a group of people who exist at the intersection of race, class, and gender hierarchies, *the female colonizer*. The logic, that colonial power is built upon, often overlaps with the logic used to justify a 'patriarchal system.' But this blurring allowed the British women of colonial India a certain amount of 'gendered power' to participate in the imperialism of the British Empire.

The histories of British women in the colonies have been vilified, romanticized, or altogether omitted from the colonial narrative. One portrayal of these women is as 'exalted martyrs,' who embodied English feminity, helping 'save the heathens' with their morality. Conversely, in the book, '*Empire and Sexuality,'* Ronald Hyam describes a common stereotype of the British colonial woman in modern consciousness,

"Dull, incurious eyes of the *memsahib*, moping and sickly, narrowly intolerant, vindictive to the locals, despotic and abusive to their servants, invariably gossiping viciously, prone to extra-marital affairs, cruelly insensitive to Indian women and hopelessly insulated from them."

But where did these women stand in the colonial spectrum of power? How were their roles as 'imperialists' unique? Colonial organization was dependent on both, creation of gender and class distinctions amongst the British and of a racial distinction from the colonized. This system was based on the concept of *paternalism*, which had a dual importance in the colonies. It was the system that British households revolved around, men as the head, with responsibility and control over the family. In her article, '*Imperial Geographies of Home: British Domesticity in India*,' Alison Blunt suggests that in the model state, British colonists took on a paternalistic role, with 'a (white) father ruling over a mass of unruly (brown) children.' The metaphor of the family was essential in perpetuating the British idea of the 'model government.' British women were essential in replicating it within the home.

This is exemplified in colonial British women's literary works, travelogues, letters and household guides for other women. The household guides, in particular, are revealing as to the extent to which these women worked to establish an 'imperialistic model' within their own homes. They conveyed how the ideal British wife in India run her household and 'train the native servants.' In a guide (written by an anonymous 'lady resident)', '*The Englishwoman in India*,' the author states that in relation to knives, 'which are constantly stolen,' that the 'natives thoroughly enjoys lazily squatting on the ground' to sharpen them. She recommends that readers simplify writing as much as possible as 'native intellect' corrupts the message till it is comically unintelligible. At the risk of 'scandalizing' readers, the author proposes hiring servants who are 'all unmitigated heathens,' for Christians are almost always 'cheaters.' The language is reflective of an attempt to create not only racial and cultural distance, but also a 'intellectual and moral' divide.

These divides helped British women in India perpetuate the imperialist model by implementing it 'domestically'. A recurring theme in the guide is that of the British woman "conquering" the foreign country at the domestic level, establishing racial and social hierarchies, much like her male counterparts did. It is important to note the extent to which imperialist models like these can shape every aspect of colonial society, from the governing of servants to the governing of nations.

#J'ADORE

# Nail Trends That Are in Full Bloom

## Artists are getting creative with their finishing touches

This spring, we lay to rest the minimal manicures that ruled our fingertips for the past year. Many of 2024's trends are rebelling against the previously reigning 'clean girl' look. So what's next, you ask? Beauty experts are predicting a widespread return to 'maximalism' this year and nail designs are no exception. All of spring *2024's nail trends* make a statement with bold art and flashy details. Artists are getting creative with their finishing touches. Even our favourite neutrals and more subtle polishes are getting an eye-catching twist. Ahead, we share some of the top nail looks for this spring season!



### Nail Jewels

Even the most basic manicure looks like it took a whole lot of effort when you add sparkling *3D nail jewels*. We're going to be seeing more textured nail art, specifically gel designs that are not only fun to look at but also fun to touch. Pick your favourite stone or mix metals, like silver and gold studs. For a more subtle look, adorn a solid-coloured manicure with dainty gold pearls.



### Jelly Nails

This look has a *Y2K vibe,* with a futuristic twist. Reach for a nail polish with a *jelly finish* or go for a set of *jelly-tinted press-ons*. If you're in a pinch, mix a few drops of your desired nail polish colour with clear nail polish to achieve the perfect sheer shade. The fewer coats, the more transparent the effect will be.




### Cat Eye Nails

*Cat Eye nails* are back in a fresh palette. This spring, experiment with the glittering finish over seasonal colours like pastel yellows and soft, muted blues. If you can't make a trip to the salon, a simple DIY way to achieve this look is with a magnetic nail polish. After coating your nails in the polish, use a nail magnet to manipulate the particles into any design you'd like.



### French Croc


*Crocodile-print nails* are the most popular choice right now. Rather than painting your entire nail in this bold texture, emboss French tips with the design in earth tones. This nail design is very technical to paint by hand with traditional polish. We recommend to use *blooming gel* (a product that spreads or blooms once it has been placed) for an easier approach. To begin the design, dot some blooming gel spread out in dashes, across your nail bed, in a brick pattern. These dashes will spread in a matter of seconds, leaving a pattern with gaps that resembles a crocodile.



### Coquette Nails


Everything is prettier with a bow on it, including your manicure. Dress up your favourite polish with 3D bows and pearls to nail the *coquette aesthetic*. With these 3D nail decals, available easily, there's no need to be skilled at tying the perfect bow. Just add a dot of nail glue exactly where you want to stick on the accessory.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अवैध चेजा पत्थर परिवहन करने पर छह ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किये

## दूसरी कार्रवाई में अवैध देशी मदिरा एवं हथकड़ शराब रखने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**निवाई,** (निसं)। निवाई-दतवास पुलिस ने आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के मध्येनजर अवैध क्रियाकलापों के विरूद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अवैध रूप से देशी मदिरा एवं हथकढ़ शराब के साथ तीन जनों को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार अवैध चेजा पत्थर परिवहन करने के मामले में छह ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त करके एक चालक गिरफ्तार किया है। चेजा पत्थर की कीमत करीब 30 लाख रूपए बताई है।



दतवास पुलिस ने चेजा पत्थर से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की।

थानाधिकारी हेमन्त जनागल ने बताया कि आईजी रेंज अजमेर द्वारा अवैध क्रियाकलापों को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक संजीव नैन द्वारा प्रदत्त निर्देशों की पालना में अपराधियों की धरपकड़ एवं लोकल एवं माईनर एक्ट की कार्यवाही को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह व पुलिस उपाधीक्षक मृत्युन्जय मिश्रा के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी हेमन्त जनागल द्वारा गठित अलग-अलग टीमों ने गत 24 घण्टों में कार्यवाही करते हुए दत्तवास एवं तुर्किया में सरकारी स्कूल के पास वाहनों में लगे टेप रिकॉर्डर को तेज आवाज में बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने वालों के विरूद्ध तीन प्रकरण दर्ज कर आरोपी दिनेश मीणा पुत्र कन्हैया मीणा निवासी करणपुरा लालसोट जिला दौसा, मुजाहिद खान पुत्र सरताज निवासी दोनायचा मलारना डूंगर जिला सवाईमाधोपुर, विक्रम गुर्जर पुत्र देवलाल गुर्जर निवासी जटवाडा कलां सूरवाल जिला सवाईमाधोपुर को गिरफ्तार किया है।

इसी प्रकार दहलोद मोड़ तन ललवाडी में आरोपी लालराम पुत्र रंगलाल बैरवा निवासी बैरवा की ढाणी ललवाड़ी पुलिस थाना दत्तवास से 52 पव्वे देशी मदिरा जब्त करके आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार गांव सीपुरा में आरोपी रामू मीणा पुत्र कल्यााण मीणा निवासी भगवतपुरा पुलिस थाना दत्तवास से करीब तीन लीटर देशी हथकड़ शराब जब्त करके आरोपी को गिरफ्तार किया है। गांव भगवतपुरा में आरोपी बीरबल पुत्र रामविलास मीणा निवासी भगवतपुरा से करीब सवा दो लीटर देशी हथकढ शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई को लेकर एनएच 11 ए जगसरा मोड़ के पास अवैध रूप से चैजा पत्थर से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त करते हुए एक ट्रेक्टर ट्रोली के चालक रामकेश मीणा पुत्र कन्हैयालाल मीणा निवासी शिवसिंहपुरा पुलिस थाना झांपदा जिला दौसा का गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार हिंगोनिया मोड के पास अवैध रूप से चैजा पत्थर से भरे चार ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है।

# झाड़ियों में छुपे पैंथर ने मीडियाकर्मी पर हमला किया

## हिम्मत से बची जान, लोगों के सहयोग से पैंथर को रस्सों से बांधा



वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पैंथर को पींजरे में कैद किया।

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले के चौरासी थाना क्षेत्र के भादर वन क्षेत्र के गडिया भादर मेतवाला गांव में एक पैंथर ने रविवार को एक नील गाय के शिकार के बाद मौके पर पहुंचे हुजूम के साथ मीडियाकर्मी जो कि घटनाक्रम का कवरेज करने गया था जिस पर पैंथर ने अचानक हमला कर दिया लेकिन मीडियाकर्मी ने अपने साहस का परिचय देते हुये पैंथर को दबोच लिया और ग्रामीणों के सहयोग से रस्सों एवं कपड़ें से चारो पैर बांध दिये और पैंथर को वन विभाग की टीम ने मौके पर पंहुच कर पींजरे में कैद कर उसे डूंगरपुर दो नदी नर्सरी लाया गया जिसके बाद उसे उदयपुर के जन्तुआलय के लिये ले जाया गया।

- **गडिया भादर मेतवाला गांव में पैंथर ने नील गाय का शिकार किया था**

मामले के अनुसार गडिया भादर मेतवाला गांव में एक घर के पीछे की तरफ मेघ तालाब के पास सुबह पैंथर दिखाई दिया। पैंथर एक नील गाय का शिकार करने के बाद झाड़ियों के बीच शिकार को खा रहा था। इसी बीच गांव के लोग इकट्ठे हो गए। जिसमें विनोद कटारा, उपसरपंच सुरेश, शंकर कटारा, प्रभु कटारा, मणिलाल कटारा, कालूराम ताबियाड, ज्योतीलाल बुझ समेत गांव के कई लोग इकट्ठे हो गए। वहीं बांसिया निवासी मीडियाकर्मी गुणवंत कलाल भी कवरेज करने पहुंच गए।

लोग झाडियों में छुपे पैंथर को जंगल की तरफ भगाने का प्रयास कर रहे थे। वहीं बड़ी संख्या में लोग पहाड़ी की तरफ खड़े रहकर पैंथर को देख रहे थे। उसी समय वह जंगल की तरफ भागने की बजाय लोगों की ओर दौड़ने लगा। पैंथर ने मीडियाकर्मी गुणवंत कलाल पर अचानक हमला कर दिया। पैंथर ने कलाल के एक पैर को जबडे में दबोच लिया। पैंथर का हमला होते ही दूसरे लोग दूर भाग गए। वहीं गुणवंत ने खुद को बचाने दूसरे पैर से पैंथर के जबड़े पर मारा। इससे पैर छूट गया, लेकिन पैंथर ने फिर से अटैक करते हुए हाथ को जबड़े में पकड़ लिया। इसके बाद करीब पांच मिनट तक दोनों के बीच संघर्ष चलता रहा। वहीं दूर से बैठे देख रहे लोगों ने हिम्मत जुटाई और फिर पैंथर को भगाने का प्रयास करने लगे। वहीं लोग रस्से लेकर दौड़ पड़े।

पैंथर पर रस्सियां डालकर उसे बांधने का प्रयास करने लगे। काफी मशक्कत के बाद पैंथर लोगों की पकड़ में आ सका। इसके बाद लोगो ने पैंथर को रस्सियों से बांध दिया। वहीं पैंथर के हमले में गुणवंत कलाल के हाथ, पैर और शरीर पर कई जगह चोटें आई, जिससे खून बहने लगा। उसे गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे और इलाज करवाया। सूचना पर वन विभाग की टीम के सहायक उप वन संरक्षक गौतमलाल मीणा भी उदयपुर की ट्रेंकुलाइजर टीम के साथ मौके पर पहुंच गये और पैंथर का रेस्क्यू किया। पैंथर सात वर्षीय नर प्रजाति का है।

## सड़क हादसे में महिला की मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। पैदल जा रही एक महिला को बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए भीलवाड़ा के निजी हॉस्पिटल और यहां से महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

मामला गुलाबपुरा थाना क्षेत्र का है। यहां प्रतापपुरा के शंभूगढ़ में रहने वाली सीमा देवी पत्नी जगदीश कंजर (60) अपने घर से खारी ग्राम चौराहे पर पैदल जा रही थी, इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में महिला गिर गई और मौके पर बेहोश हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने उसे एंबुलेंस की सहायता से भीलवाड़ा के प्राइवेट में भर्ती कराया। यहां हालत बिगड़ने के बाद महिला को महात्मा गांधी हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# असिस्टेंट प्रोफेसर, लाइब्रेरियन व पीटीआई परीक्षा आयोजित

## प्रथम पारी की परीक्षा में 30.29 प्रतिशत उपस्थिति रही

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग) भर्ती परीक्षा-2023 के तहत 13 ऐच्छिक विषयों की परीक्षा रविवार को अजमेर जिला मुख्यालय के 16 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई। प्रथम पारी की परीक्षा में 30.29 प्रतिशत उपस्थिति रही।

आरपीएसपी आयोग की ओर से रविवार को आयोजित सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग) भर्ती परीक्षा-2023 के तहत 13 ऐच्छिक विषयों लाइब्रेरी साइंस, लॉ, जियोलॉजी, पेंटिंग, पंजाबी, म्यूजिक तबला, मिलिट्री साइंस, म्यूजियोलॉजी, म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट (सितार) सिंधी, जैनोलॉजी, गारमेंट प्रोडक्शन एंड एक्सपोर्ट मैनेजमेंट एवं म्यूजिक (वायलिन) की परीक्षा जिला मुख्यालय के परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई। परीक्षा केंद्र पर मूल आधार कार्ड (रंगीन प्रिंट) की जांच के बाद ही अभ्यर्थियों को केंद्र में प्रवेश दिया गया। परीक्षा से एक घंटे पहले सेन्टर पर प्रवेश नहीं दिया गया। प्रथम पारी की परीक्षा प्रात: 9 से 12 बजे हुई, जिसमें अजमेर में 30.29 प्रतिशत उपस्थित दर्ज की गई, जबकि दोपहर 2:30 बजे से 5:30 बजे तक द्वितीय प्रश्न पत्र की परीक्षा हुई। परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न-पत्र के लिए ओएमआर शीट के पांचवें विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया।

- **अजमेर जिला मुख्यालय पर हुआ परीक्षा का आयोजन**

आयोग ने परीक्षा केंद्रों पर सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी किसी दलाल, मीडिएटर, समाजकंटक या अपराधी के बहकावे में नहीं आने की सलाह दी।

## हमला करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**सादुलपुर,** (निसं)। भैंसली गांव में लगी रहस्यमयी आग के मामले के दौरान मौके पर पहुंची हमीरवास थाना पुलिस पर हमला करने और पुलिस की गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने के मामले में हमीरवास थाना पुलिस ने रविवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि प्रकरण का अनुसंधान कर रहे फरमान खान उनि द्वारा अभियुक्त सुमित पुत्र राजवीर जाट, नृपेन्द्र पुत्र रणवीर जाट, जयभगवान पुत्र जगदीश को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि हमीरवास थाना क्षेत्र के गांव भैंसली में 13 मार्च को भूपसिंह पूनिया पुत्र स्व. सुमेरसिंह जाट के घर पर कंट्रोल रूम चूरू से आग लगने की सूचना मिलने पर श्रीराम हैड कास्टेबल मय जाप्ता के गांव भैंसली में भूपसिंह पूनियां के घर पर पहुंचे। तब भूपसिंह पूनियां व अन्य लोगों ने पुलिसकर्मियों के साथ लाठी, पाईप, कस्सी, पत्थरों से मारपीट की।

# फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के हाथीपोल थाना पुलिस ने 14 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया। अन्यत्र वल्लभनगर थाना पुलिस ने टॉप टेन में शामिल पांच वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया।


जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र के सुपरविजन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान हाथीपोल थानाधिकारी आदर्श कुमार के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए फरार स्थाई वारंटी कैलाश मेघवाल पुत्र पुराराम मेघवाल निवासी जसवन्तगढ़ को गोगुन्दा टोल नाका से पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। इसी तरह वल्लभनगर थानाधिकारी दीपिका राठौड़ के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए टॉप टेन में शामिल पांच वर्ष से फरार स्थाई वारंटी ललितसिंह पुत्र शंभूसिंह राजपुत निवासी बोहेड़ा थाना बड़ी सादड़ी चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया।

## अवैध गांजे सहित आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह जैन के सुपरविजन में चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान खेरोदा थानाधिकारी रामेंग पाटिदार के नेतृत्व में गठित दल ने कैलाश पुत्र धन्ना गायरी निवासी मेनार खेरोदा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद किया।

# जानलेवा हमला करने के मामले में आठ जने गिरफ्तार

## कार में सवार सात-आठ व्यक्तियों ने बाइक सवार पर हमला किया था



प्रताप नगर थाना पुलिस ने मामले का 24 घंटे में खुलासा कर आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र के रीको एरिया में कार से टक्कर मारकर जानलेवा हमला करने के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए वारदात में शामिल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल एसपी विमल सिंह सीओ सिटी अशोक जोशी के निर्देशन में टीम का गठन किया गया। टीम ने नाम आठ नामजद आरोपी राजकुमार, लादू लाल, विनोद कुमार उर्फ मूला, मुकेश, कन्हैयालाल ओम प्रकाश उर्फ गुलाब, कन्हैयालाल को मोबाइल लोकेशन, डाटा कलेक्शन और टेक्निकल सहायता से डिटेन किया।

प्रारंभिक पूछताछ और जांच में जुर्म साबित होने से इन्हें गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में कमल ने मुख्य रूप से ठेकेदार पन्नालाल पर जानलेवा हमले करने के आरोप लगाए थे। फिलहाल पुलिस इस मामले में पन्नालाल की भूमिका पर जांच में लगी है। टीम ने सुगन सिंह थाना प्रभारी प्रताप नगर, चिराग अली एएसआई, सुनील कुमार हेड कांस्टेबल, रविंद्र कुमार, बनवारी, असलम, कालू शामिल थे।

**यह था मामला :-** प्रताप नगर के रीको औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम सफेद रंग की कार में सवार सात आठ व्यक्तियों ने बाइक सवार कमल उर्फ कमलेश पिता राजन रतन गुर्जर (34) निवासी खेल मोहल्ला पुर को टक्कर मार लोहे के सरिया एवं धारदार हथियारों से जानलेवा हमला किया था। हमले में बुरी तरह घायल कमल को इलाज के लिए महात्मा गांधी हॉस्पिटल और यहां से एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। आरोपियों ने कमल के साथ गंभीर मारपीट कर परिवार जनों को जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

## फ्लेट से जेवर व नकदी चोरी

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में स्थित कॉम्पलेक्स में आए चोर फ्लेट का ताला तोड़ कर लाखों के जेवर व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित पवन कुमार पुत्र संगमप्रसाद शुक्ला निवासी ओसवाल प्लाजा 2 सुन्दरवास फ्लेट नं.2 ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 30 मार्च दोपहर में मैं फ्लेट पर ताला लगा नाथद्वारा गया था।

वापस लौटा तो ताला टूटा हुआ एवं सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी ली तो सोने के तीन हार, नेकलेस, दो कंगन, चार चुड़ियां, दो पेण्डल, ब्रासलेट, 12 सोने की अंगुठियां, दो लोंग, चांदी की दो जोड़ी पायल, 50 सिक्के व एक लाख 25 हजार रूपए की नकदी गायब थी। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच एएसआई चंदनसिंह कर रहे है। प्रारंभिक अनुसंधान में पता चला कि कार लेकर आए तीन बदमाश में से एक कार में बैठा रहा एवं दो साथी वारदात कर फरार हो गए। पवन कुमार एयरपोर्ट में एजीएम के पद पर कार्यरत है।

# आडवाणी को भारत रत्न मिलने पर खुशी जताई

**अजमेर,** (कासं)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित होने पर आज का दिन गौरवशाली हो गया है, उनके द्वारा देश हित के कार्यों के लिए समर्पित रह कर त्याग व तप सदैव प्रेरणा देते है।

- **अजमेर में सिंधी समाज ने भारत रत्न मिलने पर जताया हर्ष**

इस अवसर पर अजमेर के सिंधी समाज के लोगों ने खुशी जताई। बधाई देने वालो में सिंधी समाज महासमिति अजमेर, भारतीय सिंधु सभा अजयमेरू, सिंधु समिति अजमेर, अजमेर सिंधी सेंट्रल महासमिति, अजयनगर सिंधी समाज, वैशाली सिंधी सेवा समिति, पूज्य सिंधी पंचायत, पंचशील, आदर्श सिंधी पंचायत, आदर्श नगर, सिंधी लेडिज क्लब अजमेर, सिंधु विकास समिति, चंदवरदायी, सिंधु सोशल वेलफेयर सोसायटी नाका मदार, इच्छापूर्ण झूलेलाल मन्दिर, अजमेर, श्री अमरापुर सेवा घर, कोटड़ा, सिंधु ज्योति सेवा समिति, अजमेर, ईश्वर मनोहर उदासीन आश्रम, झूलेलाल सेवा समिति, जेण्पीण् नगर, चन्द्र रूपाणी व पार्टी, अजमेर, नवयुवक सेवा मण्डल.आशा गंज, पूज्य सिंधी पंचायत धोला भाटा, संत कंवरराम मंडल, अजमेर, सिंधी युवा संगठन, अजमेर, श्री आलकेश्वर महोदव मंदिर अम्बे विहार, पूज्य पारब्रहम सेवा ट्रस्ट, सिंधी समाज रामगंज, अजमेर, सिंधु शोधपीठ मण्दण्सण् विश्वविद्यालय, क्षेत्रिय सिंधी समिति फायसागर रोड, सिंधी इतिहास व साहित्य शोध संस्थान, जय झूलेलाल सेवा समिति बीके कौल, झूलेलाल मंदिर प्रेमप्रकाश आश्रम मार्ग, पूज्य सिंधी पंचायत शास्त्री नगर, सिंधी बोली विकास समिति, अजमेर, झूलेलाल सेवा मण्डली वैशाली नगर, द स्मार्ट अजमेरियन सम्मलीत है।

# गैंगस्टर रोहित गोदारा का फर्जी पासपोर्ट बनाने का आरोपी गिरफ्तार

- **आरोपी को महाजन एसएचओ व उनकी टीम उत्तराखंड से बीकानेर लेकर आई**
- **पुलिस टीम ने 16 दिन में 783 किमी की खाक छानी, तब आरोपी राहुल को पकड़ा**

**बीकानेर,** (निसं)। गैंगस्टर रोहित गोदारा उर्फ रावताराम स्वामी का फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले युवक को जिला पुलिस ने पकड़ लिया है। आरोपी को महाजन एसएचओ कश्यप सिंह व उनकी टीम ने उत्तराखंड से पकड़ा। पुलिस उसे बीकानेर लाई। पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि उत्तराखंड के जिला उधमसिंह के सितारगंज से राहुल (28) पुत्र कृष्ण सरकार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी नई दिल्ली के संगम विहार साउथ डिस्ट्रिक्ट का रहने वाला है। आरोपी ने गैंगस्टर रोहित गोदारा का फर्जी पासपोर्ट बनवाया। पासपोर्ट बनाने के बाद वह दिल्ली से भाग कर उत्तराखंड जाकर छिप गया था।

जांच अधिकारी उप निरीक्षक कश्यप सिंह, सिपाही सुनील कुमार और नेतराम ने मुखबिरों की मदद से आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। पुलिस टीम ने 16 दिन में 783 किमी की खाक छानी, तब राहुल को पकड़ा जा सका। आरोपी वहां भी नाम व हुलिया बदल कर रह रहा था। आरोपी तक पहुंचने में पुलिस ने तकनीक के साथ-साथ पुरानी पुलिसिंग का सहारा लिया। उप निरीक्षक कश्यप व उनकी टीम पिछले तीन दिन तक उत्तराखंड में डेरा डाले रही।

आरोपी राहुल कभी रुद्रप्रयाग तो कभी हल्द्वानी, नैनीताल, हरिद्वार में होटलों व धर्मशालाओं में रहा। वह धर्मशालाओं में साफ-सफाई का कार्य करता। एक जगह पर पांच-दस दिन से ज्यादा नहीं रुकता था। पुलिस से बचने के लिए वह मोबाइल का उपयोग भी नहीं करता था। पुलिस के खुफिया व विश्वस्त मुखबिरों की मदद से पुलिस आरोपी तक पहुंची और उसे दबोच लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी राहुल को दिल्ली पुलिस ने पहले भी फर्जी मोहरों व अन्य दस्तावेजों के साथ पकड़ा था। आरोपी तिहाड़ जेल में बंद था। वहां से जमानत पर छूटने के बाद उसने गैंगस्टर रोहित गोदारा का फर्जी पासपोर्ट बनाया। इस फर्जी पासपोर्ट की मदद से गैंगस्टर रोहित विदेश में छिपा बैठा है, जो विदेश में रह कर यहां आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। आरोपी ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा के कई गुर्गों को फर्जी पासपोर्ट बनवा कर विदेश भागने में मदद की है।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी की जांच में पता चला कि गैंगस्टर रोहित उर्फ रावताराम फर्जी पासपोर्ट बनाकर विदेश भाग गया है। फर्जी पासपोर्ट पवन कुमार नाम से दिल्ली में बना है। इस पर कालू थानाधिकारी उप निरीक्षक धर्मवीर की रिपोर्ट पर गैंगस्टर रोहित के खिलाफ फर्जी पासपोर्ट बनाने का मामला दर्ज किया गया। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) प्रदेशभर में छापेमारी कर रही है।

# सात क्विंटल से अधिक मसाले सीज कर सैंपल लिए

**जालोर,** (कासं)। चिकित्सा विभाग की ओर से "शुद्ध आहार मिलावट पर वार" अभियान के तहत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान इकबाल खान एवं जिला कलेक्टर पूजा पार्थ के निर्देशन पर जिले में टीम द्वारा नियमित रूप से कार्यवाही कर जांच के लिए खाद्य पदार्थों के सैम्पल लिए जा रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमाशंकर भारती ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी हनवन्त सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा दल द्वारा जसवंतपुरा मुख्य बाजार स्थित जोगाराम उकाजी दुकान पर निर्माण इकाई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य मसालों में मिलावट का संदेह पाया गया। मसालों में मिलावट का संदेह होने पर 165 किलो हल्दी पाउडर तथा 550 किलो लाल मिर्च पाउडर कुल 715 किलो मसाले सीज कर सैंपल लिए गये। साथ ही संबंधित विक्रेता जोगाराम को जांच रिपोर्ट नहीं आने तक उक्त सामग्री विक्रय नहीं करने के लिए पाबंद किया गया। सैम्पल को जांच के लिए जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला जोधपुर भिजवाया गया है तथा जांच रिपोर्ट आने के पश्चात् एफएसएसआई अधिनियम 2006 तथा विनिमय 2011 के तहत कार्यवाही की जाएगी।



जालोर के निकट जसवंतपुरा में चिकित्सा विभाग की टीम ने खाद्य पदार्थो के सैम्पल लिये।

- **"शुद्ध आहार मिलावट पर वार" अभियान के तहत कार्रवाई की**

खाद्य सुरक्षा अधिकारी हनवन्त सिंह ने बताया कि आमजन को शुद्ध खाद्य साम्रग्री उपलब्ध करवाने के लिए विभाग द्वारा निरन्तर कार्यवाही कर खाद्य पदार्थों की सैम्पलिंग की जा रही है। साथ ही विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर खाद्य व्यापारियों और आमजन को एफएसएसआई अधिनियम एवं शुद्ध खाद्य आहार के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## संक्षिप्त

### मारपीट व नकदी छीनने का मामला दर्ज

**दूदू, (निसं)।** निकटवर्ती गैजी निवासी शिवराज प्रजापत ने पुलिस थाना दूदू में रिपोर्ट दर्ज करवाकर तीन-चार युवकों द्वारा उसके भाई पर जानलेवा हमला कर40000 नगद एवं मोटरसाइकिल ले जाने का मामला दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में अवगत कराया की मेरा भाई महेंद्र प्रजापत पडासोली स्थित दुकान पर काम कर रहा था इस दौरान तीन चार युवक आये और हमला बोल दिया। मारपीट के बाद वहां रखे 40000 नगद और मोटरसाइकिल लेकर भाग छूटे। घायल अवस्था में भाई को राजकीय चिकित्सालय में उपचार प्रदान कराया गया। पुलिस थाना दूदू में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### चारागाह के लिए भूमि आवंटन की मांग

**पावटा, (निसं)।** कस्बा स्थित श्री कृष्ण गौशाला में पशुओं के चारे की समस्या के निराकरण के लिए गोवंशों के चारागाह के लिए ग्रामीणों द्वारा उपखंड अधिकारी को पत्र लिखकर भूमि आवंटित करने की मांग की गई है। वही ग्रामीणों में महेंद्र गोयल, ब्रजमोहन गोयल, गोपाल अग्रवाल, मनोज गोयल, अनूप गर्ग, बलदेव गोयल, विमल गर्ग, गिरधारी गोयल, हंसराज गोयल, महेश कुमार शर्मा, संतोष गुप्ता, राजेश अग्रवाल, भीम सिंह जाट, हंसराज जाट, सुरेश शर्मा, लीला राम यादव, प्रह्लाद यादव, बाबूलाल यादव, फूलचंद स्वामी, पूर्व जिला पार्षद कन्हैयालाल मीणा, पुष्पा मीणा सहित ग्रामीणों ने बताया कि श्री कृष्ण गौशाला पावटा क्षेत्र की सबसे पुरानी व एकमात्र गौ शाला है। जिसमे लभभग 250 गौवंश की देखरेख की जाती है। गोवंश की संख्या बहुतायत होने के कारण नित्य इनके चारे की समस्या बनी रहती है। पावटा परिक्षेत्र मे चारागाह भूमि क्षेत्र राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किया हुआ है। इस चारागाह भूमि क्षेत्र में से श्री कृष्ण गौशाला को यदि पर्याप्त भूमि उपलब्ध हो जाती है तो गौशाला में गोवंश के सारे की समस्या का निराकरण हो सकता है। श्री कृष्ण गौशाला के गोवंश के लिए पार्ट ऑफ खंड अधिकारी कपिल उपाध्याय को पत्र लिखकर गांव के जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों व ग्रामीणों ने चारागाह भूमि आवंटित करने की मांग की।

### लैंस प्रत्यारोपण शिविर तीन को

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज तथा कैलाश चंद प्रदीप कुमार कसेरा की देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा बुधवार 3 अप्रैल को श्रीमाधोपुर के स्व. चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में 55 वां निशुल्क मोतियाबिंद जांच और लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। क्लब के गिरिराज कयाल ने बताया कि सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में मरीजों की आंखों की जांच की जाकर तथा इनमें से चयनित मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन और लैंस प्रत्यारोपण के लिए शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर बस से रेफर किया जाएगा जहां चयनित मरीजों का नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। बताया गया है की चयनित मरीजों के आने-जाने कि व्यवस्था से लेकर मरीजों के खानपान व रहने की संपूर्ण व्यवस्था नि:शुल्क की जाएगी। कयाल के अनुसार इससे पहले आयोजित 54 शिविरों में 5056 पंजीकरण किए जाकर उन मे से 1395 मरीजों की आंखों के सफल ऑपरेशन हो चुके है। शिविर में आने वाले मरीजों से आग्रह किया गया है कि वे अपने आधार कार्ड की 2 फोटो कापी साथ लेकर आये।

### इकरा ने रखा पहला रोजा

**मनोहरपुर, (निसं)।** इस्लाम धर्म के सबसे अफजल आला महीने में अल्लाह को राजी करने के लिए इबादत में बच्चे भी पीछे नहीं है। मोहल्ला तोपचिवाडा निवासी मरहूम हाजी मेहमूद खान की पोती व रफीक खान की लडकी इकरा ने पहला रोजा रखा है। हौसला बढाने के लिए परिवार एव समाज के लोगों ने उपहार दिये ओर माला पहनाकर दुआओं से नवाजा। इस अवसर पर हाजी गफ्फार हाजी मकबूल खान, बाबू खान, प्रोफेसर रहीस खान, रफीक खान, फयाज खान उर्फ गुडू खा, एडवोकेट सरिफ खान, हाजी सहीद खान, शाहीद खान, जाहीद खान, साजीद खान शाबीर खान, आबीद खान, आरिफ खान, बून्दू खान, मोहसिन खान, खान, जावेद खान, वसीम अकरम, सोयल खान , आरिस खान, रिहान खान, अयान खान इरशाद खान, साहील खान, अरसलान खान, नबील खान अजलान खान, आसीम खान आलीया, आयत आदी ने मुबारकबाद दी।

# चाकसू में भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशियों के चुनावी कार्यालयों का उद्घाटन

- प्रत्याशियों ने कार्यकर्ताओं के साथ गांव-ढाणीयों में जनसंपर्क किया

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे में रविवार को पूजा अर्चना एवं अतिथियों के स्वागत सत्कार के साथ भाजपा व कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याक्षियों के चाकसू विधानसभा क्षेत्र के चुनावी कार्यालयों का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन के साथ यंहा पर चुनाव का बिगुल बज गया है ओर प्रत्याशियों ने कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा क्षेत्र के कस्बे सहित गांव-ढाणीयों में जनसंपर्क शुरू कर दिया है।

पुलिस थाने के सामने दौसा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कन्हैया लाल मीणा ने लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया और विधानसभा क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया की दौसा लोकसभा क्षेत्र से आठ विधानसभा क्षेत्र में से चाकसू से सबसे ज्यादा वोटों से कन्हैयालाल मीणा को जिताकर लोकसभा में भेजना है। इस अवसर पर लालसोट विधायक रामविलास मीणा, महुआ विधायक राजेंद्र मीणा, बांदीकुई विधायक भागचंद सैनी, सिकराय विधायक विक्रम बंसीवाल सहित विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



चाकसू के नीलकंठ महादेव मंदिर चौराहे पर कांग्रेस प्रत्याशी मुरारी लाल मीना के चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन हुआ।

वहीं नीलकंठ महादेव मंदिर चौराहे पर कांग्रेस प्रत्याशी मुरारी लाल मीना के चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन हुआ। यहां पर पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले कार्यकर्ताओं की ज्यादा भीड व एकजुटता नजर आयी। चुनावी कार्यालय के उद्घाटन पर मुरारी लाल मीणा लोकसभा प्रत्याशी कांग्रेस, पूर्व विधायक जीआर खटाना, वेद प्रकाश सोलंकी चाकसू, प्रकाश बैरवा चाकसू, भरतलाल मीणा ब्लॉक अध्यक्ष चाकसू, कमलेश बैरवा अध्यक्ष नगर पालिका चाकसू, गंगाराम मीणा, शहजाद खान, नरेंद्र तामडिया पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष चाकसू लल्लूलाल कुमावत , अब्दुल हमीद खोखर, राजेंद्र गुर्जर, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका, कविता गुर्जर जिला अध्यक्ष देहात महिला कांग्रेस, लक्ष्मण चोपडा पूर्व प्रधान चाकसू, जयनारायण अमावता जिला परिषद सदस्य, केदार शर्मा पूर्व जिला परिषद सदस्य, छाजूलाल यादव पूर्व उप प्रधान, जयकिशन नारोलिया पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका, जगदीश चौधरी मुंडया, रानी चौधरी, हीरालाल सैनी,पप्पूल मलावत, नारायण सांवरिया, भेरू गुर्जर, गणेश मीणा,जगदीश मीणा, मक्खनलाल बडगूजर्र, शंकरलाल शर्मा, गोवर्धन मीणा सरपंच , शौकीन गुर्जर, रफीक खान, अमजद खान, मोहम्मद आसिफ, सुरेश सैनी, नगर पालिका पार्षद, विजयलाल डोई, फारूक खान, तैयब आलम, प्रहलाद सेन सेवादल, अनवर खान, कालूराम गुर्जर दाबीच, समस्त कांग्रेस के जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य ,सरपंचगण व नगर पालिका पार्षदगण मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### बच्चेदानी में से 13 गांठे निकाली



**कोटपूतली, (निसं)।** चिकित्सक डॉ. कृष्णा गुर्जर ने नारनौल की रहने वाली एक विवाहिता गौरी पत्नी दिनेश चन्द जिसमें खून की बात करें तो मात्र चार एच.बी मात्रा थी ऐसे में ऑपरेशन के दौरान मरीज का बचपाना लगभग नामुमकिन होता है। वहीं डॉ. कृष्णा गुर्जर के आत्म विश्वास ने गौरी की बच्चेंदानी से सफल ऑपरेशन कर 13 गांठे निकाली है। करीब ढाई घंटे तक चले ऑपरेशन के दौरान मरीज के परिजनों ने भी पूर्ण सहयोग व साहस बनाए रखा।

### संगोष्ठी में जल का महत्व बताया



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्रीमाधोपुर में रविवार को जल संरक्षण पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय राजस्थान की रजत बूंदे था। महाविद्यालय के भूगोल व्याख्याता विजेंद्र पूनिया ने बताया कि संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ. बी.सी. जाट (सह आचार्य भूगोल, राजकीय महाविद्यालय कालाडेरा) व डॉ. सुरेश जाट (सहआचार्य भूगोल, राजकीय महाविद्यालय कालाडेरा) रहे। महाविद्यालय निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ.वी.के. सैनी, मुख्य अतिथि डॉ. बी.सी. जाट व डॉ. सुरेश जाट ने मां सरस्वती व महाविद्यालय संस्थापक स्वर्गीय चौधरी प्रताप सिंह खर्रा की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता डॉक्टर बी.सी.जाट ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया तथा बताया कि नल से गिरने वाली बूंद-बूंद को देखकर अनदेखा कर देते हैं लेकिन यदि देखा जाए तो एक नल से बूंद-बूंद के रूप में प्रतिदिन लगभग 20 लीटर पानी व्यर्थ होता है ओर 1 महीने में लगभग 600 लीटर पानी व्यर्थ होता है तथा 1 वर्ष में सात हजार से आठ हजार लीटर पानी व्यर्थ होता है। यह व्यर्थ बहता पानी सिर्फ पानी की बूंदे नहीं है, बल्कि राजस्थान के लिए रजत से कम नहीं है, अत: इन्हें राजस्थान के लिए रजत की बूंदे कहे तो भी कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। डॉ. सुरेश जाट ने वर्षा जल के संरक्षण पर जोर दिया तथा बताया कि बारिश के पानी को यदि संग्रहित किया जाए तो इसका उपयोग बागवानी व कृषि कार्य में किया जा सकता हैं। संगोष्ठी के अंत में महाविद्यालय निदेशक मोहर सिंह खर्रा और प्राचार्य डॉ.वी. के सैनी ने विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को अपने आसपास व्यर्थ बहते पानी के संरक्षण के लिए प्रेरित किया तथा इसके लिए समाज को भी प्रेरित करने का संदेश दिया तथा बताया की डॉ. बी.सी. जाट 1997 से जल संरक्षण पर कार्य कर रहे हैं। इन्होने राजस्थान राज्य के अलावा देश और विदेश में भी जल संरक्षण से संबंधित संगोष्ठी व सेमीनार के माध्यम सें विद्यार्थियों व समाज को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया है। इस अवसर पर वीरेंद्र यादव, सुशीला कुमारी, प्रमोद वर्मा, रोहित शर्मा, मांगीलाल कुमावत, अभिषेक कुमावत, नीलम शर्मा, विजय पारीक, योगेंद्र श्रीवास्तव, रवि कुमार, ममता यादव, संगीता कुमारी, कोमल कुमारी, दयाराम, कैलाश कुमार, राकेश शर्मा सहित समस्त स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### महिला मंडल ने की गो सवामणि

**निवाई, (निसं)।** राजस्थान दिवस तथा रंग पंचमी पर्व पर महिला मंडल ने श्री दामोदर गोशाला में गो सवामणि कर गायों की सेवा की। गौशाला प्रवक्ता चंद्रप्रकाश खंडेलवाल ने बताया कि श्री दामोदर गो सेवा महिला मंडल की कार्यकर्ताओं द्वारा गो सवामणि की। जिसके अंतर्गत गायों को गुड, दलिया, बांट, तेल व खल से मिश्रित व्यंजन खिलाया व बाद में महिलाओं ने फूलों की होली खेली तथा पंगत प्रसादी भी ग्रहण की। गौशाला मंत्री कैलाशचंद्र अग्रवाल ने महिला मंडल के इस कार्य की सराहना की तथा गौशाला कोषाध्यक्ष बद्रीनारायण पारीक ने समाज के सभी वर्गों से गौ सेवा करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में राजेंद्र बोंली, कमल दरगड, महेश दरगड, सुरेश बूंदी, सुविज्ञा चौहान, मधु गुप्ता, मधु दरगड, रतिका नाटाणी, संगीता गुप्ता, अनुराधा पारीक, कंचन खंडेलवाल व चंद्रकला सहित कई महिला कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रिटर्निंग ऑफिसर ने एसएसटी की कार्यवाही का निरीक्षण किया

**निवाई, (निसं)।** लोक सभा चुनाव 2024 को निर्विघ्न एव सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने को लेकर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सुरेशकुमार हरसोलिया ने रात्रि में पहाडी व गुन्सी नाकों पर एसएसटी की कार्यवाही का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सुरेशकुमार हरसोलिया गुन्सी एसएसटी नाका का निरीक्षण किया जिसके दौरान एसएसटी पारी प्रभारी देवराज मीणा पुलिस जाप्ते के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर आने-जाने वाहनों की चेंकिग करते मिले। उनको सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सुरेशकुमार हरसोसिया ने वाहनों की जांच, अवैध रकम निकासी जब्ती आदि के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उसके बाद पहाडी एसएसटी नाके का औचक निरीक्षण किया जहां एसएसटी टीम पारी प्रभारी रामस्वरन्य मीणा वाहनों की चैकिंग करते हुए मिले। उनको आदर्श आचार संहिता की पालन करने के निर्देश दिए। एसएसटी द्वारा की जारी कार्यवाही व चैकिंग का सहायक रिटर्निंग आफिसर ने देर तक अवलोकन किया। एसएसटी प्रभारी निर्मल शर्मा व रघुवीर ने बताया कि दोनो नाको पर 281 वाहनों की जांच की गई।

## सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

**दूदू, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में राजस्थान दिवस पर पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान लोक कलाकारों द्वारा राजस्थान संस्कृति से जुडे कार्यक्रम की प्रस्तुतियां पेश की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलेक्टर हनुमानमल ढाका अतिरिक्त जिला कलेक्टर गोपाल परिहार उपखंड अधिकारी योगेश सिंह देवल ने प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कलाकारों द्वारा कच्छ घोडी कालबेलिया भंवरी घूमर व चरी नृत्य के साथ अलगोजा शहनाई वादन के के साथ शानदार प्रस्तुतिया पेश की गई।

## कर्नल बैंसला के संघर्ष से ही युवा विकास कर रहा है : विधायक

- कर्नल किरोड़ी सिंह को श्रद्धांजलि दी

**कोटपूतली, (निसं)।** गुर्जर आरक्षण आन्दोलन के जनक स्व. कर्नल किरोडी सिंह बैंसला की द्वितीय पुण्यतिथि पर रविवार को क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल ने राजमार्ग पर ग्राम खेडकी वीरभान स्थित भाजपा कार्यालय पर स्व. कर्नल बैंसला के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

पटेल ने कहा कि कर्नल बैंसला ने गुर्जर समाज को प्रगति पथ पर आगे बढऩे का रास्ता दिखाया। उनके संघर्ष की बदौलत आज समाज का युवा निरन्तर शैक्षणिक, आर्थिक, राजनैतिक क्षेत्र में विकास कर रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किये। वहीं विधायक कार्यालय पर प्रतिनिधि पंकज पटेल के नेतृत्व में



विधायक कार्यालय पर प्रतिनिधि पंकज पटेल के नेतृत्व में स्व. कर्नल बैंसला को श्रद्धांजलि दी गई।

स्व. कर्नल बैंसला को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि पंकज पटेल, भोलाराम नेताजी, विकास डोई, ओमसिंह राठौड, संदीप सराधना, दिनेश पटेल, गोदाराम पटेल, राजेश सैनी, कमल सैनी, गुरू कोटपूतली, रामपाल सैनी, महाराम दिलपुरा आदि मौजूद रहे। इसी तरह राजमार्ग स्थित वीर गुर्जर छात्रावास में श्री देवनारायण गुर्जर समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में गुर्जर आरक्षण आन्दोलन के अगुवा नेता रहे कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की द्वितीय पुण्यतिथि पर रविवार को जिला स्तरीय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधायक रामचंद्र रावत की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर हाल ही में दुर्घटना में दिवंगत आरपीएस अधिकारी राजेंद्र गुर्जर को भी श्रद्धांजलि दी गई।

## रंग पंचमी पर बृज के कलाकारों ने फूलों की होली खेली

**मालपुरा, (निसं)।** रंगपंचमी के पावन पर्व पर हिन्दू समरसत्ता मंच के तत्वाधान में शहर के महेश सेवा सदन में बृज माधुरी नाट्य कलां मंडल वृन्दावन के कलाकारां द्वारा महारास का शानदार प्रदर्शन करते हुये बृजवासियों के साथ लठ्ठमार, लड्डू मार फूलो की होली खेली गई। समरसत्ता मंच के बैनर तले पहली बार आयोजित फूलों की लठ्ठ मार होली के कार्यक्रम में शहरवासियो ने बढ-चढकर भाग लिया।

बृज की भाषा में राधा कृष्ण के स्वरूप कलाकारों द्वारा रास लीला के मंचन के दौरान किये गये मयूर नृत्य ने अपार जन समूह को रोमांचित कर दिया। रासलीला के पश्चात रंगमंच के सामने बनाये गये रैम्प पर बृज के कलाकारों ने दौड-दौड कर लठ्ठ मार होली खेलने का मंचन किया। जिसमे शहरवासियों ने भी भाग लिया। राधा कृष्ण के स्वरूप बने



वृन्दावन के कलाकारों द्वारा महारास का आयोजन हुआ।

ठाकुरजी के साथ हजारो मण फुलो से फुलो की होली खेली गई। पांव से गले तक फुलों में डुबे राधा कृष्ण की मनमोहक संजीव झांकी की एक झलक पाने के लिये लोग लालाहित रहै। देर रात तक रासलीला का मंचन व मयूर नृत्य सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। समरसत्ता मंच के कृष्ण कांत जैन, पूर्व पालिका अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार जैन, रामबाबू परतानी, अरूण काबरा, धीरज गोयल, त्रिलोक विजय सहित शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## पावटा में महाशिवपुराण कथा का शुभारंभ

**पावटा, (निसं)।** कस्बे में शनिवार को बाबा भूतनाथ जोहडा धाम पावटा में बाबा भूतनाथ कमेटी पावटा के तत्वाधान मे शिव महापुराण कथा का शुभारंभ करते हुए व्यास पीठ पर आसन ग्रहण करने के बाद यजमानों ने 11 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय भागवत भूषण कथा व्यास श्री कृष्णा दुबे महाराज का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

पहले दिन मात्र 11 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय भागवत भूषण कथा व्यास श्री कृष्णा दुबे महाराज द्वारा शिव पुराण कथा के महत्व, रुद्राक्ष की महिमा, भक्त और भगवान के संबंध, भक्त के गुण, समर्पण से श्रद्धालुओं को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि शिवपुराण को सुनना महिलाओं और पुरुषों के साथ ही सभी लोगों के लिए हितकारी है। उन्होंने इस दौरान कहा कि शिव केवल शिव है। लेकिन शिवलिंग में 33 करोड देवी देवताओं का वास है। शिव पुराण कथा के मात्र श्रवण व शिव का नाम कान में पडते ही सुनने वाले का जीवन सुधर जाता है। वह इंसान जिसने ना कभी भजन किया ना कभी मंदिर गया लेकिन शिव पुराण कथा के श्रवण से ही उसका जीवन सुधर गया। जहर चाहे जान के पियो या अनजाने में असर करेगा वैसे ही शिव पुराण कथा चाहे जान के सुनो या अनजाने में उसका असर होगा ही।

इस दौरान सुमधुर संगीतमय भजनों की प्रस्तुति भी दी गई। वही भूतनाथ कमेटी मुख्य आयोजक भूतनाथ कमेटी संस्थापक सदस्य दिनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, मामराज व अध्यक्ष विकास शर्मा, सुशील गौड, गोपाल, अध्यक्ष विकास शर्मा, उपाध्यक्ष विनय गोयल, कोषाध्यक्ष जुगल सोनी, सचिव आकाश शर्मा, कार्यकर्ता लोकेश टांक, विनीत शर्मा, विजय शर्मा, अमन शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, कालूराम प्रजापत, अमित शर्मा, अमित बटवाल, महेंद्र कुमावत, पूरण कुमावत, प्रदीप टांक सहित कमेटी कार्यकर्ता व्यवस्थाओ के लिए मौजूद रहे।

# जौनापुरिया के नामांकन रैली की तैयारियों को लेकर बैठक

**टोंक, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी टोंक के मण्डलों की सयुंक्त बैठक 31 मार्च को बमोर गेट स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक लोकसभा चुनाव एवं 2 अप्रैल को टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा के प्रत्याक्षी सुखबीर सिंह जौनापुरिया के नामांकन रैली की तैयारियों को लेकर आयोजित की गई। बैठक का आरम्भ सांसद जौनपुरिया, जिलाध्यक्ष अजीत मेहता, लोकसभा संयोजक नरेश बंसल एवं जिला प्रमुख सरोज बंसल ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन एवं राजेश शर्मा की कार्यकारिणी द्वारा सभी आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया गया।

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गणेश माहुर ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए मेरा बूथ सबसे मजबूत का प्रण कर कार्य करने पर बल देते हुए कहाँ की कोई भी राजनीतिक दल कार्यकर्ताओं के बल पर ही मजबूत बनता है। माहुर ने कहां की हर बूथ से कम से कम 10



जिला अध्यक्ष अजीत सिंह मेहता ने बैठक में संबोधित किया।

कार्यकर्ता इस रैली में पहुँचे ये सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामलाल जैन ने अपने सम्बोधन में कहाँ की मोदी ने धारा 370 हटाई है इसलिए अब सांसद भी 370 देकर पार्टी को और मजबूत करना है। जिला प्रमुख सरोज बंसल ने कहां की मोदी ने पूरे देश को परिवार माना है और अब एक अभिभावक के प्रति हमारी जिम्मेदारी है की हम उसे और मजबूत करें। उसे हम और मजबूत फैसलों के लिए ताकतवर बनाये तो अब हमारी जिम्मेदारी है कि टोंक-सवाईमाधोपुर से भाजपा को जिताकर मोदी के परिवार के सदस्य होने का फर्ज निभाना है।

जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता ने अपने सम्बोधन में कहां की लोकसभा क्षेत्र टोंक-सवाईमाधोपुर है पर ये हमारे जिले का सौभाग्य है कि नामांकन टोंक में भरे जाते है और हमारी जिम्मेदारी की हमें लोकसभा क्षेत्र से आने वाले सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के स्वागत के लिए तैयार रहना है। मेहता ने कार्यकर्ताओं को बताया की रैली को ज्यादा से ज्यादा भव्य बनाते हुए कार्य करना है। कांग्रेस पर प्रहार करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहां की आज कांग्रेस की स्थिति दयनीय हो चुकी है। इसके उम्मीदवार चुनाव मैदान छोडकर जा रहे है तो कोई कह रहा है की मैं तो चुनाव लडना ही नहीं चाहता, पार्टी जबरदस्ती लड़वा रही है, अभी कुछ महीने पूर्व राजस्थान की जनता ने महिला दलित किसान युवा विरोधी सरकार को विदाई देकर राज्य में भाजपा के सुशासन की सरकार स्थापित की है और हमारे मुख्यमंत्री भजनलाल की सरकार हमारे घोषणा पत्र में किये हर वादे को पूरा करने का काम कर रही है चाहे वो डीजल, पेट्रोल में कटौती की बात हो या 450 रुपए में गैस देने की बात हो या ईआरसीपी की बात हो या यमुना जल समझौता हो या पेपर लिक पर एसओजी का गठन हो। मेहता ने आगे कहां कि 2 अप्रैल को नामांकन रैली में कार्यकर्ताओं का सैलाब 26 अप्रैल को हमारी जीत सुनिश्चित करेगा और जब मोदी का परिवार सडकों पर उतरेगा तो सैलाब आएगा।

### स्थापना दिवस मनाया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के श्रीमाधोपुर नगर के चौपड बाजार में नगरवासियों द्वारा गुलाल लगाकर वीरता और त्याग की भूमि राजस्थान के स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया गया। पूजारी पंकज लाटा ने बताया कि श्री हनुमान भक्त मण्डल के सदस्यों एवं बाजार के व्यापारियों द्वारा एक दूसरे के रंग लगाकर पुस्प वर्षा के साथ एक दूसरे को शुभकामनाएं दी गई। श्री हनुमान भक्त मण्डल के सदस्यों द्वारा राजस्थान वासियों की मंगल कामना के लिए सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ किए गए एवं मंदिर समिति द्वारा नगर के रक्षक श्री इमली वाले बालाजी मन्दिर में भोग लगाकर प्रसादी बांटी गई। व्यापारियों द्वारा हनुमान भक्तों का पुष्प वर्षा के साथ हौसला बढाया गया। इस अवसर पर बद्रीनारायण महर्षि, नागर मल लोकनाथका, बजरंग बोहरा, विशाल बोहरा, भारत महर्षि, महेंद्र सैनी, कमलेश सैनी, सुरेंद्र पीपलवा, राजेंद्र सैनी,घनश्याम डोरवाल, प्रकाश बारी,नंद किशोर शर्मा, केदार रावत, मनोज कारिया, ऋतिक फुलका, श्याम पलसानिया, झाबर मल, यश सोनी, नवीन शर्मा, संतोष राणा,कैलाश सैनी समेत अनेक बंधु गण मौजूद रहे।

## भूपेंद्र यादव के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

- जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, पूर्व विधायक रामहेत यादव, जिलाध्यक्ष उम्मैद भाया सहित भाजपाई मौजूद रहे

**किशनगढबास, (निसं)।** अलवर जिला प्रभारी एवं भजन लाल सरकार में जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने किशनगढबास में रविवार को लोकसभा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते हुए कहा भूपेंद्र यादव की जीत कार्यकर्ताओं के मान और सम्मान को बढाने वाली जीत है। यह जीत हिंदुस्तान में अलवर का डंका बजाने वाली जीत है।

उन्होंने कहा कि पूरा देश नरेंद्र भाई मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनता देखना चाहता है और अलवर के लोग भूपेंद्र यादव को वोट देने का अपना पूरा मन बना चुके हैं। अब एक-एक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि एक भी वोट घर पर नहीं रहे। अगर यह काम हमने कर लिया तो भूपेंद्र यादव अलवर से सांसद होंगे और नरेंद्र भाई मोदी तीसरी बार 400 पार के लक्ष्य के साथ देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

रावत ने कहा राजस्थान में भजनलाल सरकार ने 100 दिन में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए गरीब कल्याण के लिए काम करते हुए चुनाव में किए वायदों की कसौटी पर खरा उतरने का काम किया है। डबल इंजन की राजस्थान सरकार ने किसानों को मिलने वाली सम्मान निधि की राशि को बढाकर 8 हजार किया है। डीजल और पेट्रोल के दाम कम किए है। केंद्र सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाया है। इस के अलावा राजस्थान की प्रमुख समस्या ईआरसीपी समझौते को लागू कर राजस्थान में पानी की समस्या के निदान पर काम शुरू कर दिया है। जिसे कांठोस की अशोक गहलोत सरकार ने 5 साल से अटका कर रखा था। रावत ने कहा देश में राजनीतिक दल परिवार तक सीमित रह गए हैं। जबकि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो परिवार वाद से ऊपर उठकर सोच को रखते हुए सबका साथ और सबका विश्वास लेकर विकास के पथ पर आगे बढ रही है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक रामहेत यादव ने संबोधित किया और कहा कि मोदी की गारंटी पर अटूट विश्वास रखने वाली जनता कांठोस के झूठ और बहकावे में आने वाली नहीं है और अलवर से भूपेंद्र यादव को अपना सांसद मान चुकी है। इस दौरान जिला अध्यक्ष उम्मैद भाया मंडल अध्यक्ष उमेश कांत वशिष्ठ नगर पालिका अध्यक्ष तारामणि सिंघल महिला मोर्चा की जिला मंत्री आशा गुप्ता राजबाला शर्मा खैरथल नगर पालिका पूर्व सभापति अशोक डाटा सहित अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### ठंडे पकवानों से पूजेगी शीतला माता

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे सहित आसपास के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को महिलाओं द्वारा ठण्डे पकवानों से शीतला माता की पूजा अर्चना की जाएगी। जबकि रविवार को घरों में रांधापोआ मनाया गया। इसके चलते महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के मिष्ठान व पकवान बनाये गये। उपरोक्त जानकारी देते हुए मन्दिर के पुजारी धन्ना लाल प्रजापति ने बताया कि अल सुबह से ही गृहिणियां शीतला माता के मन्दिर पर शीतला माता के लोकप्रिय गीत गाते हुए आकर माता की पूजा अर्चना करती है। इसके बाद माता को चढ ाये गये पकवानो का प्रसाद कुम्हार को देकर जाती है। इसी क्रम में आगे बताया कि देवी शक्तियों में केवल शीतला माता ही ऐसी देवी है जिसके शुद्ध शाकाहारी एवं ठण्डे पकवानों का भोग लगाया जाता है। साथ ही माता रानी की पूजा अर्चना की जाती है, तथा इस दिन घरों मे पूरे दिन चुल्हे नही जलाये जाते है। गौरतलब है कि शीतला माता को सभी धर्मों के लोग मानते है और पूजते है।

### शराब बनाने में प्रयुक्त उत्तेजित वॉस नष्ट की

**जयपुर,** (निसं)। अवैध मादक पदार्थ एवं अबैध शराब की धरपकड हेतु लोकसभा चुनाव 2024 को मध्येनजर रखते हुऐ आदर्श आचार संहिता की पालना में रविवार को माधोगढ , अनतपुरा, मीणा बागडी की ढ ाणी पुलिस थाना तुंगा व त्रिलोकपुरा, किशनपुरा, हरिरामपुरा, रिको एरिया बस्सी पुलिस थाना बस्सी में करीब 10 हजार लीटर अवैध हथकढ़ शराब बनाने में प्रयुक्त कच्चा माल उत्तेजित वॉस तथा 4 भटिटयों को नष्ट किया गया। पुलिस को सूचना मिलने पर तत्काल रेस्पोन्स के साथ मुकेश चौधरी आरपीएस सहायक पुलिस आयुक्त बस्सी, कैलाश चौधरी पुलिस उप अधीक्षक आबकारी, राजीव यदुवंशी पु.नि थानाधिकारी बस्सी, महेश कुमार पु.नि थानाधिकारी तुंगा जयपुर पूर्व, मय पुलिस जाप्ता व महीपाल सिंह आबकारी थाना चाकसू, लक्ष्मण सिंह चौमूं आबकारी थाना प्रभारी मय आबकारी निरोधक दल जाप्ता मौजूद रहा।

### बाड़े में लगी आग से जला ईधन

**मालपुरा,** (निसं)। थाना क्षेत्र के टोरडी गांव में रविवार को बाडे में लगी आग से बडी तादात में ईधन जलकर राख हो गया। टोरडी निवासी बनवारी बैरवा के बाडे मे अज्ञात कारणो से लगी आग की चिंगारी देखते ही देखते विकराल हो गई। तेज हवा से फैली आग से बाडे में रखी पांच ट्रोली ईधन के ढ ेर देखते ही देखते ग्रामीणों की आंखो के सामने राख के ढ ेर मे तब्दील हो गई। आसपास के गांवो मे अफरा-तफरी मच गई। सुचना मिलने पर दमकल के साथ पहुंचे गृह रक्षा दल के जवान अशोक शर्मा,रमेश चन्द ने मौजूद ग्रामीणो के सहयोग से कडी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

### टेंपो पलटने से चार श्रद्धालु घायल

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। खाटूश्यामजी थाना क्षेत्र के अलोदा रोड पर श्रद्धालुओं से भरा टेंम्पों पलट गया। जिससे जीण माता जी दर्शन करके लोट रहे दो महिला श्रद्धालु सहित चार लोग घायल हो गए। वहीं टेंम्पों चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार दिल्ली निवासी आठ श्याम भक्त खाटू नगरी दर्शन के बाद जीण माता दर्शन को टेंपो लेकर गये थे। जीण माता जी से वापस आते समय अलोदा रोड पर सामने से बडा वाहन आने पर टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे टेंपो में सवार मिनाक्षी, ओसिमा, यश व गोविंद घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलेंस 108 की सहायता से खाटूश्यामजी उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया तथा प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दी गई।

### श्री श्याम फागोत्सव व भजन संध्या आज

**निवाई,** (निसं)। जमात में स्थित हनुमान नगर में श्री श्याम सेवा संघ परिवार हनुमान नगर के तत्वावधान में सोमवार को श्री श्याम फागोत्सव व विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। अशोककुमार नागर, मोहित टेलर रामाज व नरेश स्वामी ने बताया कि सोमवार की शाम सात बजे से दादू विहार कॉलोनी के मेन गेट हनुमान नगर में विशाल श्याम भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें भजन गायक रजनी राजस्थानी जयपुर, रिषभ मित्तल केकडी, राजू खंडेलवाल, अनिल शर्मा, महेश दरगड, राकेश गुरुजी, महेश खण्डेलवाल, रवि पारीक व मनीष साहू सहित स्थानीय गायक कलाकारो द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

# कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव ने जनसंपर्क कर जन समर्थन जुटाया

**अलवर,** (निसं)। अलवर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव ने रविवार को राजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में तूफानी जनसंपर्क कर जन समर्थन जुटाया। इस दौरान ग्रामीणों की ओर से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी ललित यादव का विभिन्न गांवों में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। स्थानीय एवं शालीन छवि के ललित ने ग्रामीणों

■ राजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों का किया दौरा

को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले एक दशक से अलवर को नर्क बनाने वाली भारतीय जनता पार्टी को इस बार जनता ने सिरे से नकारने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि आप सभी के मिल रहे सहयोग से राजनीति के इस चक्रव्यूह को भेदकर मैं देश की सबसे बडी पंचायत में बैठकर अलवर के विकास की नई इबारत लिखूंगा।

उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह के कार्यकाल में कराए गए ऐतिहासिक विकास कार्यों की श्रृंखला को अब एक नहीं राह मिलेगी, उनके सपनों को अब आपका बेटा ललित अलवर का विकास कर पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि इस बार अलवर ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की लहर है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि महंगाई बेरोजगारी से आमजन त्रस्त है,भाजपा के इस राज को बदलने में कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता कंधे से कंधे मिलाकर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार डबल इंजन सरकार के गुब्बारे की हवा निकालने के लिए जनता तैयार बैठी है।

क्षेत्रीय विधायक राजगढ लक्ष्मणगढ विधानसभा मांगीलाल मीणा ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार स्थानीय एवं बाहरी का मुद्दा हावी है। भारतीय जनता पार्टी ने पिछली बार हरियाणा से लाकर प्रत्याशी को उतारा अबकी बार भी इन्हें अलवर में भारतीय जनता पार्टी का कोई योग्य उम्मीदवार नजर नहीं आया इसलिए जनता ही नहीं बल्कि स्थानीय भाजपा के नेता भी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अबकी बार केवल कांग्रेस की सरकार का नारा पूरे देश में तेजी से वायरल हो रहा है। इस अवसर पर बडी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव ने बेरला,बारा, चिमरावली, छिलाचो स्टैंड, मौजपुर, गुर्जर खोरहा, शहदका बास, शाहडका, रुणीजा पहाड, बुटोली, बडा बास,बडा बास का तिराहा टंकी, चंद्रा का बास,अलबक्श का बास, जमालपुर, सौराई, हिंगोटा, कफनवाडा, निवाजी का बास चौराहा, नांगल खानजादी, खेडली चंद्रावत, कनवाडा, लक्ष्मणगढ सर्कल, नगर पालिका गोपालपुरा, लिली, रायपुर अहीर, शनि महाराज मंदिर,हसनपुर, हरसाना, हरसाना कॉलोनी, जोनखेडा, दिवली, शेखपुरा, रसूलपुर, सालमपुर, बीचगांव, बसेडी, उच्छर, नारनौल खुर्द, नारनौल कला, गोठडा, गेरू की खान, झालाटाला, मुकुंदपुरा, सेहरा, सुनारी, काली पहाडी, पिनान चौराहा, नांगल बोहरा, टोडा नगर, जोधपुरा, कच्छावा, फतेहपुर, मलावली, खोहरा, गढवास गांवों का दौरा किया।



अलवर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव ने जनसंपर्क कर सभा को संबोधित किया।

### जुआ खेलते पांच गिरफ्तार, राशि जब्त

**निवाई,** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पैसों का दांव लगाकर ताश पत्ती खेलने के आरोप में 5 जनों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 13 हजार 70 रुपये की राशि भी जब्त की है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक संजीव नैन द्वारा प्रदत्त निर्देशों की पालना में अपराधियों की धरपकड एवं लोकल एवं माईनर एक्ट की कार्यवाही को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह व पुलिस उपाधीक्षक मृत्युन्जय मिश्रा के पर्यवेक्षण में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए पत्थर फैक्ट्री के पास ललवाडी रोड से सार्वजनिक जगह पर रुपयों पैसों का दांव लगाकर ताश पत्ती खेल रहे कजोड बैरवा पुत्र मांगीलाल बैरवा निवासी इन्द्रा कॉलोनी भाँवता, रामस्वरूप पुत्र भागीरथ बैरवा, हंसराज पुत्र केसरलाल बैरवा, बद्रीलाल पुत्र रामचन्द्र बैरवा, सत्यप्रकाश पुत्र किशनलाल बैरवा चारों निवासी नया मौजा जयसिंहपुरा को गिरफ्तार किया है।

# अधिकारियों ने ग्रामीणों से मतदान करने की समझाइश की

**टोंक,** (निसं)। नगर फोर्ट तहसील की ग्राम पंचायत बोसरिया के रतनपुरा गांव में पेयजल समस्या को लेकर शुक्रवार को लोकसभा चुनाव-2024 में 26 अप्रैल को मतदान नहीं करने के फैसले को लेकर रविवार को तहसीलदार नगर फोर्ट एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशाषी अभियंता ने ग्रामीणों से मतदान करने की समझाइश की।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि वर्तमान में ग्राम रतनपुरा में जल जीवन मिशन के तहत अतिरिक्त पाइप लाइन बिछाकर 71 घरेलू नल कनेक्शन हुए है। जिनकी जलापूर्ति ग्राम बिलासपुर में पूर्व में निर्मित उच्च जलाशय से की जा रही है एवं ग्राम रतनपुरा के साथ 11 अतिरिक्त गांवों में भी जलापूर्ति हो रही है। इस कारण से ग्राम रतनपुरा के अंतिम छोर पर पूर्ण दबाव से जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। अधिशाषी अभियंता ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत नवीन उच्च जलाशय का निर्माण रानीपुरा ग्राम में किया जा रहा है। इस जलाशय की कमिशनिंग के पश्चात ही ग्राम रतनपुरा में पेयजल समस्या का स्थाई समाधान हो पायेगा।


अधिकारियों ने ग्रामीणों से मतदान करने की अपील की।

■ पेयजल समस्या का शीघ्र किया जाएगा समाधान

रविवार को जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता एवं तहसीलदार ने ग्राम रतनपुरा में सुचारू पेयजल सप्लाई में बाधा बन रहे अवैध नल कनेक्शनों को पुलिस जाब्ते के साथ हटाने की कार्रवाई की साथ ही ग्राम रतनपुरा के लोगों से पेयजल सप्लाई को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि ग्राम में सिंगल वॉल एक-एक घंटे के लिए ऑपरेट कर आंशिक पेयजल आपूर्ति शुरू की गई। जलदाय विभाग के अभियंताओं द्वारा गांव की पेयजल सप्लाई की नियमित रूप से जांच की जाएगी।

## कर्नल बैंसला की पुण्यतिथि पर रक्तदान एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**कोटपूतली,** (निसं)। गुर्जर आरक्षण आन्दोलन के अगुवा नेता रहे कर्नल किरोडी सिंह बैंसला की द्वितीय पुण्यतिथि पर रविवार को वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी शंकर लाल कसाना द्वारा गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति कोटपूतली के तत्वाधान में कस्बा स्थित जीवन धारा ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में कुल 92 यूनिट रक्तदान हुआ। इस दौरान युवा कार्यकर्ताओं ने बढ -चढ कर भाग लिया। रक्तदान का शुभारम्भ स्व. बैंसला के चित्र पर द्वीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुय भाजपा नेता कसाना ने कहा कि आज की युवा पीढ ी को कर्नल बैंसला के आदर्श अच्छी शिक्षा व स्वास्थ्य, पढ ी लिखी माँ व कर्जमुक्त समाज के संकल्प को अपने जीवन में उतारना चाहिये। इस दौरान राहुल सराधना, महिपाल तंवर, मोनू कसाना खुर्दी, हवासिंह जे एन, हवासिंह बैंसला, अंकित नून, ओमी कसाना, प्रदीप खटाना, संदीप खटाना, रोशन कसाना, डीके तिवाड़ी, रोहिताश रावत, महेन्द्र चेची बेरी, राजेश दौराता, कमल भरगड़, सवा कसाना, शंकर सुद, सचिन भरगड़, पूरण खटाना, सुभाष चनेजा, आशीष कसाना, दिनेश, राकेश तंवर, सचिन, बिल्लू दिलपुरा, राजेन्द्र कसाना आदि मौजूद रहे।

वहीं राजमार्ग स्थित भाजपा कार्यालय पर बडी संख्या में कार्यकर्ताओं ने स्व. कर्नल बैंसला के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका स्मरण करते हुये श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कार्यक्रम में शिरकत करते हुये निम्स अस्पताल के निदेशक व भाजपा नेता डॉ. पंकज सिंह ने कर्नल बैंसला के विराट व्यक्तित्व एवं उनके द्वारा समाज हित में किये गये कार्यों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष व भाजपा नेता विजय बैंसला भी वर्चुअल रूप से ला व जुड़े। इस दौरान दक्षिण मंडल अध्यक्ष कैलाश स्वामी, पूरब मंडल संयोजक इंजी. विक्रम कसाना, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रीतम सिंह, जिला मंत्री श्याम, दिनेश चनेजा, अरूण शर्मा समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विहिप के श्रीराम उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**कोटपूतली,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम राजनौता में प्रतिवर्ष की भांति विश्व हिन्दू परिषद के श्रीराम उत्सव कार्यक्रम का रविवार को आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए पृथ्वी सिंह ने कहा कि सामाजिक कार्यों में समाज को बढ -चढ कर भाग लेना चाहिये। धर्म जागरण के जिला संयोजक चंद्रशेखर ने कहा कि यदि भगवान श्रीराम के आदर्शों को हम अपने जीवन में उतार लें तो रामराज्य की स्वत: ही स्थापना हो जायेगी। बहादुर सिंह ने विश्व हिन्दू परिषद के कार्यों ( धर्म परिवर्तन रोकना, घर वापसी, लव जिहाद से बहनों को बचाना, मठ मंदिर धर्माचार्यों की सुरक्षा, गौरक्षा आदि) पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ कार्यकर्ता अरुण सैनी ने आह्वान किया कि 500 वर्ष बाद रामलला का जन्मोत्सव कार्यक्रम भव्य श्रीराम मंदिर में प्रतिष्ठापित होने के बाद आया है सो हमें हर्षोल्लास से यह उत्सव मनाना चाहिये। बजरंग दल जिला संयोजक नेमीचंद हिन्दू ने राजनौता मण्डल विहिप अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह व बजरंग दल मण्डल संयोजक आशकरण सिंह को दुपट्टा पहनाकर दायित्वों की घोषणा की।

## राजपूत समाज द्वारा होली स्नेह मिलन समारोह


राजपूत समाज द्वारा होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन दशरथ सिंह शेखावत की अध्यक्षता में किया गया।

**पावटा,** (निसं)। कस्बा स्थित राव रत्ना जी भवन में रविवार को राजपूत समाज द्वारा होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन दशरथ सिंह शेखावत की अध्यक्षता में किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रत्ना कुमारी शाहपुरा ने कहाँ कि हमे समाज में फैली कुरीतियों को खत्म करके आगे बढते हुए चलना चाहिए। इसी के साथ उन्होंने जयपुर ग्रामीण लोकसभा भाजपा प्रत्यासी राव राजेन्द्र सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान राजपूत समाज के काफी वक्ताओं ने अपना संबोधन दिया। इस दौरान केशर सिंह शेखावत, दातार सिंह शेखावत, विक्रम सिंह तंवर, जितेन्द्र सिंह शेखावत, संजय सिंह नारहेडा, भीम सिंह खेलना सहित समाज के सैकडों लोग मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### शिविर में 200 जनों ने रक्तदान किया



**सांभरझील,** (निसं)। यहां ब्राह्मण समाज की धर्मशाला में रविवार को तरुण कुमावत की स्मृति में गोवर्धन नाथ मंदिर के महंत जुगल दास महाराज के सानिध्य में स्वैक्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। महंत ने दीप प्रज्ज्वलित कर इसका शुभारंभ किया, उन्होंने खुद ने भी रक्तदान कर रक दाताओं का हौसला बढाया। विचार व्यक्त करते हुए महंत ने कहा कि रक्तदान सबसे बडा दान हैं। रक्तदान से किसी का जीवन बचाया जा सकता है। शिविर में मनोहर लाल कुमावत, शरद कालानी, कमल शुक्ला, टीकम चंद मालाकार, डॉ. मंगल चंद यादव, सत्यनारायण गोयल, किशन लाल कुमावत, एडवोकेट सुरेश शर्मा, हनुमान गुर्जर, किरण बंजारा, रवि कुमावत, हीरालाल तंवर, सीपी व्यास, भारत सैनी, चंद्रप्रकाश सैनी, सुनीता शर्मा, सहित महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान फुलेरा ब्ल्ड बैंक के द्वारा 200 यूनिट रक्त संग्रहित किया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र और हेलमेट देकर सम्मानित किया गया।

### शिक्षक संघ की बैठक आयोजित

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय, उपशाखा-पलसाना की बैठक रविवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय खाटूश्यामजी में आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से होली स्नेह मिलन कार्यक्रम, नव संवत्सर कार्यक्रम, डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती (सामाजिक समरसता दिवस), लोक मत परिष्कार व शिक्षा से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में संभाग संयुक्त मंत्री यशवंत सिंह, ज़िला अध्यक्ष हम्मीर सिंह, उपशाखा अध्यक्ष कालूराम स्वामी, प्रधानाचार्य लक्ष्मी नारायण यादव, मुकेश कुमार मीणा, राकेश कुमार मीणा पूर्व प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद शर्मा, नारूराम, हंसराज तंवर, मुकेश कुमार, राजेंद्र प्रसाद सहित उपशाखा के अनेक शिक्षक उपस्थित रहें। बैठक का संचालन प्रदीप शर्मा ने किया।

### शिविर में 28 रोगी लाभान्वित

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम दिवस पर आयोजित किए जा रहे नि:शुल्क परामर्श सिविल की श्रृंखला में 31 मार्च रविवार को आयोजित शिविर में 28 लोगों की नि:शुल्क जांच की गई तथा डॉ महेंद्र प्रताप तिवारी द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया। क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच में शिवपाल योगी, महेंद्र शर्मा और जितेंद्र शर्मा ने सहयोग दिया। इस मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी, सागरमल हलवाई और रेवत सिंह आदि मौजूद रहे।

### मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

**दूदू,** (निसं)। जिला मुख्यालय पर लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान प्रतिशत बढाने एवं मतदाताओं का जागृत करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ विद्यालय के प्रांगण से उपखंड अधिकारी योगेश सिंह देवल द्वारा झंडी दिखाकर किया गया। मुख्य मार्ग से होते हुए रैली गली मोहल्ले में पहुंचकर मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

### पेयजल व्यवस्था कराने की मांग

**टोंक,** (निसं)। पीपलू उपखंड कि ग्राम पंचायत के बोरखंडी खुर्द में ग्रामीणों को पानी के लिए त्राहि त्राहि होना पड रहा है। ग्रामीण बनवारीलाल बैरवा ने बताया की बोरखडी खुर्द गांव नेशनल हाईवे पर होने के बावजूद प्रशासन की लापरवाही के चलते ग्रामीणों को पानी के लिए इधर-उधर की ठोकरे खाना पड रहा है जबकि बनास नदी से ट्यूबवेल का संचालन किया हुआ है लेकिन आए दिन पीएचडी विभाग इसे खराब बताकर पीने के पानी के लिए तरस रहा है। गत कुछ दिनों पूर्व भी विभाग ने करीब 10 दिन तक ट्यूबवेल खराब होने का बहाना बनाकर पानी नहीं छोडा फिर वही समस्या बता कर करीब 8 दिन से पानी शुरू नहीं कर रहे व ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार कर रहा है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि जल्द से जल्द हमें पीने के पानी की व्यवस्था करवाकर निजात दिलवाये।

### होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित

**टोंक,** (निसं)। भारत विकास परिषद टोंक द्वारा 31 मार्च को रंग पंचमी के अवसर पर सहभोज के साथ होली स्नेह मिलन कार्यक्रम रोज मेरिज गार्डन परिसर में किया गया। इस अवसर पर सत्र 2024-25 के लिए हुए चुनाव मे चुनाव अधिकारी अशोक कासलीवाल ने बताया कि सर्व सम्मति से भारत विकास परिषद के अध्यक्ष पद पर रमेश काला, सचिव राधेश्याम शर्मा, वित्त सचिव राम प्रसाद शर्मा, महिला प्रमुख सुमन काला, सह प्रमुख किरण त्रिपाठी को चुना गया।

### अवैध शराब के 139 पव्वे जब्त, एक गिरफ्तार

**निवाई,** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने अवैध देशी शराब के 139 पव्वे जब्त किए है व एक जने को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि लोकल एंव माईनर एक्ट की कार्यवाही को लेकर ललवाडी मोड के पास से अवैध देशी शराब कब्जे में रखने पर आरोपी हीरु सांसी निवासी रोपा थाना पारोली जिला जहाजपुर हाल ललवाडी मोड चैनपुरा को गिरफतार किया है। उन्होने ने बताया कि आरोपी से अवैध देशी शराब के 139 पव्वे जब्त किए है।

### राव राजेंद्र सिंह का अभिनंदन

**सांभरझील,** (निसं)। जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राव राजेंद्र सिंह का भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा व नेता प्रतिपक्ष अनिल गट्टानी के संयुक्त नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्म जोशी से अभिनंदन किया। माला पहनकर उनका स्वागत किया। स्वागत करने वालों में विजय व्यास, वाइस चेयरमैन नवल किशोर सोनी, रामजीलाल पट्टी कातला वाला, दिव्य राजवीर गुर्जर, विनोद सांभरिया, संतोष सांभरिया सहित अनेक लोग शामिल रहे। इसके बाद उन्होंने फुलेरा विधानसभा क्षेत्र का पू. विधायक निर्मल कमावत व उनकी टीम से फीडबैक लिया।

# विकसित भारत के लिए विकसित राजस्थान का होना जरूरी है : भूपेंद्र यादव

**अलवर,** (निसं)। केंद्रीय मंत्री व लोकसभा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव ने बूढी बवाल, कारोडा, जागूंवास , गुर्जरवास , कांकरा मोहम्मदपुर, पहाडी, जेतपुरबास, शेरपुर, कंचल वाटिका बहरोड, गूंती में जनसंपर्क किया। केंद्रीय मंत्री का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस जनसंपर्क यात्रा के दौरान स्थानीय लोगो, बुजुर्गो, महिलाओं और पार्टी कार्यकर्ताओं से भी बातचीत की। जनसंपर्क के दौरान कई जगह भूपेंद्र यादव का बडी फूल माला पहनकर व 51 मीटर का साफा बांधकर, व महिलाओं द्वारा लोकसंगीत गाकर स्वागत व सम्मान किया गया। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने जनसंपर्क के दौरान कहां की आपके स्नेह की वजह से ही मुझे आप लोगों के किए कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने इस प्यार ओर सम्मान के लिए सभी का हाथ जोडकर धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा की विकसित भारत के लिए विकसित राजस्थान का होना जरूरी है।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा की आज देश का नेतृत्व मजबूत हाथो में है। आप सभी लोगों ने राजस्थान में हमे जीत दिलाकर एक इंजन लगा दिया है अब दूसरे इंजन के लिए केंद्र में फिर से मोदी सरकार को लाना जरूरी है। राजस्थान विधानसभा में भाजपा को जीत दिलाने पर आप सभी का मैं आभारी हूं।


केंद्रीय मंत्री व लोकसभा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव ने विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान उनका भव्य स्वागत किया गया।

■ 'देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का मोदी जी का संकल्प आप सभी के सहयोग से ही पूरा होगा'

यह चुनाव अन्याय पर न्याय की जीत का, बुराई पर अच्छाई की जीत का चुनाव है। इस चुनाव से देश में फिर से एक मजबूत सरकार बनेगी जिससे अलवर ओर राजस्थान का विकास बेहद तेजी से हो पाएगा। भूपेंद्र यादव ने कहा की 2014 के बाद से140 करोड भारतवासियों को एक दृढ निश्चय वाली सरकार मिली है।

### एक लाख रूपये की अवैध शराब जप्त

**मालपुरा,** (निसं)। लोकसभा चुनाव के दौरान अवैध शराब परिवहन खरीद फरोख्त व भंडारण की रोकथाम को लेकर जिला पुलिस अधिक्षक संजीव नैन के निर्देशानुसार एएसपी रामकुमार कस्वा, डीएसपी महेन्द्र कुमार मीणा के सुपरविजन मे लाम्बाहरिसिंह थानाधिकारी सुर्यभान सिंह के नेतृत्व मे गठित विशेष पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र मे नांकाबंदी के दौरान कार्यवाही करते हुये एक लाख रूपये से अधिक की शराब जप्त कर दो जनों को गिरफतार किया।

थाना पुलिस टीम ने डीएसटी की सूचना पर अलग-अलग टीमे बना लाम्बाहरिसिंह से मालपुरा व केकडी रोड पर नांकाबंदी लगा वाहनों की जांच पडताल करते हुये 74.266 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब, 61.38 लीटर अवैध देशी शराब व 66.88 लीटर अवैध बीयर जप्ती की कार्यवाही की गई। थाना पुलिस ने जप्त की गई अवैध शराब की कीमत 1 लाख 6 हजार रूपये माना गया।

# किशनगढ़बास में एक दिन छोड़कर मिलेगा पानी

**किशनगढबास,** (निसं)। किशनगढबास के लोगों को अब हर घर नल जल योजना का पानी 1 अप्रैल से एक दिन छोडकर एक दिन मिलेगा। यह आदेश जल अभियंत्रिक विभाग के अधिशासी अभियंता धर्मेंद्र यादव ने किशनगढबास में पानी की कमी को देखते हुए जारी किए है। विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस राज में 5 नए ट्यूबवेल मंजूर किए गए थे लेकिन पांच में से अधिकारी एक ही ट्यूबवेल कर पाए और 4 ट्यूबवेल सरकार बदलने पर रोक दिए गए। लोगों का मानना है कि अधिकारी चुनाव से पहले गंभीरता से लेते और ट्यूबवेल करा देते तो आज एक दिन छोडकर एक दिन पानी की नौबत नहीं आती।

किशनगढबास में पिछले करीब एक महीने से लोगों को एक दिन छोडकर 2 दिन पानी मिल रहा था। इससे पहले एक दिन छोडकर 7 दिन पानी की सप्लाई की जा रही थी। जल अभियंत्रिक विभाग के अधिकारियों का कहना है कि भूजल स्तर नीचे जाने से ट्यूबवेल फेल हो चुके हैं। आचार संहिता लगने के कारण नए ट्यूबवेल नहीं हो सकते हैं। किशनगढबास की पेयजल व्यवस्था को लेकर एसडीएम मूलचंद लूणिया की अध्यक्षता में रविवार को जल अभियंत्रिक विभाग अधिशासी अभियंता धर्मेंद्र यादव की उपस्थिति में जल अभियंत्रिक विभाग के अधिकारियों व नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षदों की उपस्थिति में पानी व्यवस्था सुचारू रखें जाने के लिए एक दिन छोडकर एक दिन किए जाने का निर्णय लिया गया। अधिशासी अभियंता धर्मेंद्र यादव ने बताया कि 48 घंटे में एक बार पानी दिए जाने की व्यवस्था 1 अप्रैल से लागू हो जाएगी। 1 अप्रैल को दयालपुर और दशहरा मैदान की उच्च जलाशय टंकी से की जाने वाली सप्लाई दी जाएगी। इसी प्रकार 2 अप्रैल को किले व नगर पालिका उच्च जिला से टंकी से सप्लाई की जाएगी। सप्लाई का समय सुबह 5 से 7 बजे तक रहेगा।



"मैं मास्टर्स 1000 और ग्रैंड स्लैम में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। उस रिकॉर्ड को बरकरार रखना और बाकी सभी को कड़ी टक्कर देना अच्छा है।" - रोहन बोपन्ना

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना पहला युगल ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने पर।

# खेल जगत



**तेजस्विन शंकर**





भारतीय एथलीट तेजस्विन शंकर ने शॉकर स्प्रिंग इनविटेशनल 2024 में सीजन की अपनी पहली आउटडोर मीट में 2.17 मीटर की छलांग लगाकर खिताब अपने नाम कर लिया है। शंकर ने अमेरिका के केन्सास में शनिवार को सीजन की अपनी पहली आउटडोर स्पर्धा में शॉकर स्प्रिंग इनविटेशनल 2024 एथलेटिक्स में पुरुषों की ऊंची कूद में 2.17 मीटर की छलांग लगाकर यह जीत दर्ज की। शंकर का अब तक की तीन प्रतियोगिताओं में सीज़न का सबसे कम प्रयास था।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टैस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैण्ड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाए।

# गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया



अहमदाबाद, 31 मार्च। मोहित शर्मा के 25 रन देकर तीन विकेट और उसके बाद साई सुदर्शन के 45 रन तथा डेविड मिलर की नाबाद 44 रनों की बदौलत गुजरात टाइटंस ने रविवार को खेले गये इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 12वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया।

गुजरात की ऋद्धिमान साहा और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने 163 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पहले विकेट लिये 36 रन जोड़े। ऋद्धिमान साहा 13 गेंदों में एक चौके और दो छक्कों की मदद से 25 रनों की पारी खेली। साहा को पांचवें ओवर में शाबाज ने कमिंस के हाथों कैच आउट कराया। शुभमन गिल 28 गेंदों मे दो चौके और एक छक्के की मदद से 36 रन बनाये। गिल को मार्कंडेय ने समद के हाथों कैच आउट कराया। साई सुदर्शन ने टीम के लिये 36 गेंदों में चार चौके और एक छक्के की मदद से सर्वाधिक 45 रन बनाये। सुदर्शन को 17वें ओवर की पहली गेंद पर कमिंस ने अभिषेक के हाथों कैच आउट कराया।

डेविड मिलर ने तूफानी अंदाज में 27 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 44 रन बनाये। विजय शंकर 14 रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात टाइटंस ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 168 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। गुजरात टाइट्स की तीन मैचों में यह दूसरी जीत है।

हैदराबाद की ओर से शाहबाज अहमद, मयंक मार्कंडेय ओर पैट कमिंस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले अब्दुल समद और अभिषेक शर्मा की 29-29 रनों की पारियों सहित टीम प्रयास के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 163 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद के लिए मयंक अठावाल और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत के तहत पहले विकेट लिये 34 रन जोड़े। उमरजई ने पांचवें ओवर में मयंक को 16 रन पर आउटकर हैदराबाद को पहला झटका दिया। उसके बाद सातवें ओवर में नूर अहमद ने ट्रैविस को 19 रन पर बोल्ड कर दिया। इसके बाद जो भी बल्लेबाज पिच आये उन्होंने तेजी से के साथ रन बटोरे। अभिषेक शर्मा ने 20 गेदों में दो चौके और दो छक्कों के साथ 29 रनों की पारी खेली। एडन मारक्रम ने 17 रन बनाये। हाइनरिक क्लासन 13 गेंदों में 24 रन और शाहबाज अहमद 20 गेंद में 22 रन बनाकर आउट हुये।

अब्दुल समद 14 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 29 रनों की पारी खेली। समद आखिरी गेंद पर रनआउट हुये। कप्तान पैट कमिंस दो रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 162 रन का स्कोर खड़ा किया।

गुजरात जायंट्स की ओर से मोहित शर्मा ने तीन विकेट लिये। अजमतउल्लाह उमरजई, उमेश यादव,राशिद खान और नूर अहमद ने एक-एक विकेट लिया।

# दिल्ली ने जीता सीजन का पहला मैच

## वापसी में पंत की भी फिफ्टी, धोनी ने 3 छक्के जमाए



विशाखापट्टनम, 31 मार्च। दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 में पहली जीत हासिल की है। टीम ने मौजूदा सीजन के 13वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 20 रन से हराया। विशाखापट्टनम में रविवार के दूसरे मैच में दिल्ली ने 20 ओवर में 191 रन बनाए। 192 रन के टारगेट के सामने चेन्नई 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 171 रन ही बना सकी।

चेन्नई से अजिंक्य रहाणे ने 30 बॉल पर 45 रन बनाए, जबकि एमएस धोनी ने 16 बॉल पर नाबाद 37 रन की पारी खेली। उन्होंने 4 चौके और 3 छक्के जमाए। दिल्ली से मुकेश कुमार ने 3 विकेट लिए। वहीं 2 सफलताएं खलील अहमद को भी मिलीं।

दिल्ली के लिए कप्तान ऋषभ पंत ने 32 बॉल पर 51 रन की पारी खेली। उन्होंने 4 चौके और 3 छक्के जमाए। डेविड वॉर्नर (52 रन) ने करियर की 62वीं फिफ्टी जमाई। पृथ्वी शॉ ने 27 बॉल पर 43 रन बनाए। मथीश पथिराना को 3 विकेट मिले।

## लुट पुट गया गाने पर रिंकू सिंह और आंद्रे रसल ने किया परफॉर्म



नई दिल्ली, 31 मार्च। आंद्रे रसल और रिंकू सिंह का एक नया रूप देखने को मिला है। केकेआर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें ये दोनों खिलाड़ी शाहरुख खान के एक गाने को गाते हुए नजर आ रहे हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल खतरनाक फॉर्म में हैं। बल्ले और गेंद से आईपीएल के 17वें सीजन में वह विपक्षी टीम पर भारी पड़ रहे हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के आंद्रे रसेल को बॉलीवुड गानों का भी शौक है। टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले वह शाहरुख के कई गानों को गुनगुनाते हुए नजर आए थे। इस बीच उनका एक वीडियो केकेआर ने शेयर किया है, जिसमें वह रिंकू सिंह के साथ लुट पुट गया गाना गाने की कोशिश कर रहे हैं। विस्फोटक बल्लेबाज आंद्रे रसेल टीम के सह-मालिक शाहरुख खान और उनके गानों के भी बहुत बड़े फैन रहे हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें टीम के स्टार फिनिशर रिंकू सिंह शाहरुख खान के गाने लुट पुट गया को गुनगुना रहे थे। इस बीच रिंकू ने रसेल को ये गाना गाने के लिए कहा। रसेल ने जवाब में कहा, तुम ये गाना मत गाओ ये मेरा गाना है। फ्रेंचाइजी ने वीडियो शेयर करते हुए पूछा, किसने अच्छा किया- रसेल या रिंकू कोलकाता ने ये वीडियो फ्लाइट के दौरान का शेयर किया है। केकेआर की टीम बेंगलुरु से वाइजैग जा रही है। आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत अच्छी रही। टीम ने अपने शुरुआती दोनों मैच जीते हैं।

## टी-20 वर्ल्ड कप से पहले बाबर को फिर मिली पाक क्रिकेट टीम की कमान

लाहौर, 31 मार्च। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को टी20 विश्व कप से दो महीने पहले रविवार को फिर से सफेद गेंद प्रारूप का कप्तान नियुक्त किया गया। यह निर्णय पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की चयन समिति की सर्वसम्मत सिफारिश के बाद लिया गया। पीसीबी ने एक मीडिया विज्ञिप्त में कहा, "पीसीबी की चयन समिति की सर्वसम्मत सिफारिश के बाद बोर्ड अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने बाबर आजम को पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम के सफेद गेंद प्रारूप (वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय) कप्तान नियुक्त किया है।"बाबर ने पिछले साल नवंबर में भारत में वनडे विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान के लिए तीनों प्रारूपों से कप्तानी छोड़ दी थी। बाबर ने तत्कालीन पीसीबी प्रमुख जका अशरफ के यह कहने के बाद अपनी भूमिका छोड़ दी थी कि वह अब सीमित ओवरों के प्रारूप में कप्तान नहीं रहना चाहते हैं और केवल टेस्ट टीम का नेतृत्व करना चाहते हैं। बाबर टी20 कप्तान के रूप में तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की जगह लेंगे, जिन्होंने जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में 1-4 की हार में पाकिस्तान का नेतृत्व किया था।

# रोहन बोपन्ना और मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ने जीता खिताब




मियामी, 31 मार्च। भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने सबसे उम्रदराज एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन बनने के अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए आस्ट्रेलिया के जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन के साथ यहां मियामी ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता।

इस साल अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 44 साल बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी ने शुरुआती सेट में पिछड़ने के बाद शनिवार को हार्ड रॉक स्टेडियम में क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी पर 6-7(3), 6-3, 10-6 से रोमांचक जीत हासिल की।

इस जीत के साथ बोपन्ना ने पिछले साल बनाए अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने बीते साल 43 बरस की उम्र में इंडियन वेल्स खिताब जीता था। उन्होंने इसके साथ ही युगल रैंकिंग में शीर्ष स्थान भी हासिल किया। बोपन्ना ने जीत के बाद कहा, "यह आश्चर्यजनक है।हम इन बड़े आयोजनों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, हम इसी के लिए खेलते हैं।" इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना पहला युगल ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले बोपन्ना ने कहा, "मैं मास्टर्स 1000 और ग्रैंड स्लैम में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। उस रिकॉर्ड को बरकरार रखना और बाकी सभी को कड़ी टक्कर देना अच्छा है।"

## ऋषभ पंत का दिखा पुराना वाला रौद्र रूप तो दिग्गजों ने किया रिएक्ट

दिल्ली, 31 मार्च। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ तूफानी फिफ्टी जड़ी। पंत ने 32 गेंदों में 52 रन की बनाए। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के जड़े। पंत ने कमबैक के बाद पहला अर्धशतक जमाया है। उनका आईपीएल 2024 के शुरुआती दो मैचों में रौद्र रूप नहीं दिखा था। ऐसे में पंत ने जब सीएसके के खिलाफ पुराने वाला देखाया तो दिग्गज क्रिकेटर्स की बांछें खिल गईं। उनकी सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है। टीम इंडिया और सीएसके के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, पंत वापस आ गया है। फाइटर को देर हो सकती है लेकिन उन्हें कभी नकारा नहीं जा सकता। मजबूत बने रहो मेरे भाई। पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने कहा, ऋषभ पंत पुरी तरह वापस आ गए हैं। यह शानदार पारी थी। पूर्व भारतीय गेंदबाज मुनाफ पटेल ने लिखा, पंत वापस आ गया है। उसे परफॉर्म करते देखना अच्छा लगता है। पंत की फिफ्टी के दम पर दिल्ली ने निर्धारित 20 ओवर में 191/5 का स्कोर खड़ा किया। पंत की पारी का अंत 19वें ओवर में हुआ। उन्हें मथीशा पथिराना ने सीएसके के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के हाथों लपकवाया। पंत ने अक्षर पटेल (7) के संग पांचवें विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी की।

# राशिद खान ने तोड़ा शमी का रिकॉर्ड



नई दिल्ली, 31 मार्च। आईपीएल 2024 के 12वें मैच में गुजरात टाइटंस (जीटी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) आमने-सामने हैं। रविवार को अफगानिस्तान के धाकड़ स्पिनर राशिद खान ने जीटी के लिए एक बड़ा कारनामा अंजाम दिया। वह जीटी की ओर से सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जो चोटिल होने के कारण 17वें सीजन में नहीं खेल रहे हैं। राशिद के खाते में 49 विकेट हो गए हैं जबकि शमी ने 48 शिकार किए।

जीटी के उपकप्तान राशिद ने अहमदाबाद के मैदान पर एसआरएच के खिलाफ चार ओवर में 33 रन देकर एक विकेट हासिल किया। उन्होंने साउथ अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन को 14वें ओवर में बोल्ड किया। क्लासेन ने 13 गेंदों में 24 रन की पारी खेली। उनके बल्ले से एक चौका और 2 छक्के निकले। क्लासेन ने नूर अहमद के ओवर में दो छक्के लगाए लेकिन वह राशिद के सामने जूझते नजर आए। क्लासेन ने चौथे विकेट के लिए एडेन मार्करम (17) के संग 34 रन की साझेदारी की।

हैदराबाद की टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। मयंग अग्रवाल (16) और ट्रैविस हेड (19) ने सधी हुई शुरुआत की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 34 रन की पार्टनरशिव की। पिछले मैच में तूफानी अर्धशतकीय पारी खेलने वाले अभिषेक शर्मा ने 20 गेंदों में 29 रन जुटाए। उन्होंने दो चौके और दो छक्के मारे। शाहबाज अहमद ने 22 और अब्दुल समद ने 29 रन का योगदान दिया। दोनों ने छठे विकेट के लिए 45 रन की अहम साझेदारी की। हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवर में 162/8 का स्कोर खड़ा किया।

## रायबकिना को हराकर कोलिन्स बनीं चैम्पियन



मियामी गार्डन्स, 31 मार्च। डेनिएल कोलिन्स ने मियामी ओपन टेनिस में विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज ऐलेना रायबकिना को 7-5, 6-3 से हराकर अपने घरेलू मैदान पर महिला एकल खिताब पर कब्जा किया। तीस साल की कोलिन्स आखिरी बार इस टूर्नामेंट में खेल रही है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में घोषणा की थी कि यह उनका आखिरी सत्र होगा क्योंकि वह 'एंडोमेट्रियोसिस' से पीड़ित हैं। यह एक दर्दनाक बीमारी है जो गर्भाशय को प्रभावित करती है।

स्टेडियम में आंद्रे अगासी और मार्टिना नवरातिलोवा की मौजूदगी के बीच विश्व रैंकिंग में 59वें स्थान पर काबिज कोलिन्स अपने बैकहैंड से क्रॉसकोर्ट विनर लगाने के बाद 10 सेकंड तक कोर्ट पर लेटी रही। कोलिन्स ने इस यादगार जीत के बाद कहा, " इस जीत के लिए मुझे पूरा जोर लगाना पड़ा और ऐलेना ने मैच के दौरान मेरी कड़ी परीक्षा ली। मैं आखिर में इस बात को लेकर शुक्रगुजार हूं कि उसे पछाड़ सकी।"

टूर्नामेंट की इस गैरवरीय खिलाड़ी ने कहा, " प्रशंसकों के लिए, मैंने बहुत टेनिस खेला है, कुछ फाइनल खेले हैं, लेकिन इसके करीब कुछ भी नहीं था।" कोलिन्स के करियर का यह तीसरा जबकि मास्टर्स 1000 स्तर का पहला खिताब है। वह इससे पहले सैन जोस में 2021 में चैंपियन बनीं थी।

## डेविड मिलर ने एम.एस. धोनी के क्लब में की एंट्री

नई दिल्ली, 31 मार्च। गुजरात टाइटंस (जीटी) ने रविवार को आईपीएल 2024 के 12वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज की। एसआरएच ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 163 रन का लक्ष्य रखा, जिसे जीटी ने पांच गेंद बाकी रहते चेज कर लिया। जीटी के बल्लेबाज डेविड मिलर ने शानदार पारी खेली। उन्होंने 27 गेंदों का सामना किया और नाबाद 44 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के ठोके। मिलर ने दिग्गज क्रिकेटर एमएस धोनी के एक धाकड़ क्लब में एंट्री कर ली है। दरअसल, मिलर आईपीएल में सफल रन चेज के दौरान एक हजार रन कंप्लीट करने वाले दूसरे मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज बन गए हैं। वह 1020 रन बना चुके हैं। उनसे पहले यह कारनामा सिर्फ धोनी ने अंजाम दिया। धोनी के खाते में बतौर मध्यक्रम बल्लेबाज 1155 रन हैं। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान धोनी की मौजूदा सीजन में अभी तक बैटिंग नहीं आई है। लिस्ट में तीसरे नंबर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के दिनेश कार्तिक हैं, जिन्होंने 970 रन बटोरे हैं। वहीं, पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान (924) चौथे पायदान पर हैं।

# मेजबान जे.जे.टी. युनिवर्सिटी ने के.आई.आई.टी. भुवनेश्वर को 46 रन से हराया

झुंझुनूं, 31 मार्च। अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ व श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टिबडेवाला विश्वविद्यालय के सौजन्य से आयोजित की जा रही ऑल इंडिया इंटर युनिवर्सिटी क्रिकेट (पुरूष वर्ग) चैंपियनशिप के दूसरे दिन हुए लीग मुकाबलों में मेजबान श्री जेजेटी युनिवर्सिटी झुंझुनूं ने केआईआईटी युनिवर्सिटी भुवनेश्वर को 46 रन से हराया। इसके अलावा संबलपुर युनिवर्सिटी ने सीएसएम युनिवर्सिटी कानपुर को आठ विकेट से पराजित किया। वहीं लवली प्रोफेशनल युनिवर्सिटी फगवाड़ा अपना पहला मुकाबला वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल युनिवर्सिटी जौनपुर से 6 विकेट से हार गई।

पूल ए में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नालॉजी युनिवर्सिटी (केआईआईटी) भुवनेश्वर ने पहले टॉस जीतकर मेजबान श्री जेजेटी युनिवर्सिटी को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। सलामी बल्लेबाज जतिन कादयान और अमित दलाल शुरू से ही केआईआईटी युनिवर्सिटी के गेंदबाजों पर हावी होते हुए शतकीय पारी की और 12 ओवर में स्कोर बोर्ड पर 126 रन लगा दिए। 46 गेंद पर 2 छक्के व 7 चौके की मदद से 60 रन बनाने के बाद अमित दलाल नितीश की गेंद पर विकेटकीपर विश्वजीत के हाथों स्टंप हो गए। वहीं दूसरे छोर से जतिन कादयान ने 8 छक्के, 5 चौके की मदद से 56 गेंद पर 102 रन की शानदार पारी खेली और अपना पहला व चैंपियनशिप का दूसरा शतक लगाया और अपनी टीम के स्कोर को 20 ओवर में 3 विकेट पर 198 रन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। बडे लक्ष्य का पीछा करने उतरी केआईआईटी भुवनेश्वर के सलामी बल्लेबाज प्रशांत (5) और राजेश (7) को सोनू छिक्कारा ने दो लगातार ओवर में आउट करके टीम को बैकफुट पर ला दिया। सुदर्शन व नितीश के 30-30 रन और मणितेज मोहंती के 28 रन की बदौलत मेहमान टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 152 रन ही बना सकी और मैच 46 रन से हार गई। पूल सी के मुकाबले में एलपीयू फगवाड़ा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मयंक के 25 रन और जसवीर के 18 रन की उपयोगी पारी की बदौलत 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 114 रन बनाए। जौनपुर युनिवर्सिटी की ओर से अमर चौधरी ने 4 ओवर में 15 रन देकर 3 विकेट और सौरभ ने 1 ओवर में 2 रन देकर 2 विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी वीबीएसपीयू जौनपुर ने सलामी बल्लेबाज त्रिप्रेश की 5 छक्के व 8 चौके से सजी शानदार अर्धशतकीय पारी (42 गेंद पर 82 रन) की बदौलत 14 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया और छह विकेट से जीत दर्ज की। पूल बी के मुकाबले में संबलपुर युनिवर्सिटी से टॉस हारकर छत्रपति साहू जी महाराज युनिवर्सिटी कानपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अमन (32) व उत्कर्ष (25) की उपयोगी पारी से 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 144 रन बनाए। संबलपुर युनिवर्सिटी की ओर से सुजल, वैभव और रोहित 2-2 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी संबलपुर युनिवर्सिटी की टीम ने सुजल की शानदार अर्धशतकीय पारी (नाबाद 71 रन) व मोहम्मद कैफ के 28 रन की मदद से मैच आठ विकेट से जीत लिया।



*रोम के विख्यात पैलटाइन हिल पर एक अमीर सामंत के दावत खाने की खोज हुई है जिसमें एक मोज़ैक भी है जो कि समुद्र से प्राप्त सामान से बना हुआ है। सी शैल, कोरल, सीप और इजिप्ट की नीली आभा वाली टाइल्स, मार्बल और रोमन ग्लास से बने 16 फीट लम्बे और 2,300 साल पुराने मोज़ैक में नाविक, जहाज, काल्पनिक सामुद्रिक जीव, तुरही, व त्रिशूल दर्शाए गए हैं। ऐसा लगता है कि उक्त सामंत की किसी नौसैनिक फतह की स्मृति में इसे बनाया गया था। मोज़ैक में एक पहाड़ पर चार दीवारी से घिरा कस्बा दिखाया गया है जहां से समुद्र दिखता है और समुद्र में दो जहाज हैं, एक विजेता है दूसरा पराजित। कोलोसियम आर्किओलॉजिकल पार्क की प्रमुख तथा पुरातत्व विशेषज्ञ एल्फोसीना रुसो ने कहा कि, प्राचीन काल में अमीर और ताकतवर सामंत पैलटाइन हिल पर रहते थे, उस समय शानो शौकत और रुतबा दिखाने के लिए इस तरह की साज सज्जा करवाने की प्रथा थी। उन्होंने बताया कि, सिर्फ मोज़ैक में ही नहीं, बल्कि दावत खाने से जो बगीचा नज़र आता है उसमें सीसे (लैड) के पाइपों के जरिए विभिन्न मूर्तियों व फव्वारों से पानी निकलता था, जिससे वॉटर गेम्स खेले जाते थे। मोज़ैक आमतौर पर फर्श पर मिलते हैं। लेकिन यह मोज़ैक एक पूरी दीवार पर बना है तथा बहुत अच्छी तरह से संरक्षित है। रोम की युनिवर्सिटी में मोज़ैक लैब के प्रोफेसर, मार्को रोसी ने कहा कि, सीधी खड़ी दीवार पर बना होने के कारण यह मोज़ैक मलबे के ढेर के कारण नष्ट नहीं हुआ है, जैसे जमीन पर बने मोज़ैक हो जाते हैं। रुसो व रॉसी का मत है कि, पैलटाइन हिल पर इसकी लोकेशन सीक्रेट थी और यह मिट्टी में दब गया था, इसीलिए नष्ट होने से बच गया।*

# एकजुटता के बीच एक दरार भी उजागर हुई इंडिया गठबंधन की

## अरविंद केजरीवाल का फ्लैक्स हटाने के बाद मंच पर चढ़े नेता तब जाकर शुरु हुई रैली

नई दिल्ली, 31 मार्च। इंडिया गठबंधन में शामिल दल विपक्षी एकजुटता का दावा भले कितना रहें, लेकिन दरारें कई मौकों पर साफ नज़र आ जाती हैं। लोकतंत्र बचाओ महारैली की शुरुआत में ही गठबंधन की एकता में छिपी असहमति परिलक्षित हो गई। आम आदमी पार्टी पोडियम पर सलाखों में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का फ्लैक्स लगाना चाहती थी। गठबंधन के साथ दलों के सलाह किए बगैर पार्टी नेताओं ने ऐसा कर भी दिया। लेकिन अन्य दलों के नेताओं ने इससे नाराज हो गए। आलम यह हो गया कि, जब पोडियम से फ्लैक्स हटाया गया, तभी बाकी नेता मंच पर चढ़े।

मंच पर बैठे नेताओं के बीच ऐसी ही असहज स्थिति तब भी उत्पन्न हो गई जब सुनीता केजरीवाल ने गठबंधन की सहमति के बगैर ही केजरीवाल की ओर से छः गारंटियां मंच पर पढ़कर सुनाईं। हैरत की बात यह कि, इन गारंटियों में ऐसी बातें भी जो कांग्रेस पर कटाक्ष करती थीं।

- **आप पार्टी ने ही पूरी रैली का आयोजन किया था, इसलिए पार्टी कार्यकर्ता रैली के पोडियम पर केजरीवाल को सलाखों में बंद दिखाते हुये एक फ्लैक्स लगाना चाहते थे। लेकिन विपक्षी नेताओं के विरोध के बाद इस फ्लैक्स को हटा दिया गया।**
- **केजरीवाल का फ्लैक्स देखकर कई विपक्षी नेता नाराज होकर मंच के पास ही रुक गये, जब फ्लैक्स हटाया गया तब नेता मंच पर चढ़े।**

सुनीता केजरीवाल के भाषण के प्रमुख बिंदू थे- अगले पांच साल में देश के कोने कोने में 24 घंटे और मुफ्त बिजली होगी, अच्छे स्कूल बनाएंगे, हर गांव एवं कस्बे में मोहल्ला क्लीनिक बनाएंगे, दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाएंगे तथा किसानों को स्वामीनाथन आयोग के मुताबिक एम.एस.पी. निर्धारित करके उनके फसलों के पूरे दाम दिलवाएंगे। सुनीता ने केजरीवाल का संदेश पढ़ते हुए यहां तक कह दिया कि, देश के लोगों ने 75 वर्ष से अन्याय सहा है।

यह सभी बातें और गारंटियां वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं को खासी बुरी लगी। एक पूर्व सांसद ने नाम न छापने के अनुरोध पर कहा कि, इस तरह से स्वयं का प्रचार और दूसरे का दुष्प्रचार किसी दृष्टि से सही नहीं कहा जा सकता। बाद में प्रियंका वाड्रा ने भी गठबंधन की ओर से पांच मांगे रखीं, जो मुख्यतया चुनाव आयोग से संबंधित थीं।

झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन इसलिए नाराज हो गए क्योंकि उन्हें लंबे समय तक बोलने का मौका ही नहीं दिया गया। बहुत से नेताओं ने लंबा भाषण दिया तो कुछ तो थोड़ी ही देर में टोकना भी उनको असहज करने वाला था।

## कमलनाथ ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

गठबंधन की महारैली को भी भ्रष्टाचारियों की रैली करार दिया। उन्होंने कहा कि जो नेता इस रैली में नजर आए उनके परिवार का कोई न कोई सदस्य भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में है। ये एक परिवार के दल हैं और अपनी कमाई की दुकान बंद हो जाने के डर से आंदोलन करते हैं। मोदी की सरकार में सभी संवैधानिक संस्थाएं स्वतंत्रता से कार्य कर रही हैं। बीजेपी द्वारा कांग्रेसियों की भर्ती के अभियान पर वी.डी. शर्मा ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी को समर्थन देने के लिए सभी लोग बीजेपी में आ रहे हैं। बीजेपी की राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रेरित होकर देशभर के जाने-माने लोग, मशहूर खिलाड़ी, कलाकार और प्रबुद्धजन बीजेपी में आ रहे हैं।

# ई.डी. ने तृणमूल के पूर्व सांसद की 29 करोड़ रुपये की सम्पत्ति कुर्क की

## ई.डी. ने बीचक्राफ्ट विमान, फ्लैट और हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और मध्य प्रदेश में संपत्तियों को मनी लॉण्डरिंग रोधी कानून के तहत कुर्क किया है

नई दिल्ली, 31 मार्च। लोकसभा चुनाव से पहले ई.डी. का एक्शन जारी है। केंद्रीय एजेंसी ने मनी लॉण्डरिंग मामले में बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद के.डी. सिंह की चिटफंड कंपनी अल्केमिस्ट ग्रुप के खिलाफ कार्रवाई की है।

ईडी ने कहा कि, शनिवार को पूर्व टीएमसी सांसद केडी सिंह की अध्यक्षता वाले अल्केमिस्ट ग्रुप के 29 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के बीचक्राफ्ट विमान, फ्लैट और हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और मध्य प्रदेश में संपत्तियों को मनी लॉण्डरिंग रोधी कानून के तहत कुर्क किया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक यह जांच सी.बी.आई. यूपी पुलिस और पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा दर्ज की गई कई प्राथमिकियों से संबंधित है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि, समूह ने

- **ई.डी. ने बताया कि, हरियाणा के पंचकुला में पार्श्वनाथ रॉयल प्रोजेक्ट में अलकेमिस्ट रियल्टी लिमिटेड द्वारा खरीदे गए कुल 18 फ्लैट और शिमला (ग्रामीण) और सिरमौर के क्योंथल में लगभग 250 बीघा और 78 बीघा जमीन भी कुर्क की गई है।**

अपनी कंपनियों जैसे अल्केमिस्ट होल्डिंग्स लिमिटेड और अल्केमिस्ट टाउनशिप इंडिया लिमिटेड में आम जनता से 1,800 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि झूठ बोलकर एकत्रित की। ग्रुप ने उच्च रिटर्न प्रदान करने और अपने निवेश पर उच्च ब्याज दर के अलावा फ्लैट, विला, प्लॉट देने का वादा भी किया। ईडी ने एक बयान में कहा कि, संपत्तियों को पीएमएलए के तहत कुर्क किया गया है।

ई.डी. ने एक बयान में कहा कि, इनमें एक किंग एयर सी90ए विमान, हिमाचल प्रदेश के शिमला और सिरमौर जिलों और मध्य प्रदेश के कटनी जिले में फ्लैट और जमीन शामिल है।

एजेंसी ने कहा कि, हरियाणा के पंचकुला में पार्श्वनाथ रॉयल प्रोजेक्ट में अलकेमिस्ट रियल्टी लिमिटेड द्वारा खरीदे गए कुल 18 फ्लैट और शिमला (ग्रामीण) और सिरमौर के क्योंथल में लगभग 250 बीघा और 78 बीघा जमीन भी कुर्क की गई है।

अलकेमिस्ट ग्रुप का नेतृत्व टीएमसी के पूर्व राज्यसभा सदस्य कंवर दीप सिंह कर रहे हैं। कुर्क की गई संपत्तियों की कुल कीमत 29.45 करोड़ रुपये है।

ईडी ने दावा किया कि, जांच के अनुसार, सार्वजनिक निवेशकों को कभी भी उनका पैसा नहीं लौटाया गया और धन को अलकेमिस्ट समूह की विभिन्न कंपनियों में छीन लिया गया और डायवर्ट कर दिया गया।

केडी सिंह का पूरा नाम कंवर दीप सिंह है। सिंह ममता बनर्जी की पाटी टीएमसी से पूर्व राज्यसभा सांसद रह चुके हैं। ईडी इससे पहले भी केडी सिंह के ठिकानों पर छापेमारी में कई जरूरी कागजात, विदेशी करेंसी और कैश मिला था। 2018 में ही केडी सिंह पर के तहत केस शुरू किया गया था। अल्केमिस्ट इन्फ्रा रियलटी लिमिटेड पर ई.डी. ने 2016 में केस दर्ज किया था। पहले केडी सिंह की करीब 239 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई थी, जिसमें रिजॉर्ट, शोरूम और बैंक खाते भी शामिल थे।

## 'भ्रष्टाचार और परिवार बचाओ रैली'

नई दिल्ली, 31 मार्च (वार्ता) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित इंडिया समूह की लोकतंत्र बचाओ रैली को भ्रष्टाचार और परिवार बचाओ रैली करार दिया है और कहा है कि, 'मोदी हटाओ' के लक्ष्य पर काम करने वाले विपक्ष का जनता के हित और देश का

- **भाजपा ने दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित इंडिया समूह की लोकतंत्र बचाओ रैली को भ्रष्टाचार और परिवार बचाओ रैली करार दिया है।**

विकास से कोई सरोकार नहीं है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "देश की राजनीति में पहली बार ऐसे राज्य में रैली हो रही है जहां का मुख्यमंत्री हिरासत में रहकर सरकार चला रहा है और इनका साथ देने वाली पार्टियां भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हैं।"

# एसिडिडी, गैस और एंटिबायोटिक दवाओं के नमूने फेल

## ड्रग विभाग की जांच में हिमाचल में निर्मित कई प्रतिष्ठित कंपनियों की दवाओं के नमूने फेल हुये

नई दिल्ली, 31 मार्च। ड्रग विभाग की जांच में सामने आया है कि, पेट में कब्ज, गैस और एसिडिटी को दूर करने के लिए बाजार में मौजूद दवाएं मर्ज पर बहुत कम असर कर रही हैं। एसिडिटी के इलाज के लिए बाजार में मौजूद ज्यादातर दवाओं में सॉल्ट की कमी पाई गई है। जांच में कई दवाओं के नमूने फेल पाये गये हैं।

ड्रग विभाग ने जिले में वर्ष 2023-24 में 197 दवाओं के नमूने लिए। इनमें से 144 दवाओं की रिपोर्ट विभाग को मिल चुकी है। खास बात यह है की आठ दवाओं के नमूने मानक पर खरे नहीं मिले। इन नमूनों को अधोमानक माना गया है। इनमें से चार दवाएं एसिडिटी के इलाज में प्रयोग की जाती हैं। ड्रग इंस्पेक्टर जय सिंह ने बताया कि गैस, कब्ज, खट्टी डकार के इलाज में प्रयोग किए जाने वाली दवाएं इस श्रेणी में आती हैं। विभाग की जांच में रैबीटाइम

- **ड्रग विभाग की जांच में सामने आया है कि, पेट में कब्ज, गैस और एसिडिटी को दूर करने के लिए बाजार में मौजूद दवाएं मर्ज पर बहुत कम असर कर रही हैं।**
- **एसिडिटी के इलाज के लिए बाजार में मौजूद कई दवाओं में सॉल्ट की कमी पाई गई है।**

डीएसआर, रैएबी डीएसआर, रेबिस्ट डीएसआर और राबीजोल डीएसआर के नमूने मानक पर खरे नहीं उतरे हैं। इन दवाओं के नमूने फेल हुए हैं। विभागीय लैब द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक उनके नमूनों में तय मानक से कम पावर की दवाएं मिली हैं।

ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि गैस की दवा के अलावा एंटीबायोटिक इंजैक्शन जैंटामाइसिन के नमूने फेल हुए हैं। इसे सर्जरी के दौरान दिया जाता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बिगड़ने के कारण होने वाले आटोइम्यून बीमारियों में हाइड्रोकॉर्टिसोन स्टेरॉइड इंजेक्शन दिया जाता है। यह दवा तेजी से बढ़ रही रोग प्रतिरोधक क्षमता को नियंत्रित करता है। इसका भी नमूना फेल हो गया है। हार्ट अटैक, उच्च रक्तचाप या ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों में रक्तचाप नियंत्रण के लिए दी जाने वाली टेल्गोसाल 20 एमजी का नमूना भी फेल हुआ है। एंटीबायोटिक टैबलेट सिफाडॉक्स सीवी का नमूना भी मानक के मुताबिक नहीं मिला है। 136 दावों के नमूने मानक के मुताबिक मिले हैं। अभी भी 53 दवाओं के नमूनों की रिपोर्ट विभाग को नहीं मिली है।

## आडवाणी को मिला...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और आडवाणी के परिवार के सदस्य उपस्थित थे। भारतीय राजनीति के पुरोधा आडवाणी ने सात दशकों से अधिक समय तक अटूट समर्पण और असाधारण कौशल के साथ देश की सेवा की है। वर्ष 1927 में कराची में जन्मे, आडवाणी 1947 में विभाजन की पृष्ठभूमि में भारत चले आए। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अपने दृष्टिकोण के साथ, उन्होंने पूरे देश में दशकों तक कड़ी मेहनत की और सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में परिवर्तन किया। जब आपातकाल ने भारत के लोकतंत्र को खतरे में डाल दिया था तब उनके अंदर के अदम्य योद्धा ने इसे अधिनायकवादी प्रवृत्तियों से बचाने में मदद की।

बाद में मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा , लाल कृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से समानित किये जाने के अवसर पर मौजूदा रहना बहुत विशेष है। यह सम्मान राष्ट्र की प्रगति में उनके निरंतर योगदान को पहचान देना है। जन सेवा के प्रति समर्पण और आधुनिक भारत को आकार देने में उनकी केन्द्रीय भूमिका ने इतिहास में अमिट छाप छोड़ी है। पिछले कई दशकों तक उनके साथ कार्य करने का अवसर मेरे लिए गौरव की बात है।

राष्ट्रपति सचिवालय की ओर से एक अन्य पोस्ट में कहा गया, एक सांसद के रूप में संवाद पर उनकी आस्था ने संसदीय परंपराओं को समृद्ध किया। गृह मंत्री तथा उप प्रधान मंत्री के रूप में, उन्होंने सदैव राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखा, जिससे उन्हें दलगत सीमाओं से परे जाकर लोगों ने सम्मान और प्रशंसा प्रदान की। भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए उनके लंबे और अथक संघर्ष की परिणति 2024 में अयोध्या में राम मंदिर के पुनर्निर्माण के रूप में हुई।

राष्ट्रपति ने इससे एक दिन पहले शनिवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में देश की चार विभूतियों पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर तथा महान कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर एम एस स्वामीनाथन को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया था।

## दिल्ली में विपक्ष का सहानुभूतिक गठबंधन, ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

गाने "तुम तो धोखेबाज हो..." का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसा। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा, 'तुम तो धोखेबाज हो, वादा करके भूल जाते हो, रोज-रोज मोदी जी ऐसा करोगे, जनता रूठ जाएगी तो हाथ मलोगे...।' तेजस्वी यादव ने कहा, 'रैली में जुटी भीड़ से पता चलता है कि, मोदी जी जिस तरह से आंधी की तरह आए थे, उसी तरह तूफान की तरह चले जाएंगे...हम जहां जा रहे हैं, जनता का साथ मिल रहा है... हम लोकतंत्र, संविधान और भाईचारे को बचाने के लिए एकत्र हुए हैं।' उन्होंने कहा, 'देश को बांटा जा रहा है, भाई को भाई से लड़ाया जा रहा है। इसलिए हम आपकी लड़ाई लड़ रहे हैं।' यादव ने कहा, 'लोग 400 पार का नारा लगाते हैं, वे कुछ भी बोल सकते हैं। लेकिन जनता मालिक है और जनता को तय करना है कि, कौन शासन करेगा।' उन्होंने दावा किया कि, '400 पार' का नारा ऐसे लगाया जा रहा है कि, जैसे ई.वी.एम. में पहले ही 'सेटिंग' हो चुकी है। राजद नेता ने आरोप लगाया, 'देश में अघोषित आपातकाल लागू हो चुका है। सत्ता में बैठे लोग तानाशाहीपूर्ण रवैया अपना रहे हैं, घमंडी हो गए हैं...देश में सबसे बड़ी दुश्मन बेरोजगारी और महंगाई है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, 'मोदी जी प्रियंका चोपड़ा से मिलेंगे, किसानों से नहीं मिलेंगे। मोदी जी अब बिल गेट्स को बुलाकर साक्षात्कार दे रहे हैं।' यादव ने कहा, 'हम लोग डरने वाले नहीं हैं। पिंजरे में शेर को कैद किया जाता है...कंस के राज में जब तकलीफ होती थी तो लोगों को जेल में डाल दिया जाता था।' उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, 'ये लोग यूरिया को चीनी बना देते हैं, गोबर को हलवा बना देते हैं और आंख फोड़कर चश्मा देते हैं।'

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने विपक्षी गठबंधन इंडिया की रैली में जेल से दिए अपने पति का संदेश पढ़ते हुए कहा कि, भारत माता पीड़ा में हैं और यह अत्याचार नहीं चलेगा। शीर्ष विपक्षी नेता लोकतंत्र बचाओ रैली के लिए रामलीला मैदान में एकत्र हुए। सुनीता केजरीवाल ने कहा, पिछले 75 वर्ष में दिल्ली के लोगों ने अन्याय का झेला है। अगर 'इंडिया' गठबंधन सत्ता में आता है तो हम दिल्ली को पूर्ण राज्य बनाएंगे। सुनीता केजरीवाल ने कहा, आपके अपने केजरीवाल ने जेल से आपके लिए एक संदेश भेजा है। इस संदेश को पढ़ने से पहले, मैं आपसे कुछ पूछना चाहूंगी। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरे पति को जेल में डाल दिया, क्या प्रधानमंत्री ने सही काम किया? क्या आप मानते हैं कि, केजरीवाल जी एक सच्चे देशभक्त और ईमानदार व्यक्ति हैं? ये भाजपा के लोग कह रहे हैं कि, केजरीवाल जी जेल में हैं, उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर 'तानाशाही' के विचार में विश्वास करने का आरोप लगाया और दावा किया कि, जब तक प्रधानमंत्री मोदी और उनकी विचारधारा को सत्ता से नहीं हटाया जाएगा, तब तक देश में सुख और समृद्धि नहीं आ सकती।

# प्रधानमंत्री मोदी ने उठाया कच्चातिवू द्वीप का मुद्दा

नई दिल्ली, 31 मार्च। प्र.मंत्री मोदी ने कच्चातिवू द्वीप श्रीलंका को सौंपने के फैसले को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि, कांग्रेस ने देश को बर्बाद ही किया है कांग्रेस पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर देश की अखंडता और हितों को कमजोर करने का आरोप लगाया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ये प्रतिक्रिया एक आर.टी.आई. रिपोर्ट के बाद आई थी। एक आर.टी.आई. में खुलासा हुआ है कि, कैसे तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने 1974 में कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया था।

- **प्र.मंत्री मोदी ने कच्चातिवू द्वीप श्रीलंका को सौंपने के फैसले को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि, कांग्रेस ने देश को बरबाद ही किया है।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर.टी.आई. रिपोर्ट को आंखें खोलने वाली और चौंकाने वाली बताते हुए कहा था कि, इस कदम से लोग नाराज हैं और कांग्रेस पर कभी भरोसा नहीं किया जा सकता।

## पूर्वोत्तर व बंगाल ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

बरुआ ने यह भी कहा कि बारिश और तूफान के कारण फोरकोर्ट एरिया में छत का एक हिस्सा भी टूट गया। इसके कारण पानी भी अंदर भर गया था। हालांकि किसी यात्री को कोई चोट नहीं आई है। मेघालय में भी बारिश और तूफान के कारण 200 लोग बेघर हो गये हैं।

गुवाहाटी एयरपोर्ट के सी.ए.ओ. बरुआ ने कहा कि, वे खुद हालात की जानकारी ले रहे हैं जिससे यात्रियों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि तूफान और भारी बारिश के कारण दृश्यता कम हो गई और हमें छह उड़ानें डायवर्ट करनी पड़ीं हैं। इनमें इंडिगो, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा संचालित उड़ानों को अगरतला और कोलकाता की ओर मोड़ दिया गया है। वहीं, उत्तरी पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के कुछ हिस्सों में भी बारिश और तूफान ने कहर बरपाया। तूफान के कारण यहां चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 70 लोग घायल हो गए।

अधिकारियों बताया कि, जिला मुख्यालय शहर के अधिकांश हिस्सों और पड़ोसी मैनागुरी के कई इलाकों में तेज हवाओं के कारण कई घर क्षतिग्रस्त हो गए, पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे गिर गए। सबसे अधिक प्रभावित इलाकों में राजारहाट, बरनीश, बकाली, जोरपाकडी, माधबडांगा और सप्तीबारी शामिल हैं।

# कांग्रेस को 1745 करोड़ का नया टैक्स नोटिस

## ई.डी ने दो दिन पहले 1823 करोड़ का नोटिस भेजा था, कांग्रेस पर कुल 3567 करोड़ की देनदारी निकाली

नई दिल्ली, 31 मार्च। कांग्रेस को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने नया नोटिस दिया है। इसमें 2014 से 2017 के लिए 1745 करोड़ रुपए के टैक्स की डिमांड की गई है। इस नए नोटिस के साथ कांग्रेस पर टैक्स डिमांड बढ़कर 3567 करोड़ रुपए हो गई है।

2014-15 के लिए 663 करोड़ रुपए, 2015-16 के लिए 664 करोड़ रुपए और 2016-17 के लिए 417 करोड़ रुपए का टैक्स डिमांड नोटिस कांग्रेस को भेजा गया है।

कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का दावा है कि, आयकर विभाग ने राजनीतिक दलों को मिलने वाली टैक्स रिबेट खत्म कर दी है और पूरे कलेक्शन के लिए पार्टी पर टैक्स लगा दिया है।

रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि, जांच एजेंसी ने छापे में कांग्रेसी नेताओं से जब्त डायरियों की थर्ड पार्टी को लेकर हुई एंट्रीज पर भी टैक्स लगाया है।

कांग्रेस को 2 दिन पहले यानी 29 मार्च को ही शुक्रवार को आयकर विभाग से पहला नोटिस मिला था। जिसमें करीब 1823 करोड़ रुपए का भुगतान करने कहा गया है। यह डिमांड नोटिस 2017-18 से 2020-21 के लिए है। इसमें जुर्माने के साथ ब्याज भी शामिल हैं।

कांग्रेस के सीनियर नेता विवेक तन्खा ने नये टैक्स नोटिस पर अपनी एक्स पोस्ट में लिखा- पागलपन की पराकाष्ठा है। पिछले 3 दिनों में कांग्रेस पर 3567.33 करोड़ रुपए के एस्ट्रोनॉमिकल फिगर से टैक्स की मांग हुई है। कांग्रेस मुक्त भारत के भाजपा मिशन के लिए उनके निष्ठावान राजस्व विभाग के अधिकारियों को धन्यवाद।

- **कांग्रेस नेता विवेक तन्खा ने एक्स पोस्ट में लिखा कि, कांग्रेस पर 3567 करोड़ का बकाया निकाला गया है। यह पागलपन की पराकाष्ठा है।**
- **इनकम टैक्स बकाये के नोटिस और बैंक खाते फ्रीज किये जाने के मामले में अब तक कांग्रेस की तीन याचिकायें खारिज हो चुकी हैं।**

लेकिन यह याद रखें, भारतीय मतदाताओं ने कभी भी निरंकुश आचरण का समर्थन नहीं किया है। विपक्षी दलों के बिना कोई भी लोकतंत्र संभव नहीं है।

टैक्स डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने पिछले सालों से जुड़ी टैक्स डिमांड के लिए पार्टी के खातों से 135 करोड़ रुपए पहले ही वसूल कर लिए हैं। हालांकि कांग्रेस ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की है, जिस पर सोमवार को सुनवाई हो सकती है।

कांग्रेस ने चार साल (2017-18, 2018-19, 2019-20 और 2020-21) के लिए इनकम टैक्स रीअसेसमेंट प्रोसिडिंग शुरू करने के खिलाफ याचिका दायर की थी। दिल्ली की जस्टिस यशवंत वर्मा और जस्टिस पुरुषेंद्र कौरव की बेंच ने 28 मार्च को याचिका खारिज करते हुए कहा था कि, कांग्रेस के खातों में कई बेहिसाब लेनदेन थे। इनकम टैक्स अधिकारियों के पास टैक्स असेसमेंट पर एक्शन लेने के लिए ठोस सबूत थे, इसलिए एक्शन लिया गया है।

कांग्रेस ने दिल्ली हाईकोर्ट में यह याचिका चार साल (2017-18, 2018-19, 2019-20 और 2020-21) के लिए इनकम टैक्स रीअसेसमेंट प्रोसीडिंग शुरू करने के खिलाफ दायर की थी। इससे पहले भी कांग्रेस ने 2014-15 से 2016-17 तक असेसमेंट प्रोसीडिंग को चुनौती दी थी। उसे भी कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

इनकम टैक्स बकाये के नोटिस और बैंक खाते फ्रीज किये जाने के मामले में अब तक कांग्रेस की तीन याचिकायें खारिज हो चुकी हैं। 25 मार्च को भी कोर्ट ने कांग्रेस की तीन याचिकाएं यह कहते हुए खारिज कर दी थीं कि, कांग्रेस ने मूल्यांकन पूरा होने का समय खत्म होने से कुछ दिन पहले और प्रोसिडिंग के लास्ट स्टेज में कोर्ट में अपील करने का विकल्प चुना है।

8 मार्च को कोर्ट ने इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल के आदेश को बरकरार रखा था। ट्रिब्यूनल ने 2018-19 के लिए 100 करोड़ रुपए से ज्यादा के बकाया टैक्स की वसूली के लिए कांग्रेस को जारी डिमांड नोटिस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908